अधिकतम :38°C
न्यूनतम: 25°C

82,515.14
25,141.40

98,850
1,09,000

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुजफ्फरनगर, गुरुवार 12 जून 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 150 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com आषाढ़ कृष्ण पक्ष 1 विक्रमी सम्वत् 2082 15 ज़िलहिज्जा 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



**टेस्ला चीफ मस्क ने ट्रम्प से मांगी माफी**
विस्तृत खबर देश-विदेश पर



**तिलक वर्मा ने थामा अब हैंपशायर का दामन**
विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

# देश में और भीषण गर्मी बढ़ने के आसार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** भारत के सभी प्रमुख शहर इन दिनों भीषण गर्मी से जूझ रहे हैं और आगामी दिनों में प्रचंड गर्मी होने के आसार हैं। आईपीई ग्लोबल और एसरी इंडिया के एक अध्ययन के अनुसार, मुंबई, दिल्ली, चेन्नई, हैदराबाद, सूरत, ठाणे, पटना और भुवनेश्वर जैसे शहरी क्षेत्रों में 2030 तक गर्मी के दिनों की अवधि में दोगुनी वृद्धि होने का अनुमान है।

नई दिल्ली में ग्लोबल-साउथ क्लाइमेट रिस्क सिम्पोजियम में पेश रिपोर्ट 'वेदरिंग द स्टॉर्म: मैनेजिंग मानसून इन ए वार्मिंग क्लाइमेट' आने वाले वर्षों के लिए एक गंभीर तस्वीर पेश करती है, क्योंकि भारत अब तेजी से परिवर्तनशील जलवायु के चरम से जूझ रहा है। भारत में पिछले 30 वर्षों में अत्यधिक गर्मी वाले दिनों में 15 गुना वृद्धि देखी गई, जबकि पिछले दशक में इसमें 19 गुना वृद्धि हो चुकी है। रिपोर्ट में कहा गया है कि लंबे समय तक चलने वाली ये गर्मी अब अनियमित और तीव्र वर्षा की ओर ले जा रही है, जिससे 2030 तक देश के 80 प्रतिशत जिलों में बारिश होने के आसार हैं। आईपीई ग्लोबल में जलवायु -शेष पृष्ठ दो पर



**भारत में पिछले 30 वर्षों में अत्यधिक गर्मी वाले दिनों में 15 गुना वृद्धि हुई**

## सात दिन में देश का टेंपरेचर 8.13 डिग्री बढ़ा

**नई दिल्ली।** देशभर में भीषण गर्मी का दौर जारी है। पिछले सात दिन में देशभर के तापमान में 8 से 13 डिग्री सेल्सियस तक का इजाफा हुआ है। मंगलवार को पंजाब का बठिंडा 47.6 डिग्री के साथ देश में सबसे गर्म रहा। वहीं, हरियाणा के सिरसा में मंगलवार को पारा 46.2 डिग्री दर्ज किया गया।

राजस्थान में भी गर्मी और हीटवेव का तेज असर जारी है। मंगलवार को राजस्थान के 3 शहरों का तापमान 46 डिग्री या उससे ज्यादा दर्ज किया गया। श्रीगंगानगर में 47.4 डिग्री, कोटा में 46.3डिग्री और बीकानेर में पारा 46 डिग्री दर्ज किया गया। देश के उत्तरी राज्यों- राजस्थान, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश,

**■ मप्र- राजस्थान समेत छह राज्यों में लू का अलर्ट, बठिंडा 47.6 डिग्री तापमान के साथ सबसे गर्म**

पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश में दो दिन लू का अलर्ट है। दिल्ली में मंगलवार को अधिकतम तापमान 43.8 डिग्री दर्ज किया गया, लेकिन गर्मी 47 डिग्री जैसी महसूस की गई। बुधवार को दिल्ली का तापमान 45 डिग्री के आसपास रहने की उम्मीद है। इधर, केरल में फिर से तेज बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। केरल के उत्तरी जिलों में भारी बारिश की संभावना है।

### जम्मू-कश्मीर विधानसभा में लगी आग

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर विधानसभा परिसर के लॉबी क्षेत्र में बुधवार सुबह आग लग गई। सूत्रों ने बताया कि विधानसभा कर्मचारियों द्वारा त्वरित कार्रवाई से आग पर काबू पा लिया गया। पुलिस के अनुसार बुधवार सुबह विधानसभा परिसर के लॉबी क्षेत्र में आग लग गई। इस हादसे में पूर्व राज्यपालों, मुख्यमंत्रियों और विधायकों की कुछ तस्वीरें और फर्नीचर जल गए। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि आग की लपटें देखकर विधानसभा के कर्मचारी आग बुझाने लगे। उन्होंने तेजी से कार्रवाई की और अग्निशमन यंत्रों की मदद से आग पर काबू पा लिया गया।

### बीएसएफ के जवानों को गंदगी भरा ट्रेन सेट, चार अधिकारी निलंबित

**नई दिल्ली।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों के लिए पुराना एवं गंदगी भरा ट्रेन सेट उपलब्ध कराने पर कड़ी कार्रवाई की है और चार अधिकारियों को निलंबित कर दिया गया है। श्री वैष्णव ने बुधवार को यहां पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में कहा कि इस घटना की जानकारी मिलने के चार घंटे के भीतर कार्रवाई की गई है। रैक बदलने के साथ ही इस गलती के लिए जिम्मेदार अलीपुरद्वार मंडल के चार अधिकारी निलंबित कर दिए गए हैं। सूत्रों के अनुसार निलंबित अधिकारियों में अलीपुरद्वार कोचिग डिपो के प्रभारी तथा मंडल के तीन सीनियर सेक्शन इंजीनियर शामिल हैं।

### यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा की जमानत याचिका खारिज

**हिसार।** पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में पकड़ी गई हरियाणा के हिसार की यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा को हिसार की कोर्ट से बुधवार को जोरदार झटका लगा है। हिसार की अदालत ने ज्योति मल्होत्रा को झटका देते हुए जमानत याचिका का खारिज कर डाला है। ज्योति मल्होत्रा के वकील कुमार मुकेश ने हिसार कोर्ट में जमानत याचिका लगाई थी और अपनी दलीलें कोर्ट के सामने रखी, लेकिन इसके बावजूद हिसार कोर्ट ने ज्योति की जमानत याचिका को खारिज करते हुए ज्योति मल्होत्रा को बेल देने से ही मना कर दिया।

### मतदाता सूचियां तैयार करना सबसे कठोर प्रक्रिया: ज्ञानेश

**नई दिल्ली/स्टॉकहोम।** मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने भारत में मतदाता सूची तैयार करने के काम को दुनिया की सबसे कड़ी और पारदर्शी प्रतिक्रियाओं में एक बताते हुए कहा है कि इसके लिए आयोग की ओर से परिचालित मजबूत तंत्र देश में चुनावों की विश्वसनीयता को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। श्री कुमार मंगलवार शाम स्वीडन में ईमानदारी के साथ चुनाव विषय पर स्टॉकहोम अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में उद्घाटन भाषण दे रहे थे।

### लक्ष्मण सिंह छह वर्ष के लिए कांग्रेस से निष्कासित

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने मध्य प्रदेश से पार्टी के वरिष्ठ नेता लक्ष्मण सिंह को पार्टी विरोधी गतिविधियों के कारण छह वर्ष के लिए निष्कासित कर दिया है। कांग्रेस अनुशासन समिति के सदस्य तारिक अनवर ने बुधवार को बताया कि श्री सिंह को पार्टी विरोधी गतिविधियों के कारण कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने छह वर्ष के लिए पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से तत्काल प्रभाव से निष्कासित कर दिया है। श्री सिंह गांधी परिवार के खिलाफ विवादित बयान देने के कारण पिछले कुछ समय से चर्चा में हैं।

# संत परंपरा प्राचीन, संतों ने विदेशी आक्रांताओं से लिया लोहा: योगी

## कहा: संतों ने समाज को दिखाई एकता और जोड़ने की राह

शाह टाइम्स संवाददाता

**मोरना/शुक्रताल (मुजफ्फरनगर)।** यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यहां मौजूद जनसमूह को सुरक्षा की गारंटी देते हुए कहा कि अब कोई कांधला और कैराना पलायन जैसी घटना करने की हिमाकत नहीं कर सकता है। उन्होंने कहा कि संत रविदास जी महाराज की प्रेरणा से पीएम मोदी की आगुवाई में बिना भेदभाव के समग्र विकास पर काम हो रहा है। उन्होंने सतगुरू रविदास जी महाराज समदास महाराज की स्मृति में घाट बनाने की भी घोषणा की।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को शुक्रताल स्थित संत स्वामी ज्ञान भिक्षुकदास महाराज और संत रविदास मिशन के संस्थापक अध्यक्ष सतगुरु समनदास की पुण्यतिथि पर आयोजित समागम समारोह में शिरकत करने यहां पहुंचे थे। साधु संतों को नमन करते हुए उन्होंने कहा कि सतगुरु रविदास जी महाराज ने अपनी कर्म साधना से जो प्रेरणा दी वह आज भी सम्पूर्ण देशवासियों के लिए मार्गदर्शन का कार्य कर रही है। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पूर्व की सरकारों में कांधला और कैराना जैसी घटना करने की अब कोई हिमाकत उत्तर प्रदेश में नहीं कर सकता। शुकतीर्थ सनातन धर्म का पौराणिक तीर्थ है।



**सीएम ने सतगुरु रविदास जी महाराज समदास महाराज की स्मृति में घाट बनाने की भी घोषणा की**

**योगी बोले- मन चंगा, तो कठौती में गंगा, सतगुरु रविदास जी का कथन जीवन में आंतरिक पवित्रता और निर्मलता का प्रतीक**

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि मध्यकाल में जब देश गुलामी की बेड़ियों से जकड़ा हुआ था, विदेशी आक्रांताओं द्वारा भारत की धर्म और संस्कृति को रौंदा जा रहा था, तो उस समय ज्योति के पुंज के रूप में काशी के सीरगोवर्धन में सतगुरु रविदास जी महाराज का अविर्भाव होता है। उन्होंने कर्मसाधना के माध्यम से जो प्रेरणा दी, वह आज भी देश व हर श्रद्धालु के लिए मार्गदर्शक के रूप में काम करती है। सतगुरु रविदास जी महाराज ने सामाजिक आडंबर व -शेष पृष्ठ दो पर

# न्यायिक आतंकवाद से बचना होगा

## कोर्ट को नहीं लांघनी चाहिएं अपनी सीमाएं: गवई

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) बीआर गवई ने कहा है कि भारत का संविधान सिर्फ अधिकार नहीं देता, बल्कि समाज के पिछड़े और दबे-कुचले वर्गों को ऊपर उठाने का काम भी करता है। उन्होंने यह बात ऑक्सफोर्ड यूनियन में एक प्रोग्राम के दौरान कही।

सीजेआई ने कहा कि देश में ज्यूडिशियल एक्टिविज्म की भूमिका बनी रहेगी, लेकिन इसे इतना नहीं बढ़ाना चाहिए कि यह न्यायिक आतंकवाद का रूप ले ले। उन्होंने कहा कि न्यायिक सक्रियता जरूरी है, लेकिन यह इस हद तक नहीं होनी चाहिए कि यह न्यायिक आतंकवाद का रूप ले ले। कई बार ऐसा होता है कि न्यायपालिका ऐसे क्षेत्रों में घुस जाती है, जहां उसे नहीं जाना चाहिए। सीजेआई ने कहा कि न्यायपालिका को मर्यादा में रहकर हस्तक्षेप करना चाहिए। जब विधायिका और कार्यपालिका नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करने में असफल रहती हैं, तब न्यायपालिका को हस्तक्षेप करना पड़ता है, लेकिन इस हस्तक्षेप की सीमा और मर्यादा होनी चाहिए। भारत में कई दशक पहले लाखों नागरिकों को अछूत कहा जाता था। उन्हें अशुद्ध बताया जाता था। कहा जाता था कि वे इस जाति के नहीं हैं। उन्हें बताया जाता था कि वे अपनी बात खुद नहीं कह सकते, लेकिन आज हम यहां हैं, जहां उन्हीं लोगों से संबंधित एक व्यक्ति देश की न्यायपालिका के सर्वोच्च पद पर आसीन होकर खुलकर बोल रहा है।

**न्यायपालिका को मर्यादा में रहकर हस्तक्षेप करना चाहिए**

**भारतीय संविधान दबे-कुचलों को ऊपर उठाने का काम करता है**

**मुख्य न्यायाधीश ने ऑक्सफोर्ड यूनियन में एक प्रोग्राम को किया संबोधित**



### सीएए को चुनौती: सुप्रीम कोर्ट ने की पाकिस्तानी नागरिक की याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने नागरिकता (संशोधन) अधिनियम (सीएए) के कुछ प्रावधानों की संवैधानिकता को चुनौती देने वाले एक पाकिस्तानी नागरिक की याचिका बुधवार को खारिज कर दी। न्यायमूर्ति पीके मिश्रा और न्यायमूर्ति मनमोहन की अंशकालीन कार्य दिवस पीठ ने दीर्घकालिक वीजा पर गोवा में रह रहे जूड मेंडेस की इस याचिका पर विचार करने से इन्कार कर दिया, लेकिन इस मामले में बम्बई उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाने की उन्हें अनुमति दी। पीठ के समक्ष याचिकाकर्ता के अधिवक्ता ने दलील देते हुए कहा कि मैं (जूड मेंडेस) 2014 के बाद भारत आया हूं। मैं एक ईसाई पाकिस्तानी नागरिक हूं। मैं सीएए के प्रासंगिक प्रावधानों की संवैधानिकता को चुनौती दे रहा हूं। इस पर अदालत ने कहा कि बम्बई उच्च न्यायालय के समक्ष जाएं।

# विधायक नाहिद हसन दोषमुक्त करार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सहारनपुर।** उप्र में सहारनपुर की एमपी-एमएलए कोर्ट ने सरकारी काम में बाधा डालने समेत कई मामलों के आरोपी कैराना विधायक नाहिद हसन को दोषमुक्त करार दिया है।

विधायक नाहिद हसन के वकील जानिसार ने बुधवार को बताया कि कोर्ट ने पत्रावलियों पर आए साक्ष्यों और गवाहों को सुनने के बाद नाहिद हसन को आरोपमुक्त किया है। उन्होंने बताया कि अप्रैल 2012 में एक मामले में नाहिद हसन ने थाना सरसावा का घेराव किया था और सरकारी काम में बाधा डालने, सड़क पर जाम लगाने आ सांप्रदायिक सौहार्द्र बिगाड़ने के आरोप पुलिस ने उन और उनके समर्थकों पर लगाए थे। फैसले के दौरान विधायक नाहिद हसन खुद कोर्ट में उपस्थित थे।

**■ एमपी-एमएलए कोर्ट ने दी सपा विधायक को राहत**

# केरल हाईकोर्ट का प्रियंका को नोटिस

कोच्चि, वार्ता

**केरल हाईकोर्ट ने** बुधवार को कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा को नोटिस जारी किया है। इसमें वायनाड लोकसभा सीट पर उपचुनाव में उनकी जीत को चुनौती देने वाली याचिका पर जवाब मांगा है। याचिका भाजपा नेता नव्या हरिदास की ओर से दायर की गई है।

उन्होंने वायनाड सीट पर प्रियंका के खिलाफ चुनाव लड़ा था। नव्या का आरोप है कि प्रियंका ने अपने नॉमिनेशन फॉर्म में अपनी और परिवार की संपत्तियों की जानकारी सही नहीं दी। नव्या ने दावा किया कि प्रियंका गांधी ने जानबूझकर संपत्ति छिपाई, ताकि चुनाव परिणाम प्रभावित हो। यह भ्रष्ट आचरण (करप्ट प्रैक्टिस) की कैटेगरी में आता है। झूठी जानकारी देकर प्रियंका ने आचार संहिता का भी उल्लंघन किया है। याचिका पर अगली सुनवाई अगस्त में होगी। चुनावी हलफनामे में प्रियंका गांधी ने 12 करोड़ रुपये से ज्यादा की संपत्ति घोषित की थी। उनके पास 4.24 करोड़ रुपये की चल और 7.74 करोड़ रुपये की अचल संपत्तियां हैं। प्रियंका ने पति रॉबर्ट वाड्रा की संपत्ति का भी ब्योरा दिया था। वाड्रा के पास कुल 65.54 करोड़ रुपये की संपत्ति है। इसमें 37.9 करोड़ रुपये की चल और 27.64 करोड़ रुपये की अचल संपत्तियां है।



**■ वायनाड सीट पर जीत को चुनौती देने वाली याचिका पर जवाब मांगा, संपत्ति छिपाने का आरोप**

# बहुप्रतीक्षित एक्सिओम-04 का प्रक्षेपण फिर टला

बेंगलुरु, वार्ता

**बहुप्रतीक्षित एक्सिओम**-04 मिशन के प्रक्षेपण की तारीख एक बार फिर आगे बढ़ा दी गई है। प्रक्षेपण तैयारियों के दौरान तकनीकि विसंगतियों का पता चलने के बाद 11 जून को प्रस्तावित प्रक्षेपण को स्थगित कर दिया गया है।

इसरो ने यहां बताया कि प्रक्षेपण से पहले प्रोटोकॉल के तहत इसके प्रदर्शन को सफल करने के लिए 'लॉन्च पैड' पर फाल्कन 9 प्रक्षेपण वाहन के बूस्टर चरण का सात सेकंड का 'हॉट टेस्ट' किया गया। इस महत्वपूर्ण परीक्षण के दौरान इंजीनियरों ने रॉकेट के प्रोपल्शन में लिक्विड ऑक्सीजन के रिसाव का पता लगाया। इसरो के अध्यक्ष डा. वी. नारायणन ने कहा कि इसे ठीक करने के बाद मिशन की नई तारीख की घोषणा की जाएगी।

**■ प्रक्षेपण तैयारियों के दौरान तकनीकी विसंगतियों का पता चलने के बाद लिया फैसला**

# पीएम से मिलने वाले मंत्रियों का RT-PCR टेस्ट होगा

## देश में कोरोना के एक्टिव केस 7000 के पार, अब तक 74 लोगों की मौत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** देश में कोरोना वायरस के केसों और मौतों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। इसी को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने वाले सभी मंत्रियों के लिए आरटी-पीसीआर टेस्ट कराना अनिवार्य कर दिया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स में सरकारी सूत्रों के हवाले से यह जानकारी सामने आई है।

देशभर में कोरोना के एक्टिव केसों की संख्या 7121 पहुंच गई है। बीते 24 घंटे में 300 से ज्यादा नए मामले सामने आए हैं। केरल में सबसे ज्यादा 2223 केस हैं। इसके बाद गुजरात में 1223, दिल्ली में 757 और पश्चिम बंगाल में 747 पॉजिटिव मरीज हैं।

**रोज 350+ नए मामले आ रहे सामने**

स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, कोरोना के नए वैरिएंट से 74 मौतें हुई हैं। मंगलवार को 6 लोगों ने जान गंवाई। इनमें केरल में 3, कर्नाटक में 2 और महाराष्ट्र में एक मौत हुई है। बीते 10 दिन में 3000 नए मामले सामने आए हैं, वहीं 40 मरीजों की मौत हुई है। हर दिन 350 से ज्यादा नए केस दर्ज हो रहे हैं। केरल के स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि कोरोना का नया वैरिएंट बुजुर्गों और दूसरी बीमारियों वाले मरीजों के लिए ज्यादा खतरनाक है।



### भारत ने 11 साल में पार किए कई मील के पत्थर: भाजपा

**नई दिल्ली।** सरकार ने पीएम मोदी के नेतृत्व में सभी वर्गों के विभिन्न क्षेत्रों में पिछले 11 वर्षों में हासिल किए गए विकासात्मक मील के पत्थरों की एक श्रृंखला का प्रदर्शन किया।

भाजपा की ओर से आयोजित एक कार्यक्रम में केंद्रीय सूचना प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने राजग सरकार की उपलब्धियों के बारे में मीडिया के सामने एक घंटे तक प्रस्तुति दी। इस बात पर जोर देते हुए कि 2014 में मोदी सरकार के सत्ता संभालने से पहले ऐसी प्रगति कभी नहीं देखी गई थी। इस कार्यक्रम में पार्टी कार्यकर्ताओं के अलावा भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय मंत्री अमित शाह, राजनाथ सिंह, निर्मला सीतारमण और नितिन गडकरी, सहित विभिन्न प्रवक्ताओं ने भाग लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री वैष्णव ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में सरकार ने न केवल आर्थिक परिवर्तन की दिशा में काम किया है, बल्कि नागरिकों के जीवन स्तर को बढ़ाने के लिए लाखों लोगों के सशक्तिकरण के लिए भी काम किया है और देश की सुरक्षा में सुधार किया है।



## अपहरण के बाद हत्या मामलों में लापरवाही बरतने पर अदालत सख्त

# हाईकोर्ट ने लगाई यूपी पुलिस को फटकार

**प्रयागराज, वार्ता**

इलाहाबाद हाई कोर्ट ने अपहरण के बढ़ते मामलों पर पुलिस को उसकी जिम्मेदारी न निभाने के लिए नाराजगी जाहिर की है और पुलिस को इन मामलों पर सख्ती से निपटने के लिए आदेश दिए हैं। हाईकोर्ट ने पुलिस की लाप. रवाही पर सवाल खड़े कर दिए हैं जिस तरह से लगातार अपहरण के मामले दिन प्रतिदिन बढ़ते जा रहे हैं और अपहरण के मामलों में पुलिस खोजबीन तक नहीं कर पाती है।

कोर्ट ने कहा अपहरण के मामलों में अपहरणकर्ता की ही हत्या हो जाती है, तो सबसे पहले पुलिस की को अपनी जिम्मेदारी तय करना चाहिए और इसी के अधिकार क्षेत्र में केस दर्ज किया जाना चाहिए। इलाहाबाद हाई कोर्ट की तरफ से पुलिस के लिए यह भी कहा गया है कि पुलिस अधिकारी हमेशा बड़ी छवि बनाने की कोशिश में दिखते हैं, लेकिन वह किसी भी तरीके से शिकायतों पर बिल्कुल भी ध्यान नहीं देते। अगर किसी वजह से अपहर्त व्यक्ति का पता नहीं लगता है, तो इसके लिए पुलिस की प्रमुख जिम्मेदारी तय की जानी चाहिए। वाराणसी से जुड़े मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सख्त टिप्पणी की है। इस दौरान नितेश कुमार की याचिका की सुनवाई करते हुए कोर्ट ने कहा यह पहला मामला नहीं है, जब लापता लोगों का पता नहीं चल पाया है। हमने कई बार देखा है कि पुलिस खुद शिकायतों को प्राप्त करने और उन पर ध्यान देने से बचती रहती है। याची का भाई 31 मार्च 2025 से लापता है। कथित तौर पर उसका अपहरण कर लिया गया है,जिसके बाद 3 अप्रैल 2025 को शिकायत दर्ज की गई थी, लेकिन पुलिस अभी तक इस मामले में कोई कड़ी कार्रवाई नहीं कर पाई है। इस मामले में अधिकारियों की कोई व्यक्तिगत जिम्मेदारी तय नहीं की जाती है। यही कारण है कि कई बार अपहरण किए गए व्यक्ति की हत्या हो जाती है। इस मामले की सुनवाई करते हुए हाई कोर्ट ने वाराणसी के पुलिस आयुक्त से हलफनामा तलब किया है और 12 जून को सुनवाई की तारीख को निर्धारित किया गया है।



■ कहा-मामले दिन प्रतिदिन बढ़ते जा रहे और पुलिस खोजबीन तक नहीं कर पाती यूपी पुलिस को अपनी जिम्मेदारी तय करनी चाहिए

### पिछड़ा वर्ग आयोग करेगा दुष्कर्म प्रकरण की जांच, 13 जून को कौशांबी जाएगा

**कौशांबी।** जनपद के सैनी थाना क्षेत्र में बच्ची से कथित दुष्कर्म और इसके बाद हुई घटनाओं को लेकर अब राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग ने इस प्रकरण की जांच कराने का निर्णय लिया है। आयोग 13 जून को एक प्रतिनिधिमंडल पीड़ित पक्ष से मिलने और घटनास्थल का निरीक्षण करने के लिए भेजेगा। 28 मई को सैनी थाना क्षेत्र की एक बच्ची की ओर से सिद्धार्थ नाम के युवक के खिलाफ दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कराया गया था। इसके बाद आरोपी को जेल भेज दिया गया, लेकिन 4 जून को आरोपी के पिता रामबाबू तिवारी ने बेटे को झूठा फंसाए जाने का आरोप लगाते हुए जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। इस घटना के बाद मामला और ज्यादा संवेदनशील हो गया।

### बटला हाउस में जारी रहेगी तोड़फोड़

**नई दिल्ली।** दिल्ली के बटला हाउस में प्रस्तावित तोड़फोड़ के खिलाफ आम आदमी पार्टी के विधायक अमानतुल्लाह खान को दिल्ली हाईकोर्ट से बड़ा झटका लगा है। कोर्ट ने उनकी जनहित याचिका को खारिज करते हुए तोड़फोड़ पर रोक लगाने से इन्कार कर दिया। हाईकोर्ट ने साफ कहा कि यह मामला जनहित याचिका के तौर पर नहीं सुना जा सकता। जस्टिस गिरीश कठपालिया और जस्टिस तेजस करिया की डिविजन बेंच ने कहा कि हमें लगता है कि यह याचिका पीड़ितों द्वारा उठाई जानी चाहिए। कोर्ट ने अमानतुल्लाह खान को आदेश दिया कि प्रभावित लोग तीन दिन के भीतर संबंधित प्राधिकरण के सामने अपनी याचिका दायर करें। अमानतुल्लाह खान की ओर से सीनियर वकील सलमान खुर्शीद ने कोर्ट में दलील दी कि दिल्ली विकास प्राधिकरण सुप्रीम कोर्ट के आदेश की अवहेलना कर रहा है। उन्होंने कहा कि डीडीए ने खसरा नंबर 279 के दायरे से बाहर के मकानों को भी तोड़फोड़ का नोटिस दे दिया है। खुर्शीद ने इसे जनरल नोटिस बताते हुए कहा कि यह नोटिस बिना व्यक्तिगत जानकारी के जारी किए गए जो प्रभावित लोगों के लिए एक तरीके से अन्याय है। सलमान खुर्शीद ने कोर्ट से अनुरोध किया कि अगर इसे जनहित याचिका के तौर पर नहीं सुना जा सकता, तो इसे रिट पिटीशन के रूप में स्वीकार कर उचित बेंच के सामने सूचीबद्ध किया जाए। साथ ही उन्होंने सात दिन की मोहलत मांगी।

## यूपी के 44 जिलों में करेंगे किसान इनोवेटिव खेती

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

■ किसानों को ग्रीन हाउस और पॉली हाउस जैसी संरक्षित खेती की सुविधा प्रदान की जा रही

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने क्रॉप प्रोडक्शन टेक्नोलॉजी में समय के साथ बदलाव कर किसानों को आधुनिक खेती के लिए तैयार किया है। इसके तहत अब ग्रीन हाउस और पॉली हाउस जैसी तकनीकों को प्रोत्साहित किया जा रहा है, जिससे किसान ऑफ सीजन में भी पौष्टिक सब्जियां और अनाज की फसलें उगा सकें।

लखनऊ, बहराइच, सुल्तानपुर, बाराबंकी, सीतापुर, अमेठी समेत 44 जिलों के किसान अब इस तरह का बदलाव लाने जा रहे हैं। अधिकृत सूत्रों ने बुधवार को बताया कि प्रदेश के 44 जिलों में किसानों को ग्रीन हाउस और पॉली हाउस जैसी संरक्षित खेती की सुविधा प्रदान की जा रही है। इनमें से 24 जिलों में ग्रीन हाउस बनकर तैयार हो चुके हैं, जबकि 20 जिलों में तेजी से निर्माण कार्य किए जा रहे हैं। योगी सरकार का उद्देश्य है कि हर मौसम में किसान बेहतर उत्पादन कर सकें और बाजार में ताजे उत्पाद उपलब्ध करा सकें। कृषि अवसंरचना निधि योजना के अंतर्गत ये सभी विकास कार्य कराए जा रहे हैं। इसके साथ ही इस पर सब्सिडी भी दी जा रही है। ग्रीन हाउस और पॉली हाउस टेक्नोलॉजी से खेती करने पर मौसम की मार से फसलों को सुरक्षा मिलती है। किसान अब सर्दी, गर्मी और बरसात हर मौसम में टमाटर, मिर्च, शिमला मिर्च, खीरा, बीन्स जैसी पौष्टिक सब्जियां और अनाज की खेती कर सकते हैं। इससे न केवल उत्पाद की गुणवत्ता बेहतर होती है बल्कि बाजार मूल्य भी अधिक मिलता है। इसी उद्देश्य से अब तक 37 ग्रीन हाउस पूरी तरह से तैयार हो चुके हैं, जो उत्पादन के लिए तैयार हैं। इसके अलावा 29 ग्रीन हाउस निर्माणाधीन हैं, जिन्हें जल्द पूरा कर लिया जाएगा। योजना के अंतर्गत किसानों को ग्रीन हाउस व पॉली हाउस निर्माण के लिए सरक. ारी अनुदान दिया जा रहा है। साथ ही उन्हें तकनीकी प्रशिक्षण और मार्गदर्शन भी दिया जा रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### राहुल ने वंचित समुदाय के बच्चों की शिक्षा को लेकर मोदी को लिखा पत्र

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर वंचित वर्ग के बच्चों की शिक्षा को निर्वाध रूप से जारी रखने के लिए जरूरी कदम उठाने की मांग की है। गांधी ने 10 जून को श्री मोदी को लिखे पत्र में कहा कि वंचित समुदायों के 90 प्रतिशत छात्रों के लिए शिक्षा के अवसर में बाधाएं आ रही हैं और ये बच्चे निर्वाधरूप से अपनी शिक्ष हासिल नहीं कर पा रहे हैं। उन्होंने दलित, आदिवासी, आर्थिकरूप से कमजोर तथा पिछड़ा वर्गों और अल्पसंख्यक समुदायों के छात्रों के लिए आवासीय छात्रावासों की बहुत खराब स्थिति को वर्गों के छात्रों की शिक्षा में बाधक बताया है। हाल की अपनी बिहार यात्रा के दौरान दरभंगा के अम्बेडकर छात्रावास का जिक्र करते हुए उन्होंने बताया कि वहां छह-सात छात्रों को एक कमरे में ठूंसकर रखा जाता है। छात्रावास में बहुत गंदे शौचालय, असुरक्षित पीने का पानी, भोजन की अव्यवस्था और शैक्षणिक संसाधनों के अभाव जैसे गंभीर हालात हैं।

### भारत की बात पहले दुनिया गंभीरता से सुनती थी: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि पहले भारत की अपनी विदेश नीति रही है और हमारी बात दुनिया गंभीरता से सुनती थी लेकिन आज हालात यह है कि पहलगाम आतंकवादी हमले पर दुनिया इस घटना की आलोचना तो करती है लेकिन कोई भारत के साथ खड़ा नहीं हुआ है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता तथा छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बुधवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू के कार्यकाल से लेकर डॉ. मनमोहन सिंह के कार्यकात तक इस नीति में कभी कोई परिवर्तन नहीं आया, जिसके कारण पूरी दुनिया के लोग भारत की आवाज को गंभीरता से सुनते भी थे और जुड़ते भी थे। उन्होंने कहा कि आज हालात एकदम बदल गए हैं। हालात यह है कि पहलगाम आतंकवादी हमला हुआ है। इस आतंकवादी घटना की पूरी दुनिया ने आलोचना तो की है लेकिन इस घटना को लेकर कोई देश हमारे साथ खड़ा नहीं हुआ।

### वोट नहीं देने पर हत्या छह को उम्रकैद

**आगरा।** आगरा की अदालत ने 20 साल बाद उन 6 दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है, जिन्होंने अपने पसंदीदा उम्मीदवार को वोट देने से इन्कार करने वाले एक व्यक्ति की हत्या कर दी थी। इनके नाम जितेंद्र सिंह, बबलू सिंह, पवन सिंह, सत्तू सिंह, गिर्राज सिंह, गोविंद सिंह और बलबीर सिंह हैं और मृतक की पहचान धर्मपाल के रूप में हुई थी। जनपद के लाडम मनखेड़ा में पंचायत चुनाव के दौरान 35 वर्षीय धर्मपाल और उनके भाई धर्मवीर को कुछ लोगों ने उनके पसंदीदा उम्मीदवार को वोट देने के लिए कहा था।

## 1680 दिव्यांगों को मिल रही निशुल्क शिक्षा

### उत्तर प्रदेश में सोलह विशेष विद्यालय संचालित किए जा रहे

**लखनऊ, वार्ता**

■ मेरठ, बांदा में बालकों व सहारनपुर में बालिकाओं के लिए स्कूलों का संचालन

उत्तर प्रदेश में दिव्यांगजनों के लिए विशेष विद्यालयों के संचालन की योजना के तहत 16 विशेष विद्यालय संचालित किए जा रहे हैं, जिनकी कुल छात्र क्षमता 2040 है। इन विद्यालयों में वर्तमान में 1680 दिव्यांग बच्चे पढ़ाई कर रहे हैं।

योजना के तहत दिव्यांगता की विभिन्न श्रेणियों के अनुरूप अलग-अलग विद्यालय स्थापित किए गए हैं। 'प्रयास विद्यालय' चलन-बाधित दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए प्रतापगढ़ और लखनऊ में हाई स्कूल स्तर तक संचालित किए जा रहे हैं, जिनकी कुल छात्र क्षमता 100 है। वहीं मानसिक मंदता से प्रभावित बच्चों के लिए 'ममता विद्यालय' प्रयागराज में बालकों और लखनऊ में बालिकाओं के लिए जूनियर हाई स्कूल स्तर तक चल रहे हैं, जिनकी क्षमता भी 100 है। मूक-बधिर बच्चों के लिए सरकार 'संकेत विद्यालय[ का संच. ालन कर रही है जो आगरा, लखनऊ, बरेली, फर्रुखाबाद और गोरखपुर में संचालित हैं, जहां आगरा में हाई स्कूल और बाकी जगह जूनियर हाई स्कूल स्तर की पढ़ाई होती है। इनकी कुल क्षमता 790 है। दृष्टिबाधित बच्चों के लिए 'स्पर्श विद्यालय' लखनऊ और गोरखपुर में बालक-बालिकाओं के लिए एक-एक , मेरठ और बांदा में बालकों के लिए और सहारनपुर में बालिकाओं के लिए संचालित हैं। इनकी कुल छात्र क्षमता 1050 है। इन सभी विद्यालयों में विशेष शिक्षकों और संसाधनों के जरिए बच्चों को उनकी जरूरत के अनुरूप शिक्षा दी जा रही है, ताकि वे अपनी क्षमताओं को पहचान सकें और समाज में अपनी जगह बना सकें। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का मानना है कि दिव्यांग बच्चों की शिक्षा और उनके सशक्तीकरण के जरिए एक समावेशी समाज का निर्माण कर सकते हैं। यही वजह है कि इन विशेष विद्यालयों के माध्यम से दिव्यांग बच्चों के न केवल शिक्षा बल्कि समग्र विकास पर जोर दिया जा रहा है। इन स्कूलों में पढ़ने वाले 1680 बच्चों के लिए विशेष प्रशिक्षण, सहायक उपकरण और अनुकूल माहौल भी उपलब्ध कराया जा रहा है।

### राजा के घर पहुंचा सोनम का भाई मांगी माफी

**इंदौर।** पिछले कुछ दिन से देश भर में सुर्खियों में बने मध्यप्रदेश के इंदौर के राजा रघुवंशी हत्याकांड मामले में बुधवार को मुख्य आरोपी सोनम का भाई राजा के घर पहुंचा और उसके परिवार से माफी मांगी। सोनम का भाई गोविंद आज दोपहर राजा रघुवंशी के घर पहुंचा और दिवंगत राजा की मां समेत पूरे परिवार से माफी मांगी। इस दौरान राजा के भाई विपिन रघुवंशी समेत सभी अन्य परिजन भी उपस्थित रहे। इस मुलाकात के बाद सोनम के भाई गोविंद ने संवाददाताओं से कहा कि अब तक जो सबूत मिल रहे हैं, उनके हिसाब से ये हत्या सोनम ने ही की है। उसी ने ये काम किया है और उससे करवाया गया है। उन्होंने कहा कि इस मामले में सभी आरोपी राज कुशवाह से ही जुड़े हुए हैं।

## एलजी ने सिन्हा ने किए अमरनाथ गुफा के दर्शन

**श्रीनगर, वार्ता**



■ प्रथम पूजा के साथ यात्रा की औपचारिक शुरुआत की

जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने बुधवार को वार्षिक श्री अमरनाथ जी यात्रा की औपचारिक शुरुआत करते हुए पवित्र गुफा में 'बाबा बर्फानी' के दर्शन किए।

अड़तीस दिवसीय वार्षिक अमरनाथ यात्रा इस साल तीन जुलाई से नौ अगस्त तक चलेगी। श्री सिन्हा ने 'एक्स' पर अपनी पोस्ट में कहा कि हर हर महादेव। बाबा बर्फानी के दर्शन किए और पवित्र गुफा में 'प्रथम पूजा' के साथ वार्षिक श्री अमरनाथ जी यात्रा की औपचारिक शुरुआत की। बाबा अमरनाथ जी हम सभी पर अपना दिव्य आशीर्वाद बनाए रखें। मैं बाबा बर्फानी के सभी भक्तों से अनुरोध करता हूं कि वे पवित्र यात्रा के लिए बड़ी संख्या में आएं तथा जम्मू कश्मीर और देश की प्रगति के लिए महादेव से प्रार्थना करें। उन्होंने कहा कि श्री अमरनाथ श्राइन बोर्ड (एसएएसबी) और प्रशासन ने तीर्थयात्रियों की सुविधाओं में सुधार किया है तथा जम्मू-कश्मीर पुलिस, सेना, सीआरपीएफ और सीएपीएफ ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं। पुलिस और अद्र्धसैनिक बल तीन जुलाई से शुरू होने वाली सुरक्षित तीर्थयात्रा के लिए पूरी निष्ठा, समर्पण, सहयोग और स्पष्ट उद्देश्यों के साथ काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर के लोगों, नागरिक समाज और सभी सेवा प्रदाताओं का अमूल्य योगदान हमेशा असाधारण रहा है। मुझे पूरा विश्वास है कि सुविधाओं और सेवाओं में महत्वपूर्ण सुधार यह सुनिश्चित करेंगे कि इस वर्ष की तीर्थयात्रा सभी भक्तों के लिए यादगार और आध्यात्मिक रूप से संतुष्टिदायक हो। इससे पहले उपराज्यपाल ने मध्य कश्मीर के गंदेरबल जिले के बालटाल में श्री अमरनाथ जी श्राइन बोर्ड के आपदा प्रबंधन और यात्री निवास परिसर का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यों की प्रगति का पता लगाया और अधिकारियों को तीर्थयात्रियों के लिए सुविधाएं बढ़ाने के लिए विकसित की जा रही बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को समय पर पूरा करने के निर्देश दिए।

## अर्थ व्यापार

### लिवाली के बल पर शेयर बाजार में लौटी तेजी

**मुंबई, वार्ता**

वैश्विक स्तर से मिले सकारात्मक संकेतों के साथ ही घरेलू स्तर पर तेल एवं गैस, टेक, आईटी, एनर्जी जैसे क्षेत्रों में हुई लिवाली के बल पर शेयर बाजार में तेजी रही जिससे बीएसई का संसेक्स और एनएसई का निफ्टी कल की गिरावट से उबरकर बुधवार को बढ़त बनाने में सफल रहा। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 123.42 अंक बढ़कर 82515.14 अंक पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 37.15 अंक उठकर 25141.40 अंक पर रहा। इस दौरान छोटी कंपनियों में



लिवाली देखी गई जबकि मझौली कंपनियों में बिकवाली का दबाव रहा। बीएसई का मिडकैप 0.12 प्रतिशत उतरकर 46532.22 अंक पर रहा जबकि स्मॉलकैप 0.06 प्रतिशत की बढ़त बनाकर 54281. 27 अंक पर रहा। इस दौरान बढ़त में रहने वाले समूहों में तेल एंव गैस 1. 83 प्रतिशत, एनर्जी 1.33 प्रतिशत, आईटी 1.25 प्रतिशत, फोक्सड आईटी 1.30 प्रतिशत और टेक 1. 01 प्रतिशत शामिल है। गिरावट में रहने वालों में यूटिलिटीज 0.76 प्रतिशत, एफएमसीजी 0.56 प्रतिशत, पावर 0.81 प्रतिशत और सर्विसेस 0.45 प्रतिशत प्रमुखता से शामिल है। बीएसई में कुल 4180 कंपनियों में कारोबार हुआ जिसमें से 2227 हरे निशान में और 1821 लाल निशान में रही जबकि 132 में कोई बदलाव नहीं हुआ। वैश्विक स्तर पर अधिकांश प्रमुख सूचकांक हरे निशान में रहा। ब्रिटेन का एफटीएसई 0.13 प्रतिशत, जर्मनी का डैक्स 0.34 प्रतिशत, जापान का निक्केई 0.13 प्रतिशत, हांगकांग का हैंगसेंग 0.84 प्रतिशत और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.52 प्रतिशत की बढ़त में रहा।

### ललितपुर में सैकड़ों चमगादड़ों की मौत

**ललितपुर।** उत्तर प्रदेश के ललितपुर में भीषण गर्मी के चलते बुधवार को सैकघें चमगादड़ों की मौत हो गई।

विकास खंड व कोतवाली तालबेहट क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सेरवास कलां में एक बरगद के पेड़ के नीचे सैकड़ों चमगादड़ मृत पाए गए। सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंच कर जांच की और पाया गया कि चमगादड़ों की मौत अत्यधिक गर्मी के कारण हुई है। वन विभाग की एसडीओ शीरीन सिद्दीकी के ने बताया कि चमगादड़ और राष्ट्रीय पक्षी मोर पर गर्मी का प्रभाव जल्दी पड़ता है व चमगादड़ों की मौत अत्यधिक गर्मी के कारण हुई है।

### चुनिंदा दालों में तेजी, खाद्य तेल रहे नरम

**नई दिल्ली, वार्ता**

विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर आज आवक बढ़ने से खाद्य तेलों में भारी गिरावट देखी गई, जबकि मांग निकलने से चुनिंदा दाल दलहन में तेजी रही। इस दौरान मीठे के बाजार में टिकाव रहा। तेल-तिलहन : पाम ऑयल का जून वायदा 40 रिंगिट उतरकर 3880 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। वहीं, जून का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.15 सेंट की तेजी के साथ 47.53 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में मूंगफली तेल 220 रुपये प्रति क्विंटल, सूरजमुखी तेल 512 रुपये प्रति क्विंटल, सोया रिफाइंड 147



रुपये प्रति क्विंटल, पाम ऑयल 1099 रुपये प्रति क्विंटल और वनस्पति तेल 365 रुपये प्रति क्विंटल की नरमी देखी गई।

गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। दाल-दलहन: दाल-दलहन के बाजार में चुनिंदा दाल दलहनों में तेजी रही। इस दौरान मूंग दाल 100 रुपये प्रति क्विंटल, उड़द दाल 100 रुपये प्रति क्विंटल और अरहर दाल 100 रुपये प्रति क्विंटल उबल गई जबकि चना, चना दाल और मसूर दाल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

दाल-दलहन : चना 5700-5900, दाल चना 6700-6800, मसूर काली 7500 -7600, मूंग दाल 9600-9700, उड़द दाल 9300-9400, अरहर दाल 8700-8800 रुपये प्रति क्विंटल रहे। अनाज : गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपये और चावल 3650-3750 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़ : चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4500-4600, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4400-4500 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**देश में...**

प्रमुख अविनाश मोहंती ने चेतावनी देते हुए कहा कि परिवर्तन की गति और पैमाने अभूतपूर्व हैं। हम देख रहे हैं कि मानसून लंबी गर्मियों जैसी स्थितियों में बदल रहा है, जिससे बारिश अप्रत्याशित रूप से बढ़ रही है। इस स्थिति को संभालना मुश्किल है और इससे उबरना और भी मुश्किल है। वर्ष 2030 तक टियर-1 और टियर-2 के 72 प्रतिशत शहरों में बार-बार गर्मी, भयंकर बारिश, बिजली के तूफान और यहां तक कि ओलावृष्टि भी होने का अनुमान है। यहां लगभग 70 प्रतिशत लोगों को मानसून के दौरान भी गर्मी जैसी स्थितियों का ही सामना करना पड़ सकता है। यह प्रतिशत वर्ष 2040 तक 79 प्रतिशत तक हो सकता है। अध्ययन में कहा गया है कि गुजरात, राजस्थान, तमिलनाडु, ओडिशा, महाराष्ट्र, हिमाचल प्रदेश और अन्य राज्यों को गर्मी और बाढ़ दोनों का सामना करना पड़ेगा, जिससे इन प्रदेशों के 80 प्रतिशत से अधिक जिले प्रभावित होंगे। आईपीई ग्लोबल के प्रबंध निदेशक अश्वजीत सिंह ने जोर देकर कहा कि समूचे विश्व के दक्षिणी भाग खास तौर पर भारत दोहरे नुकसान में हैं, जो विकास के लिए संघर्ष करते हुए जलवायु परिवर्तन के सबसे बुरे प्रभावों से भी जूझ रहा है। उन्होंने कहा कि वनों की कटाई, भूमि-उपयोग में बदलाव, आर्द्रभूमि और झाड़ियों एवं इसी प्रजाति के पेड़ों का विनाश देश के स्थानीय जलवायु संकट को बढ़ा रहा है। इन मानव-जनित परिवर्तनों के कारण कई संवेदनशील जिलों में भूमि उपयोग में 63 प्रतिशत बदलाव आया है। अध्ययन में आह्वान किया गया है कि उपग्रह डाटा और जलवायु मॉडल का उपयोग करने वाली राष्ट्रीय जलवायु संकट वेधशाला (सीआरओ) का जिला स्तर पर गठन किया जाए, ताकि इस बाबत स्थानीय कार्रवाई की अगुवाई हो सके। गौरतलब है कि भारत पहले से ही जलवायु परिवर्तन के विनाशकारी प्रभावों का सामना कर रहा है। तत्काल और व्यापक कार्रवाई के बिना ये प्रभाव और भी गंभीर हो जाएंगे, जिससे जीवन, बुनियादी ढांचे और आर्थिक विकास के खतरे में पड़ने की आशंका है।

**संत परंपरा....**

कुरीतियों के खिलाफ समाज को जागरूक किया। कर्म पर विश्वास करने की प्रेरणा दी। आध्यात्मिक चेतना का जागरण किया। उन्होंने कहा कि मन चंगा, तो कठौती में गंगा। सतगुरु रविदास जी का कथन जीवन में आंत. रिक पवित्रता और निर्मलता का प्रतीक है। उन्होंने समाज को सामाजिक बुराइयों से दूर रहने की नई प्रेरणा दी। संत रविदास जी महाराज के गुरु संत रामानंद जी महाराज ने कहा था कि जाति-पाति पूछे नहीं कोई, हरि को भजे सो हरि का होई। मुख्यमंत्री ने संत रविदास के कथन की चर्चा करते हुए कहा कि उनकी वाणी अत्यंत दिव्य थी। रविदास जी ने कहा था मैं तब प्रसन्न रहूंगा, जब बिना भेदभाव सबको समान अधिकार व अन्न मिलेगा। संत रविदास की इन बातों को पीएम मोदी ने प्रधानमंत्री गरीब अन्न कल्याण योजना के माध्यम से इसे अक्षरश: लागू किया। कोरोना जैसी महामारी से अब तक 81 करोड़ लोगों को अन्न वितरण कराया जा रहा है और यही संतों की प्रेरणा है। उन्होंने कहा कि रविदास जी महाराज की पावन जन्मभूमि सीरगोवर्धन की सड़कें 2014 के पहले सिंगल लेन की थी, लेकिन पीएम मोदी की प्रेरणा से उसे फोरलेन से जोड़ दिया गया। आश्रम को भव्य रूप दे दिया गया है। गुरु रविदास की भव्य प्रतिमा व अन्न क्षेत्र का निर्माण किया गया। सैकड़ों बीघा जमीन को खरीदकर सतगुरु रविदास जी महराज के नाम पर पार्क व प्रतिमा की स्थापना हुई। योगी ने कहा कि शुकतीर्थ पौराणिक तीर्थ है। यह भागवतभूमि है, पांच हजार वर्ष पहले शुकदेव जी महाराज ने राजा परीक्षित को भागवत की पहली कथा इस धाम पर सुनाकर भक्ति, ज्ञान, मुक्ति के महत्व की प्रेरणा बताई थी। कार्यक्रम में आयोजक महंत गोवर्धन दास जी महाराज, स्वामी ओमानंद जी महाराज, निर्मल दास जी महाराज, गुरुदीप गिरि जी महाराज, केशवनानंद जी महाराज, सत्यानंद जी महाराज, सतीश दास जी महाराज, विज्ञानानंद जी महाराज, सांसद चंदन चौहान, योगी सरकार के मंत्री अनिल कुमार, कपिलद. ेव अग्रवाल, सोमेंद्र तोमर, पूर्व सांसद संजीव बालियान, विधायक राजपाल बालियान, वंदना वर्मा, मिथिलेश पाल, विक्रम सैनी आदि मौजूद रहे।

## प्रयागराज में वकीलों के चैबरों पर गरजा बुलडोजर, तोड़फोड़

**प्रयागराज।** कचहरी परिसर में बनाए गए सैकड़ों अस्थायी अधिवक्ताओं के चैंबर को हटाने की प्रयागराज नगर निगम की कार्रवाई के दौरान बवाल हो गया। गुस्साए अधिवक्ताओं ने नगर निगम की अतिक्रमण हटाओ कार्रवाई के विरोध में तोड़फोड़ और आग. जनी कर दी। वकीलों के चैंबर के साथ करीब 1000 से अधिक दुकानों को भी तोड़ दिया गया। विरोध में वकील और दुकानदार सड़कों पर उतर आए और टूटी कुर्सियां और फर्नीचर सड़क पर रखकर चक्का जाम कर दिया गया, कई जगह आगजनी हुई, जिससे पूरा इलाका पुलिस छावनी में तब्दील हो गया।

वकीलों ने नगर निगम की इस कार्रवाई को विश्वासघात बताया और कहा कि नगर आयुक्त से पहले ही मांग की गई थी कि वैकल्पिक व्यवस्था के बिना चैंबर न तोड़े जाएं। वकीलों का आरोप है कि अचानक आई टीम ने फाइलें, स्टाम्प, लैपटॉप और नकदी उठा ली। वकीलों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से नगर आयुक्त व डीएम पर लूट का मुकदमा दर्ज करने और दोनों का ट्रांसफर करने की मांग की है। सुबह करीब 5 बजे नगर निगम की टीम 6 बुलडोजरों के साथ पहुंची। कार्रवाई के दौरान विकास भवन और कचहरी के सामने अस्थायी चैंबर, कुर्सी-मेज और करीब 1500 दुकानों को हटाया गया। चार थानों की फोर्स, आरएएफ और पीएसी की मौजूदगी में अतिक्रमण तोड़ा गया।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काशीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# संत रविदास के विचार आंतरिक पवित्रता व निर्मलता के प्रतीक : योगी

## बोले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ – संतों के मार्गदर्शन में बिना भेदभाव के हो रहा प्रदेश का समग्र विकास








**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** शुकतीर्थ स्थित संत शिरोमणि सतगुरु रविदास सतगुरु समनदास आश्रम गुरु गद्दी में ब्रहमलीन संत सतगुरु ज्ञान भिक्षुकदास महाराज के 65वें परिनिर्वाण दिवस के अवसर पर बुधवार को पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संत रविदास महाराज की जीवन से प्रेरणा लेने तथा शुकतीर्थ में सतगुरू रविदास व सतगुरू समनदास के नाम पर गंगा घाट का निर्माण, शुकतीर्थ के सौन्दर्यीकरण, मार्गो के चौडीकरण की घोषणा की तथा मंच से सनातन संस्कृति, संत परम्परा को लेकर सम्बोधन किया। साथ ही कैराना कांधला को लेकर पूर्व की सरकारों पर हमला बोला। उन्होने कहा कि अब कांधला और कैराना जैसी घटनाएं वह यहां दोबारा नहीं होने देंगे।

सम्बोधन के पूर्व समनदास आश्रम में ज्ञान भिक्षुक महाराज को नमन किया व आश्रम के मुख्य द्वार का लोकार्पण किया। कार्यक्रम के दौरान अभूतपूर्व सुरक्षा रही। भीषण गर्मी के बीच व्यवस्थाओं में जुटे प्रशासनिक अधिकारियों के पसीने छूटे।

मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने कहा कि मध्यकाल में जब देश गुलामी की बेडियों में जकडा हुआ था। विदेशी आक्रांताओं द्वारा धर्म संस्कृति पर प्रहार हो रहा था। तब रविदास जैसे संत का आदिर्भाव होता है, उनका आदिर्भाव एक ज्योति पुंज के समान रहा। संत रविदास प्रत्येक देशवासी व श्रद्धालु के लिए प्रेरणा का स्रोत व सच्चे मार्गदर्शक है। संत रविदास ने कर्म साधना पर बल देकर सामाजिक आडम्बर व कुरीतियों के प्रति समाज को जागरूक किया। उनके विचार कर्मप्रधान, आंतरिक पवित्रता व निर्मलता के प्रतीक हैं। संत रविदास सबके लिए समान अन्न की बात करते हैं। उनके विचारों से प्रेरित होकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के तहत देश के 85 करोड़ लोगों को मुफ्त खाद्यान्न उपलब्ध कराया। संत रविदास के जन्मस्थान गोवर्धनपुर में भाजपा सरकार ने अनेक विकास कार्य कर स्मारक की स्थापना कराई। संविधान निर्माण बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर को भाजपा सरकार ने सम्मान दिया। बाबा साहेब के नाम पर मध्यप्रदेश के मऊ में पंचतीर्थों का निर्माण किया गया। साथ ही लन्दन में भवन को खरीदकर बाबासाहेब के नाम पर एक स्मारक व छात्रावास का निर्माण किया गया तथा स्कॉलरशिप की व्यवस्था की गई। संविधान निर्माता बाबा साहेब अम्बेडकर के गौरव और गरिमा के अनुरूप उनका सम्मान होना चाहिए जो पिछली सरकारों ने नहीं किया। बाबा साहेब के नाम पर 1949 से 2015 तक कोई समारोह नहीं होता था। भाजपा सरकार ने 26 नवम्बर को संविधान दिवस के रूप में मनाने का काम किया है।

बाबा साहेब के नाम पर नागपुर व मुंबई में विशाल प्रतिमा व स्मारक का निर्माण कराया जा चुका है। पांच हजार वर्ष पुरानी संस्कृति पर केवल आप ही गर्व कर सकते हैं। दुनिया के किसी भी मत व सम्प्रदाय को अवसर पर प्राप्त नहीं है। संत रविदास की प्रेरणा से कार्य अच्छे ही होते हैं। संतों की राह एकता की राह है जो कैराना व कांधला जैसी घटनाएं नहीं होने देती। सम और विषम परिस्थितियों में लडने की क्षमता देती है। ज्ञान भिक्षुक महाराज दिव्य संत थे। शुकतीर्थ पुण्य भूमि है। इसी पावन धरा पर भागवत का उदगम हुआ था। मां गंगा भारत की अविरल धारा है। शुकतीर्थ में संत रविदास और समनदास महाराज की स्मृति में घाट का निर्माण कराया जाएगा तथा तीर्थनगरी में पार्किंग, सौन्दर्यीकरण, मार्गों का चौडीकरण तथा सत्संग सभागार का निर्माण कराया जाएगा।

स्वामी ओमानन्द महाराज ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुकतीर्थ के विकास के लिए सराहनीय कार्य किए हैं। संत रविदास महाराज की परम्परा को आगे बढाते हुए सतगुरू समनदास महाराज ने भी समाज में जागरूकता का कार्य किया तथा उचित खानपान व अनुशासित जीवन के लिए आमजन को प्रेरित किया। दण्डी स्वामी महादेवाश्रम ने कहा कि मुजफ्फरनगर को इससे पहले क्राईम कैपिटल के रूप में जाना जाता था। योगी सरकार में जनपद ही नहीं पूरा प्रदेश अपराधमुक्त हो गया है। अब किसी की हिम्मत अपराध करने की नहीं होती।

भाई भतीजावाद, जातिवाद का संरक्षण इस सरकार में नहीं हो रहा है। मुख्यमंत्री के द्वारा शुकतीर्थ विकास परिषद का गठन किया गया है। शुकतीर्थ में 84 करोड के विकास कार्य जारी है जो ऐतिहासिक व अभूतपूर्व है। शुकतीर्थ का नामकरण करने का श्रेय भी योगीजी को ही जाता है। बिहारगढ, शुक्रतारी, फिरोजपुर, इलाहाबास व शुकतीर्थ में सनातन धर्म के ही लोग रहते हैं। इसलिए यह धर्म का केन्द्र है। योगी सरकार जनकल्याण के कार्य कर रही है। नेतागण अधिकारियों को अनावश्यक रूप से परेशान न करें।

आश्रम के प्रबंधक महात्मा गोवर्धनदास महाराज ने कहा कि मुख्यमंत्री के आगमन से अभिभूत है। संत समागम के इस कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री का सम्मिलित होना गौरवशाली क्षण है। मुख्यमंत्री द्वारा संत रविदास व सतगुरू समनदास के नाम पर गंगा घाट के निर्माण, विशाल प्रतिमा व सत्संग सभागार का निर्माण करने सहित शुकतीर्थ में विकास कार्यों की घोषणा करने पर उनका आभार व्यक्त किया।

महामंडलेश्वर स्वामी गोपालदास महाराज, विज्ञानानन्द महाराज, स्वामी कृपालदास महाराज, सतीशदास महाराज, गुरदीप गिरि पठानकोट, निर्मलदास महाराज जालंधर, संदीपदास महाराज, ओमदत्त आर्य आदि मौजूद रहे।

कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार, मंत्री कपिलदेव अग्रवाल, मंत्री सोमेन्द्र तोमर, विधायक मिथलेशपाल, राजपाल बालियान, पूर्व केंद्रीय मन्त्री डॉ. संजीव बालियान, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल, जिलाध्यक्ष भाजपा सुधीर सैनी, जिलाध्यक्ष रालोद संदीप मलिक, पूर्व मंत्री अनुराधा चौधरी, क्षेत्रीय मंत्री अमित राठी, पूर्व विधायक उमेश मलिक, प्रमोद ऊंटवाल, अशोक कंसल, विक्रम सैनी, डॉ. अमित ठाकरान, अमरीश गोयल, योगराज मन्त्री, एमएलसी वंदना वर्मा, रालोद मंडल अध्यक्ष प्रभात तोमर, सुखविन्दर सोम आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता गोवर्धनदास महाराज व संचालन पूनम शर्मा ने किया।

कमिश्नर अटल कुमार रॉय, डीआईजी अभिषेक सिंह, डीएम उमेश मिश्रा, एसएसपी संजय कुमार वर्मा, सीडीओ कंडारकर कमल किशोर देशबंधु, एसपी देहात आदित्य बंसल, एसडीएम जयेन्द्र सिंह, संजय सिंह, निकिता शर्मा, सीओ डॉ. रवि शंकर मिश्रा, रामआशीष यादव, सूक्ष्मप्रकाश, रूपाली राव सुरक्षा में लगे रहे।

### ऐसे रहा मुख्यमंत्री का कार्यक्रम

**मोरना।** 11 बजकर 05 मिनट पर हैलीपैड पर आगमन, 11 बजकर 15 मिनट पर समनदास आश्रम के मुख्य द्वार का लोकार्पण, 11 बजकर 20 मिनट पर समनदास महाराज की समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन, 11 बजकर 24 मिनट पर सभा स्थल पहुंचे, 11 बजकर 43 मिनट पर सम्बोधन शुरू, 12 बजकर 03 मिनट पर सभा स्थल से प्रस्थान, 12 बजकर 28 मिनट पर हैलीपैड से हिन्डन एयरबेस के लिए रवाना।

### राज्यमंत्री कपिल देव के प्रस्ताव पर मुख्यमंत्री ने की महत्वपूर्ण घोषणा

**मोरना।** शुक्रताल में आयोजित समनदास समादी पर पुष्प अर्पित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ यहां राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल की भी जमकर सराहना की। उन्होने कहा कि यह मुजफ्फरनगर विधानसभा क्षेत्र के लोगों का सौभाग्य है कि उन्हे कपिल देव अग्रवाल जैसे विधायक मिले है। राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल के प्रस्ताव पर उन्होने सतगुरू रविदास महाराज और समनदास महाराज की स्मृति में घाट बनाने की घोषणा के साथ समनदास आश्रम के मुख्यद्वार का भी लोकार्पण किया। उन्होने कहा कि कपिल देव के प्रस्ताव पर यह काम हुआ है। इसके अलावा उन्होने सड़कों के चौडीकरण के प्रस्ताव भी केन्द्र से मंजूर कराए है।

## मुख्यमंत्री के आगमन पर लगे जय भीम के नारे

### जनसमूह को शांत कराने में जुटे रहे पुलिस व प्रशासनिक अफसर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर पिछले कई दिनों से तैयारियां चल रही थी। तेज गर्मी के बीच लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं का कार्यक्रम में भाग लेने का अनुमान था। अनुमान के अनुरूप श्रद्धालुओं की भारी संख्या में शोभायात्रा में पहुंची तथा सत्संग के दौरान श्रद्धालुओं का सैलाब आश्रम में उमड आया। सुबह होते ही श्रद्धालुओं ने वापिस अपने गणतव्य को लौटना शुरू कर दिया। श्रद्धालुओं की वापसी देख आयोजकों के हाथ पांव फूल गये। किसी प्रकार भीड को रोकने का प्रयास किया गया। हजारों की संख्या में बैठे श्रद्धालु सरकारी व्यवस्थाओं से नाराज दिखे और बार बार मुख्यमंत्री के दौरान भी विरोध जताते रहे। जनता की ओर से जय भीम के नारे लगते रहे तथा नीले झंडे लहराते रहे। भीड की ओर से भारी हंगामे को देख प्रशासन के हाथ पांव फूल गये। प्रशासनिक अधिकारी व पुलिस



अधिकारी जनता को समझाते व शांत करते नजर आए। मुख्यमंत्री के सम्बोधन के दौरान एक व्यक्ति मंच की ओर दौडा, जिसको पुलिस अधिकारियों ने पकड लिया। श्रद्धालुओं के अनुसार सुबह सवेरे अनेक श्रद्धालु गुरू बंदगी के लिए आश्रम में जा रहे थे, जिन्हें पूजा करने से रोक दिया गया, जो धार्मिक आस्था के विरूद्ध है। अनेकों श्रद्धालु प्रशासन का भारी विरोध करत नजर आए। आमजन की मानें तो मुख्यमंत्री का कार्यक्रम पूर्णरूप से फ्लॉप कहा जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यक्रम के फ्लॉप होने के कारणों की लम्बी फहरिश्त है, जिसकी समीक्षा उच्चाधिकारी व भाजपा आलाकमान अवश्य ही करेगी। कार्यक्रम में जहां अनेक कमियां उजागर हुई। वहीं बिजनौर सांसद चंदन चौहान के अनुपस्थित होने के बावजूद मुख्यमंत्री के द्वारा उनका नाम मंच से बोला गया। मुख्यमंत्री को दी गई नामों की लिस्ट में भारी चूक प्रबन्धन की लापरवाही को उजागर करती है।

## विशाल सतसंग में बही भक्ति की बयार, उमड़ा जन सैलाब

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** अखिल भारतीय संत शिरोमणि सतगुरु रविदास सतगुरु समनदास मिशन के तत्वाधान में गुरु गद्दी शुकतीर्थ में स्वामी ज्ञान भिक्षुकदास महाराज की पुण्यतिथि पर महान संत समागम व भंडारे का आयोजन किया गया। सत्संग का शुभारंभ गुरुपूजा उपरांत महात्मा मोनूदास द्वारा आरती वंदना से किया गया।

प्रवचन करते हुए व्यवस्थापक महात्मा गोरधन दास महाराज ने कहा कि मन बड़ा चंचल रहता है जिससे मुक्ति पाने के लिए सत्संग ही एकमात्र इसका ठिकाना है क्योंकि सत्संग के अंदर गंदे विकारों का नाश व सदविचारों का प्रकाश होता है जिससे मानव जीवन में खुशहाली आती है। उन्होंने कहा कि सतगुरु रविदास महाराज सतगुरु स्वामी समनदास महाराज ने मानव को सत्संग बताया है उन्होंने सभी से मांस शराब व अंडा जैसे गंदे खान-पान को छोड़कर शाकाहारी जीवन जीने की बात कही। महात्मा राजकुमार दास ब्रह्मचारी ने कहा कि गुरु के बिना जीवन अंधकारमय है इसलिए सत्संग रूपी अमृतवर्षा जरूरी है क्योंकि जिस इंसान को सत्संग अच्छा नहीं लगता वह इंसान कर्मों का मारा होता है।

सत्संग में बोलते हुए भीम आर्मी जय भीम संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनजीत सिंह नौटियाल ने सतगुरु स्वामी समनदास जी महाराज के विचारों को आत्मसात करते हुए कहा कि समाज की प्रत्येक पीड़ा के साथ वह समय खड़े है और आज समाज तरक्की कर पा रहा है तो कुछ मनुवादी ताकते हमें लगातार नीचा दिखाने के लिए कार्य करती है जिससे मुक्ति पाने के लिए अपनी खुद की शासन सत्ता को स्थापित करना होगा।

उन्होंने उपस्थित जन समूह से अपने मत का सदुपयोग कर समाज को हुक्मरान बनाने और युवाओं से नशे की आदत को छोड़ने की बात कही। झबरेडा विधायक वीरेंद्र कुमार जाती ने कहा कि जो गुरुमार्ग पर चलता है उसके जीवन में तरक्की संभव है क्योंकि अगर आज विधायक बने है तो उसका श्रेय सतगुरु स्वामी समनदास जी महाराज को जाता है। भारतीय शिक्षा चैरिटेबल ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष व वरिष्ट समाजसेवी जयराम गौतम प्रधान ने कहा जब दूसरे मिशन के संतों पर सरकार तनख्वाह व सुरक्षा देने का कार्य करती है तो गुरु रविदास मिशन के संतों के साथ ऐसा भेदभाव क्यों किया जाता है उन्होंने सर्वसमाज से गुरु गद्दी शुक्रताल व ऊन के निर्माण कार्य में सहयोग करने की बात कही। राज्यमंत्री उत्तराखंड सरकार देशराज कर्णवाल चमार साहब ने कहा कि उन्हें अपनी बिरादरी पर गर्व है क्योंकि जो शब्द चलन में आ जाता है उसका हर जगह नाम होता है इसलिए वह अपने नाम के आगे चमार शब्द को लगाते है। उन्होंने समाज से अपनी जाति न छुपाने की बात कहते हुए सतगुरु स्वामी समनदास जी महाराज के सानिध्य में बिताए पलों को याद किया।

सत्संग में महात्मा मेघराज दास, सलाहकार पूर्व राष्ट्रपति जयविलास, महात्मा श्रद्धादास, बृजपाल दास व संदीप दास ने भी विचार रखे। संचालन अनिल कुमार ने किया।

पूरे सत्संग समारोह के दौरान शिक्षा व समाज की बेहतरी पर फोकस किया गया। कार्यक्रम में पत्रकार एसडी गौतम, भीम आर्मी जिलाध्यक्ष सन्नी गौतम, जिला पंचायत सदस्य सचिन करानिया, एड. संजीव नौटियाल, महात्मा गुरुमुख दास ब्रह्मचारी, महात्मा नत्थादास, महात्मा राजकुमार दास, रामपाल सिंह गौतम, महात्मा सतीश दास, महात्मा रजेदास, अनिल रावण, जगमेश, विपिन मास्टर, प्रदीप कुमार, शीलदास, रणधीर दास, सुषमा दासी, अलका सिंह व सोनिया क्लासनिया समेत लाखों की तादाद में संगत उपस्थित रही।



मुजफ्फरनगर: प्रेसवार्ता के दौरान पत्रकारों को जानकारी देते एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत।

## तितावी में श्रद्धालुओं का टेंपो पलटा

### योगी के कार्यक्रम से लौट रहे डेढ़ दर्जन लोग घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** बुधवार की शाम तितावी क्षेत्र में टेंपो पलट जाने से करीब डेढ़ दर्जन लोग घायल हो गए। जिनमें दो की हालत गंभीर बताई जा रही है सभी घायलों संत शिरामणी रविदास एवं समनदास जी महाराज के आश्रम में आयोजित कार्यक्रम के बाद बाबरी क्षेत्र में वापस लौट रहे थे। सूचना के बाद मौकके पर पहुंची पुलिस ने एंबूलेंस द्वारा घायलों को अस्पताल पहुंचाया। कुछ घायलों को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई और दो घायलो को गंभीर हालत में रैफर किया गया।

तितावी पुलिस के अनुसार बाबरी क्षेत्र से कुछ लोग एक टेंपो में सवार होकर संत शिरोमणी रविदास एवं समनदास जी महाराज के आश्रम में आयोजित मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। यह श्रद्धालु आश्रम में हुए कार्यक्रम में भी शामिल हुए और मुख्यमंत्री कार्यक्रम के बाद सभी श्रद्धालु टेंपू द्वारा अपने गांव वापस लौट रहे थे। बता दे कि इस दौरान कार्यक्रम में लाखों श्रद्धालु पहुंचे थे और यह कार्यक्रम मंगलवार को शुरू हुआ था। बताया जाता है कि कार्यक्रम ब्रहमलीन संतज्ञान भिक्षुदास महाराज के परिनिर्वाण दिवस पर आयोजित किया गया था। जैसे ही श्रद्धालुओं का टेंपो तितावी क्षेत्र में पहुंचा तो पुलिस का कहना है कि चालक को नींद की झपकी आ गई और उनका टेंपू डिवाइडर से टकरा गया।

परिणाम स्वरूप टेंपो पलट जाने से इसमें सवार बबलू, मानवी, परि सहित सोलह लोग शामिल थे। घटना के बाद चीख-पुकार शुरू हुई तो राहगीरों ने श्रद्धालुओं को नीजि अस्पताल पहुंचाना शुरू किया, इस समय यहां पुलिस भी मौके पर पहुंच गई थी जहा घायल कों को जिला अस्ताल के लिए रैफर किया गया। पुलिस का कहना है कि घायल सोहजनी जाटान के रहने वाले है।

## चंदसीना के व्यक्ति का शव दुधाहेड़ी में मिला

### रोते बिलखते यहां पहुंचे परिजनों ने बताई हत्या, पुलिस ने शव को पेड़ से उतारा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंसूरपुर।** थाना क्षेत्र के गांव दूधाहेडी में उस समय सनसनी फैल गई जब एक वृद्ध का शव संदिग्ध परिस्थितियों में एक पेड़ से लटका मिला।परिजनों ने हत्या का मामला बताते हुए आरोप लगाया है कि तीन-चार अज्ञात लोगों ने वृद्ध की हत्या करने के बाद उसके शव को पेड़ पर लटका दिया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की विस्तृत जांच शुरू कर दी है।

थाना क्षेत्र के ग्राम दूधाहेड़ी निवासी जयंत पुत्र अशोक ने पुलिस को सूचना देते हुए बताया कि दूधाहेड़ी से नौना गांव जाने वाले रास्ते पर, दूधाहेड़ी से लगभग एक किलोमीटर आगे,एक व्यक्ति का कुछ लोगों द्वारा



मृतक का फाइल फोटो।

पीछा किया गया और फिर आम के पेड़ पर लटका दिया गया। सूचना मिलते ही थाना पुलिस तुरंत हरकत में आई और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ मौके पर पहुँच गई। पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और प्रारंभिक साक्ष्य जुटाने का प्रयास किया। घटनास्थल पर ग्रामीण भी इकट्ठा हो गए, जिससे तनावपूर्ण माहौल बन गया। पुलिस ने मौके पर ही शव की पहचान कराने का प्रयास किया,जिसकी शिनाख्त रतनपुरी थाना क्षेत्र के चंदसीना गांव निवासी समुन्द्र सैन (उम्र 60 वर्ष) पुत्र नेपाल सिंह के रूप में हुई। मृतक के परिजनों को सूचित किया गया। जो सूचना मिलते ही घटनास्थल पर पहुँच गए। परिजनों ने पुलिस को बताया कि यह आत्महत्या नहीं बल्कि सुनियोजित तरीके से की गई हत्या है। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ लोगों ने मिलकर समुन्द्र सैन की हत्या की।और फिर मामले को आत्महत्या का रूप देने के लिए शव को पेड़ पर लटका दिया। हालांकि परिजनों ने फिलहाल किसी विशेष व्यक्ति या हत्या के पीछे के संभावित मकसद के बारे में कोई विस्तृत जानकारी नहीं दी है। पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मृत्यु के सही कारणों और समय का पता चल पाएगा,जो जांच में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। थाना प्रभारी सुभाष अत्री का कहना है कि वे सभी पहलुओं से मामले की जांच कर रहे हैं,जिसमें हत्या, आत्महत्या या किसी अन्य प्रकार की साजिश की संभावना भी शामिल हो सकती है। आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है।पुलिस ने आश्वस्त किया है कि इस मामले में गहन जांच कर जल्द से जल्द सच्चाई का खुलासा किया जाएगा और दोषियों को कानून के दायरे में लाकर कडी से कडी सजा दिलाई जायेगी।

## कारोबारी नवीन मित्तल के हत्यारोपी जेल पहुंचे

### मृतक की चेन, अंगूठी व अन्य सामान बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** नई मंडी पुलिस ने नवीन मित्तल हत्या कांड में लिप्त दो लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। पुलिस का कहना है कि आरोपियों के कब्जे से मृतक की चैन, अंगुठी, स्कूटी व अन्य सामान भी बरामद किया गया।

पुलिस लाइन में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान एसपी सिटी सत्यानारायण प्रजापत ने पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि अभिषेक मित्तल पुत्र नवीन मित्तल निवासी भरतीय कॉलौनी ने नौ जून को सूचना देकर बताया था कि उसके पिता नवीन मित्तल रात्रि करीब साढ़े बाज बजे घर से नमन जिन्दल उर्फ रोहन पुत्र स्व. अनुज निवासी गांधी नगर की दुकान पर उधार के पैसे लेने के लिए गए थे और वह वापस नहीं लौटे। उन्होने बताया कि बेटे द्वारा सम्पर्क करने पर नमन की दुकान पर उसका साथी आतीश पुत्र रवि मिला, और उसने कहा कि उसके पिता की उन्होने हत्या कर दी है इस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया था। एसएसपी सिटी ने बताया कि जांच पड़ताल व मुकदमें के आधार पर पुलिस ने नमन जिन्दल व आतीश को कूकडी रोड से गिरफ्तार कर उनकी निशानदेही पर एक स्कूटी, पांच हजार की नगदी व घटना में प्रयुक्त एक गाडी बमामद की गई। उन्होने बताया कि दोनो आरोपियों को जेल भेज दिया गया।

# आचार्य 108 विमर्श सागर के आगमन पर समाज में उत्साह

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** खतौली कस्बे के जैन समाज मे मुनि संघ के नगर आगमन को लेकर समाज में विशेष उत्साह है।

समाजसेवी, व्यापारी, महिलाएं, बच्चे सभी स्वागत की तैयारियों में बढ़-चढ़कर भाग ले रहे हैं। स्थानीय जैन समाज और श्रद्धालु वर्ग इस ऐतिहासिक क्षण के लिए व्यापक तैयारियों में जुटे हुए हैं। नगर को धार्मिक वातावरण में रंगा जा रहा है।

बुधवार को कस्बे के सकल जैन समाज के पदाधिकारियो ने प्रेस वार्ता कर जानकारी देते हुय कहा कि गुरुवार की सुबह परम पूज्य भावलिंगी संत आचार्य 108 विमर्श सागर जी मुनिराज ससंघ द्ध34 महाराज और माताएं सहितत्र्ञ का खतौली में भव्य मंगल प्रवेश होगा। मुनि संघ का स्वागत नगर के प्रमुख स्थल जीटी रोड स्थित कीर्ति स्तम्भ पर किया जाएगा। इस मौके पर नगर में प्रवचन, धर्मसभा एवं अन्य धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाएगा। 34 सदस्यीय मुनि संघ के साथ आचार्य का यह आगमन पूरे नगर के लिए गर्व और पुण्य का विषय बना हुआ है। संघ के नगर प्रवेश को लेकर खतौली के जैन समाज में विशेष उत्साह है। महाराज के मंगल प्रवेश का मार्ग जानसठ तिराहा, घंटाघर वाली गली, बड़ा बाजार आदि प्रमुख स्थानों से होकर गुजरेगा। रास्ते में जैन समाज के विभिन्न प्रतिष्ठानों एवं नागरिकों द्वारा भव्य स्वागत द्वार बनाए गए हैं। जगह-जगह साधु-संतों के दर्शनार्थ श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ेगी।

प्रेस वार्ता के दौरान रामकुमार जैन कार्यवाहक अध्यक्ष सकल जैन समाज, प्रमोद कुमार जैन बर्तन वाले, सुरेंद्र कुमार जैन वरिष्ठ उपाध्यक्ष, कुलदीप कुमार जैन बैंक वाले कोषाध्यक्ष, अतुल जैन सर्राफ, प्रवीण कुमार जैन महामंत्री, सिद्धार्थ जैन, सुनील जैन आदि मौजूद रहे।

## सलावा से शुरू होगा विहार

मुनि संघ का यह विहार 1008 अदिन्नाथ दिगंबर जैन मंदिर, सलावा से प्रारंभ होकर 1008 चंद्रप्रभ दिगंबर जैन मंदिर, पीसनोपाड़ा द्धखतौलीत्र्ञ तक होगा। करीब 11 किलोमीटर की पदयात्रा में रास्ते भर श्रद्धालु समाज. जनों द्वारा भव्य स्वागत किया जाएगा।

## कीर्ति स्तंभ पर होगा स्वागत समारोह

संघ के नगर में प्रवेश के समय जी.टी. रोड स्थित जैन कीर्ति स्तंभ पर उनका भव्य स्वागत किया जाएगा। यहां समाजजन आरती, पुष्पवर्षा, शंखध्वनि और बैंड-बाजों के साथ आचार्य एवं समस्त मुनि संघ का अभिनंदन करेंगे। स्वागत के उपरांत बैंड-बाजों व धार्मिक गीतों के साथ महाराज नगर भ्रमण करते हुए मंदिर तक पहुचेंगे।

## आचार्य के साथ मुनि-मातृ संघ

इस दिव्य यात्रा में आचार्य 108 विमर्श सागर जी मुनिराज के साथ 10 अन्य महाराज और 24 मातृ संघ भी शामिल होंगी। यह संघ न केवल आत्मकल्याण की साधना कर रहा है, बल्कि समाज को धार्मिक जागरूकता, नैतिकता और अहिंसा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा भी दे रहा है।

# मेडल और ट्राफी से सम्मानित हुई छात्र-छात्राएं

**बुढ़ाना।** पीएम राजकीय इंटर कॉलेज गढ़ी सखावतपुर में बीती मंगलवार के दिन समर कैंप के 21वें दिन बीती 21 मई से प्रारंभ होकर बीती 10 जून तक चलने वाले समर कैंप का समापन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि जिला समन्वयक आशीष द्विवेदी एवं प्रधानाचार्या अंशु सिंह द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर एवं मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन करके किया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता मास्टर कालूराम द्वारा की गयी। कार्यक्रम में सर्व प्रथम अतिथियों को बैच लगाकर एवं अंग वस्त्र पहनाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं द्वारा मनमोहक रंगारंग कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। जिला समन्वयक आशीष द्विवेदी द्वारा बताया गया कि छात्र और छात्राओं के हित में समर कैंप का आयोजन सरकार की एक सकारात्मक पहल है। इस अवसर पर समर कैंप के दौरान कराई गई विभिन्न गति. विधियों में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय



स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को अतिथियों एवं अभिभावकों द्वारा मेडल एवं ट्रॉफी प्रदान कर पुरस्कृत किया गया।

कार्यक्रम में डॉक्टर राजेंद्र, अभिभावक मांगेराम, जिला मुख्यालय से रमसा कार्यालय के वरिष्ठ सहायक अमित कुमार व अभिभावकों ने पधारकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। संचालन प्रवीन कुमार ने किया। कार्यक्रम में रामकुमार चौहान, सतीश, रेनू शर्मा, नम्रता, अमित, राकिब अली, सचिन कुमार, शंकर सिंह और शनि आदि मौजूद रहे। प्रधानाचार्या अंशु सिंह ने सबका आभार व्यक्त किया।

## युवती को घर से निकालने का आरोप

**छपार।** एक युवक का पड़ोस की युवती से प्रेम प्रसंग चल रहा था जब वह गर्भवती हो गई तो कुछ लोगों ने उनका निकाह करा दिया। आरोप है कि उसने युवती का गर्भपात कराकर घर से निकाल दिया पीड़िता के पिता ने आरोपी के विरुद्ध थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। गांव खुडडा निवासी मुस्तकीम ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि पड़ोस का रहने वाला युवक सानू व उसकी पुत्री मोहसीना मैं दो वर्ष से प्रेम प्रसंग चल रहा था।वह गर्भवती हो गई तो युवक को निकाह के लिए कहा तो उसने साथ इनकार कर दिया उसके बाद गांव के गणमान्य लोगों ने निकाह कर दिया। आरोप है कि आरोपी ने उसका तीन माह का गर्भपात करा दिया और उसे घर से निकाल दिया पीड़ित के पिता ने थाने पहुंचकर मदद की गुहार लगाई है।

# अल्पसंख्यक समुदाय की किशोरी को लेकर युवक फरार

## पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर शुरू की आरोपियों की तलाश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** मावे की भट्टी पर काम करने वाला एक मजदूर युवक अल्पसंयक समुदाय की एक किशोरी को लेकर फरार हो गया। घटना की रिपोर्ट बुढ़ाना पुलिस ने दर्ज करके फरार आरोपी की तलाश शुरु कर दी है।

जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली की गढ़ी सखावतपुर पुलिस चौकी क्षेत्र के एक गांव में जनपद बागपत के गांव सिक्का इदरीशपुर निवासी मोनू पुत्र रों. हताश कश्यप गांव के ही महमूद की मावे की भटी पर काम करता था। किशोरी जब भी घर से बाजार जाती थी तो वह भटी के पास से भी गुजरती थी। तब मोनू कश्यप ने मोका पाकर उसे बहला फुसला लिया तो इसका पता महमूद को लगा तो उसने पिछले साल मोनू कश्यप को भटी से हटा दिया था। अब मौका पाकर मोनू बीते कल गांव में ई रिक्शा में बैठकर आया और किशोरी को जंगल में बुलाकर बहला फुसलाकर फरार हो गया। इसकी सूचना जैसे ही किसी ग्रामीण के द्वारा नाबालिग किशोरी के परिजनों को मिली तो उन्होंने पहले तो अपनी नाबालिग पुत्री को इधर उधर तलाश किया और जब वह नहीं मिली तो उन्होंने इस बात की सूचना बुढ़ाना कोतवाली पहुंचकर पुलिस को दी तो पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी मोनू व किशोरी की सकुशल बरामदगी के प्रयास शुरू कर दिए हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

# लाइब्रेरी के बाहर खड़ी बाइक चोरी

**बुढ़ाना।** अज्ञात चोर ने 45 मिनट के भीतर ही लाईब्रेरी के बाहर खड़ी बाइक को दिन दहाड़े चोरी कर लिया। घटना ठीक बुढ़ाना कोतवाली के पीछे की है। बाइक मालिक ने बुढ़ाना पुलिस को तहरीर देकर बाइक की बरामदगी की मांग की है। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाली तो चोर का चेहरा नजर आया। पुलिस ने चोर और बाइक की तलाश शुरु कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार अनित कुमार पुत्र सत्यप्रकाश निवासी ग्राम गढी सखाव. तपुर ने बुधवार को बुढ़ाना पुलिस को एक तहरीर देते हुए बताया कि वह अपने भाई विक्रान्त कुमार की काले रंग की एक मोटर साईकिल हीरो होंडा स्पलेंडर प्लस को लेकर वह कस्बा बुढाना मे लीलावती नर्सिंग होम के बराबर में एमएलपी लाईब्रेरी में बुधवार की सुबह लगभग साढ़े 08 बजे आया था। वह मोटर साइकिल लाईब्रेरी के सामने खड़ी करके अन्दर पढाई करने लगा तो उसकी गाडी को लगभग पोने 11 बजे किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर ली गयी।

## बंटवारे को लेकर दो पक्षों में मारपीट

**छपार।** मकान के बंटवारे को लेकर परिवार में हुए झगड़े में एक पक्ष के व्यक्ति व पुत्री को चोट लगी वह कर के शीशे भी टूट गए। दीदी ने अपने भाई में तीन भतीजो के विरुद्ध थाने में तहरीर दी है। गांव खानपुर निवासी वीरेंद्र सिंह ने बुधवार को थाने में तहरीर देकर बताया कि वह दोपहर में अपने खेत से घर खाना खाने आया था। उसी वक्त उसका भाई ओमप्रकाश अपने पुत्र राजेश, गौरव ,विशाल के साथ घर में घुस आया और गाली गलौज करते हुए मारपीट की जिसमें उसकी पुत्री को भी चोटे आई और खड़ी हुई कर के शीशे भी तोड़ दिए।

# मुठभेड़ में घायल हुआ शातिर बदमाश, साथी गिरफ्तार

**मुजफ्फरनगर।** पुलिस लाइन सभागार में बुधवार को आयोजित प्रेस वार्ता में पुलिस अधीक्षक नगर सत्यनारायण प्रजापत ने बताया कि छपार-रोहाना मार्ग स्थित बिजोपुरा रजवाहा पटरी पर मंगलवार को पुलिस चेकिंग कर रही थी।

तभी एक बाइक पर दो संदिग्ध व्यक्ति आते दिखे। जिन्हें रुकने का इशारा किया तो आरोपित वापस मुड़कर भागने लगे, लेकिन उनकी बाइक अनियंत्रित्त हो कर होकर गिर गई। खुद को घिरता देख आरोपित भागने लगे। पीछा करने पर उन्होंने पुलिस फायरिंग कर दी। पुलिस की जवाबी फायरिंग में कमल कुमार रेल्हन निवासी भीकम कालोनी बल्लभगढ़ फरीदाबाद हरियाणा पैर में गोली लगने से घायल हो गया। जबकि उसके साथी सुमित निवासी राजीव नगर बेगमपुर नई दिल्ली को कांबिग के दौरान गिरफ्तार किया गया। इनके कब्जे से तीन कैमरे, चार कैमरा लैंस, तीन लैपटाप, आई पैड, पासपोर्ट तमंचा, तीन बैग, बाइक, मैमोरी कार्ड बाक्स, की बोर्ड, टाटा केबिल, यूएसबी केबल, कैमरा बैटरीी चार्जर, माउस समेत अन्य सामान बरामद किया गया। आरोपितो ने वारदात को अंजाम देकर हिमाचल के मंडी में लैपटाप चोरी किया था।

# आजाद समाज पार्टी कांशीराम ने किया भाईचारा सम्मेलन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** सफीपुर पटी में अफजाल के सौजन्य से आजाद समाज पार्टी कांशीराम के तत्वाधान में भाईचारा सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जिसमें कस्बा बुढाना व क्षेत्र की जनता ने सैकड़ों की संख्या में हिस्सा लिया। जहां आसपाकां के पूर्व जिला प्रभारी विकास अंबेडकर द्वारा क्षेत्र की जनता को संबोधित कर आसपाकां व नगीना लोकसभा सांसद चंद्रशेखर आजाद की विचारधारा से अवगत कराया और क्षेत्र की जनता से पार्टी संगठन के साथ जुड़कर पार्टी संगठन को मजबूत करने की अपील की। विकास अंबेडकर ने कहा कि आप अपने क्षेत्र से आसपाकां कार्यकर्ताओं को मजबूत करें। अपने बीच के भाई अफजल को मजबूत करें। आने वाले कल में भाई अफजाल आपके हक हकूक की लड़ाई लड़ेगा। आपकी आवाज को बुलंद करने का काम करेगा और आपके क्षेत्र का विकास करेगा। इस बार तुम सभी पूरी ताकत से अफजाल को मजबूत करो। हम पूरी ताकत के साथ भाई अफजल को सपोर्ट कर रहे हैं। आप भी अफजाल को सपोर्ट करें। हम आपके साथ हैं। मेरा आपसे वादा है कि अगर आपने इस आंदोलन को आगे बढ़ाने में हमारा साथ दिया तो हम आपको दस गुना ताकत देंगे। हमारे क्षेत्र में कोई हमारे लोगों पर जुल्म नहीं कर सकेगा। हमारे लोगों के अधिकारों को नहीं मार सकेगा। किसी अधिकारी द्वारा हमारे लोगों के साथ बदतमीजी नहीं होगी और किसी भी सत्ताधारी द्वारा हमारे लोगों का अपमान नहीं होगा इसलिए मेरा एक बार फिर आप लोगों से कहना है कि आप हमारा साथ दें हम आपको 10 गुना ताकत देंगे। यहां अफजल उर्फ विक्की, तहसीम भसाना, डॉक्टर देवेंद्र कुड़िया शाहपुर, गुल्लू शाहपुर, गुलफाम शाहपुर, दीनू मलिक शाहपुर, दानिश मलिक शाहपुर, अभि कुड़िया शाहपुर, विनोद शोरम, राहुल मुंडभर, सिकंदर कुर्थल, कंवर सैन मुंड़भर, ओमप्रकाश मुंडभर, रामबीर मुंडभर, विजय पाल मुंडभर, अरविंद मुंडभर, शकील परासौली, आसिफ कुरैशी परासौली, जयपाल सागड़ी, अबरार, अनुज एडवोकेट, इनाम प्रधान, अहसान एडवोकेट, प्रमोद कल्सन सिसौली, अमरपाल टोडा, सोमपाल टोडा, समीर जड़ौदा, रविकांत फुगाना, चीनू कश्यप फुगाना, राहुल फुगाना, रामकुमार बौद्ध, रोहतास कुर्थल, मनोज कुर्थल, चांद कुर्थल, अक्षय कुर्थल, सुरेंद्र कुर्थल, नौशाद, इंतजार, जावेद, रिहान, चांदू, मास्टर खुर्शीद, अनीस, दिलशाद, इरफान, वसीम, नसीम सिद्धीकी, जुल्फकार, जाकिर व महमूद आदि मौजूद थे।

# पुण्य तिथि पर याद किए गए सुभाष महेश्वरी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता रहे सुभाष चन्द महेश्वरी की पुण्य तिथि पर उन्हे याद करते हुए मानव अधिकार विभाग के पूर्व अध्यक्ष हर्षवर्धन त्यागी, पूर्व शहर अध्यक्ष मोहम्मद अफजाल अंसारी, मोहम्मद समीर सैफी, इदरीस त्याग,ी पूर्व प्रमुख सदर ब्लॉक गुल्लू कसार, नईम अंसारी, फुरकान, पूर्व ब्लाक अध्यक्ष मोरना ओमवीर मथारिया, रामनिवास सेन, मो. अंसारी ,रामकुमार सेन, विक्रांत, मंगता अली, सुरेश वंश, गोलू सेन ने श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर उन्हे पुष्प अर्पित किये।

## स्वयंसेवकों ने मनाया हिन्दू साम्राज्य दिवस

**शाहपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ शाखा शाहपुर द्वारा हिन्दू साम्राज्य दिवस धूमधाम से मनाया गया। नगर के सिद्धपीठ गो. कुलादेवी मन्दिर मे संघ के स्वयंसेवको ने एकत्र होकर सामूहिक रूप से छत्रपति शिवा. जी महाराज के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। नगर कार्यवाह एडवोकेट संदीप बंसल ने शिवा. जी महाराज के जीवन परिचय पर कार्यकर्ताओ को संबोधित करते हुए कहा कि छत्रपति शिवाजी का राज्याभिषेक, जिसे आज हम हिन्दू साम्राज्य दिवस के रूप में मनाते हैं, केवल किसी व्यक्ति विशेष के सिंहासन पर बैठने की घटना भर नहीं थी। बल्कि वह समाज और राष्ट्र की भावी दिशा तय करने वाली एक युगांतकारी घटना थी। हिंदू साम्राज्य दिवस हर वर्ष ज्येष्ठ माह की शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी को मनाया जाता है। इसे सबसे पहले संघ की स्थापना के बाद मनाया गया था। इसका मुख्य उद्देश्य लोगों को हिन्दू साम्राज्य, संस्कृति, सभ्यता और सौहार्द के प्रति जागरूक करना है। इसके बारे में संघ का मत है कि जिस दिन महान योद्धा छत्रपति शिवाजी महाराज का राज्याभिषेक हुआ, उस दिन से ही हिंदू साम्राज्य की पुनर्स्थापना हुई है। यह उत्सव संघ के प्रमुख छह उत्सवो मे से एक है।कार्यक्रम मे मुख्य रूप से डॉक्टर मोहित शर्मा, अनमोल वर्मा, अर्जुन सैनी, शिवाजी पाल, देव गोयल, हर्षित सैनी, लक्ष्य सैनी, आदित्य सैनी, निखिल गोयल, अवि आदि स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

# झुलसाती गर्मी में अधिवक्ताओं ने लगाया ठंडे मीठे शरबत की छबील

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** भीषण गर्मी और लू के थपेड़ों से परेशान लोगों को बुधवार को तहसील परिसर में कुछ पल की राहत मिली, जब तहसील बार एसोसिएशन खतौली की ओर से ठंडे मीठे शरबत की छबील लगाई गई।

गर्मी के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए अधिवक्ताओं ने जनसेवा का बीड़ा उठाते हुए तहसील परिसर में आने वाले वादकारियों, अधिवक्ताओं और राहगीरों को ठंडा मीठा शरबत पिलाया। तपती दोपहरी में मीठे शरबत का आनंद लेकर लोगों ने राहत की सांस ली और इस नेक पहल के लिए अधिवक्ताओं का आभार जताया। इस दौरान पूर्व अध्यक्ष सरदार जितेंद्र सिंह ने कहा कि गर्मी के मौसम में जल सेवा सबसे बड़ा पुण्य है। झुलसाने वाली लू में जब किसी को ठंडा शरबत मिल जाए, तो उससे बड़ा सुकून और कुछ नहीं होता। उन्होंने कहा कि बार एसोसिएशन समय-समय पर ऐसे सेवा कार्य करती रही है और आगे भी करती रहेगी।

शरबत सेवा में सहयोग करने वालों में राजवीर सिंह, पूर्व अध्यक्ष जितेंद्र त्यागी, सुभाष चंद्र, सुलेमान खान, राजगृही यादव, दिनेश कौशिक, अमित त्यागी, रोशनी सैनी, सीता राम, रामरोशन दास, विकास कुमार, अभिषेक गोयल, अनुज जैन, अंकुश गुर्जर, अंकित भारद्वाज, निलोफर सहित कई अधिवक्ता मौजूद रहे। लोगों ने इस पहल को सराहा और अधिवक्ताओं की समाजसेवा की भावना को प्रेरणादायक बताया। सोमेंद्र तोमर,, संजीव बालियान,कपिल देव, प्रमोद आउटवाल,वीरपाल निर्वाल,सुधीर सैनी,अचिंत मित्तल,पवन अरोड़ा, उमेश मलिक आदि मौजूद रहे।

## नाबालिग को ले जाने वाला गिरफ्तार

**छपार।** क्षेत्र के एक गांव से दूसरे समुदाय का युवक नाबालिक किशोरी को बहका फुसलाकर कर भाग ले गया था। पुलिस ने दोनों को दो दिन बाद बरामद कर लिया आरोपी को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया है। गांव बसेड़ा से एक दूसरे समुदाय का युवक एक नाबालिक किशोरी को सोमवार को बहका फुसलाकर भगा ले गया था। सूचना पर पुलिस में हड़कंप मच गया और किशोरी की मां की तहरीर पर मुकदमा दर्ज करवाई शुरू कर दी पूछताछ के लिए आरोपी के परिजनों को हिरासत में लेकर उनकी निशानदेही पर दबिश थी लेकिन पुलिस के हाथ खाली रहे बुधवार को बसेड़ा चौकी इंचार्ज मदनलाल ने रामपुर तिराहा से दोनों को हिरासत में ले लिया।

# जोला में छबील लगाकर की राहगीरों की सेवा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** जौला यूथ क्लब की टीम के तत्वाधान मे आज बुधवार के दिन बुढ़ाना ब्लाक क्षेत्र के गांव जौला में कांधला रोड पर स्थित जौला यूथ क्लब के कार्यालय पर आते जाते राहगीरों को भयंकर गर्मी में राहत देने के उद्देश्य से ठंडे मीठे शरबत की एक छबील लगाई गयी और सभी को ठंडा मीठा शरबत पिलाया गया। इस दौरान जौला यूथ क्लब के महासचिव जीशान अहमद ने कहा कि इस भीषण गर्मी में प्यासे व्यक्ति को शरबत पिलाना सबसे बड़ा पुण्य कार्य है। उन्होंने जल को प्राणियों के लिए संजीवनी बताते हुए इसे बचाने की अपील कर जल सेवा को सर्वोच्च मानव सेवा बताया। उन्होंने कहा कि इससे अहंकार कम होता है और व्यक्ति अच्छे कार्यों में लगा रहता है। उन्होंने ये भी बताया कि जौला यूथ क्लब संस्था लगातार सेवा कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि निर्धन और जरूरतमंद की सेवा हर व्यक्ति का कर्तव्य है। उनके अनुसार निस्वार्थ सेवा ही सच्ची ईश्वर सेवा है। जल सेवा सबसे बड़ी सेवा है। छबील का उद्घाटन जौला यूथ क्लब के अध्यक्ष गुलरेज राणा एडवोकेट ने अपने कर कमलों द्वारा फीता काटकर किया।

# ओवरटेक के प्रयास में बाइक सवार घायल

**मीरापुर।** दिल्ली-पौड़ी राष्ट्रीय राजमार्ग पर ग्राम शिवपुरी के निकट एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना में बाइक सवार युवक घायल हो गया।

दुर्घटना के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया।गणेशपुर थाना मवाना निवासी अमित कुमार पुत्र किशनलाल अपनी बाइक से बिजनौर की ओर जा रहा था। जब वह दिल्ली-पौड़ी राजमार्ग पर ग्राम शिवपुरी के समीप पहुंचा, तो उसने तेज गति में एक वाहन को ओवरटेक करने का प्रयास किया। इसी दौरान वह बाइक पर नियंत्रण खो बैठा और सामने से आ रही एक कार से उसकी टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि अमित कुमार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया, वहीं उसकी बाइक भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। स्थानीय लोगों ने तत्काल घायल को उठाकर नजदीकी चिकित्सक के पास पहुंचाया, जहां उसका उपचार जारी है।

## व्यापारियों ने एसडीएम के आश्वासन पर धरना किया स्थगित

**बुढ़ाना।** 12 जून को होने वाले धरना प्रदर्शन को कस्बे के व्यापारियों ने एसडीएम बुढ़ाना राजकुमार भारती से बातचीत होने के बाद स्थगित कर दिया है। मिली जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल बुढ़ाना तहसील क्षेत्र के पदाधिकारियों ने बीती शनिवार के दिन उप जिला अधिकारी को एक ज्ञापन देकर छोटा बाजार के ठीक सामने कांधला रोड पर स्थित कस्साबान पुलिया के पास कई साल पहले नगर पंचायत बुढ़ाना के द्वारा बनाए गये डिवाइडर के बंद रास्ते को खुलवाने की मांग की थी। व्यापारियों ने एसडीएम को बताया था कि रास्ता बंद होने के कारण छोटे बाजार में ग्राहकों की संख्या घटती जा रही है। दुकानदारों के सामने रोजी रोटी का संकट खडा हो गया है। व्यापारियों ने चेतावनी देते हुए कहा था कि समस्या का समाधान न होने पर वे 12 जून को धरना प्रदर्शन करेंगे। आज बुधवार के दिन व्यापारी नेता राजेश संगल ने बताया कि स्थानीय पुलिस प्रशासन सीएम के कार्यक्रम में व्यस्त था। आज उनकी एसडीएम से बात हुई है तो उनके आश्वासन पर उन्होंनें 12 जून का धरना प्रदर्शन स्थगित कर दिया है।

## सूचना

मेरे पुत्रों मौ.अस्सान के जन्म प्रमाण पत्र पंजीकरण सं. B-2020 :9-90020-004779 दिनांक 02. 05.2020 एवं मौ.अबूजर के जन्म प्रमाण पत्र पंजीकरण सं.- B-2020 :9-90020-004064 दिनांक 23.03.2020 में बच्चों की माता का नाम भूलवश नीशा दर्ज हो गया था जबकि बच्चों की माता का सही नाम निशा परवीन(Nisha Parveen) है जो सत्य व सही है और भविष्य में भी मेरी पत्नी को इसी नाम से जाना जाये। नाम संशोधन हेतु शपथ पत्र विभाग में जमा किया जा रहा है।

**मौ० अशरफ पुत्र स्व.लियाकत हुसैन निवासी म.न.1009/409, जामिया नगर, साउथ खालापार, मुजफ्फरनगर।**

# मैडिकल कॉलेज में 25 टीबी मरीजों को दी पोषण पोटली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** ए.डी. मेडिकल कॉलेज ने टीबी (तपेदिक) के 25 मरीजों को गोद लेकर उन्हें पोषण पोटली वितरित की, ताकि उनकी सेहत में सुधार हो और वे जल्दी ठीक हो सकें। इस मौके पर डॉक्टर पी. के. चन्द, डॉ संजीव और स्टाफ के संजीव के साथ-साथ टीबी अस्पताल से विपिन शर्मा, हेमंत यादव और विपिन कुमार भी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में डीटीओ डॉ. लोक. ेश गुप्ता ने टीबी से बचाव, इलाज और रोकथाम के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि टीबी एक संक्रामक बीमारी है जो माइकोबैक्टीरियम टड्ढबरकुलोसिस नामक जीवाणु के कारण होती है। यह मुख्य रूप से फेफड़ों को प्रभावित करती है, लेकिन शरीर के अन्य हिस्सों को भी नुकसान पहुंचा सकती है। टीबी का सबसे आम लक्षण लगातार खांसी आना, जो तीन सप्ताह से अधिक समय तक बनी रहती है, बुखार, वजन कम होना, थकान, और रात में पसीना आना है। टीबी हवा में फैलती है जब संक्रमित व्यक्ति खांसता या छींकता है। डॉ. लोकेश ने बताया कि टीबी का इलाज पूरी तरह संभव है और आमतौर पर 6 महीने तक दवाओं का नियमित सेवन आवश्यक होता है। इलाज के दौरान दवाइयों को बिना रोक-टोक के लेना बहुत जरूरी है ताकि संक्रमण पूरी तरह समाप्त हो सके और दवाओं के प्रति प्रतिरोध द्धरिजिस्टेंसत्र्ञ न बने। उन्होंने कहा कि टीबी से बचाव के लिए अच्छे स्वच्छता नियमों का पालन करें, संक्रमित व्यक्ति से दूरी बनाए रखें, और समय-समय पर स्वास्थ्य जांच कराते रहें। टीबी की सही समय पर पहचान और उपचार से बीमारी को रोकना संभव है। ए. डी. मेडिकल कॉलेज ने इस पहल के माध्यम से टीबी मरीजों को बेहतर पोषण और देखभाल देकर उनके स्वस्थ भविष्य की कामना की।

## ज्येष्ठ पूर्णिमा पर लोगों को पिलाया ठंडा शरबत

**बुढ़ाना।** ज्येष्ठ पूर्णिमा पर बुढ़ाना कस्बे के नदी मंदिर रोड पर आते जाते सैंकड़ों राहगीरों को रोककर भीषण गर्मी से निजात दिलाने को ठंडा मीठा शरबत पिलाया गया। भयंकर गर्मी में ठंडा मीठा शरबत पीकर राहग. ीरों खुश नजर आए और उन्होंने आयोजक संजीव कुमार संगल को इस पुण्य कार्य के लिए दुआएं दी। मिली जानकारी के अनुसार अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल बुढ़ाना के नगर अध्यक्ष संजीव कुमार संगल के नदी मंदिर रोड पर स्थित प्रतिष्ठान के बाहर एक स्टाल लगाकर ज्येष्ठ पूर्णिमा पर आते जाते सैंकड़ों राहगीरों को रोक रोककर उनको भयंकर गर्मी में ठंडा मीठा रूह अफजा पिलाकर राहत देने का काम किया गया। संजीव कुमार संगल ने बताया कि वे हर ज्येष्ठ पूर्णिमा पर इस तरह के आयोजन करते रहते हैं। वे राहगीरों को शर्बत पिलाकर पुण्य कमाते हैं। इस अवसर पर सोनू राणा, लाला राजपाल, मंचित संगल, सूफियान कुरेशी, समीर कुरेशी, नानू मंसूरी आदि मौजूद रहे।

# भसाना में एआईएमआईएम की बैठक

**बुढ़ाना।** ब्लाक क्षेत्र के गांव भसाना में बीती मंगलवार की देर रात अल्ताफ सिद्दीकी के आवास पर आल इंडिया मजलिस ए इत्ते. हादुल मुस्लिमीन पार्टी की एक बैठक का आयोजित की गयी। जिसमें अल्ताफ सिद्दीकी ने अपने समर्थकों के संग सांसद असदुद्दीन औवेसी को मुस्लिमों का नेता माना और कहा कि वे लगभग सभी पार्टियों में मुसलमानों की दूर्दशा देख चुके हैं। सभी ने मुस्लिमों को आलू की तरह ही इस्तेमाल किया है लेकिन एआईएमआईएम ही एक ऐसी पार्टी है जो मुस्लिमों के हितों की रक्षा करने में सबसे आगे है। इसलिए सभी मुस्लिम और पिछड़े वर्ग के सभी लोग औवेसी की पार्टी से जुड़ें और पार्टी को मजबूत करने का काम करें।

**कार्यालय मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण, मुजफ्फरनगर**

**सार्वजनिक सूचना**

जनसामान्य को सूचित किया जाता है कि मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण के विकास क्षेत्र के अन्तर्गत श्री शाहबाज राना (पुत्र मौ. खालिद), निवासी-ग्राम-सूजड़ू, परगना व तहसील-सदर, जनपद-मुजफ्फरनगर, उ.प्र. के द्वारा ऑनलाईन मानचित्र सं.:-MZDA/BP/24-25/0577 के द्वारा अपनी भूमि खसरा नं.-1326, ग्राम-वहलना, जनपद-मुजफ्फरनगर के कुल नेट क्षेत्रफल 883.61 वर्गमी. पर ''कार्यालय भवन'' के प्रयोजन का मानचित्र स्वीकृति हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अवगत कराना है कि प्रश्नगत स्थल खसरा सं.-1326, ग्राम-वहलना, जिला-मुजफ्फरनगर का भू-उपयोग मुजफ्फरनगर महायोजना 2031 (पुनरीक्षित) में ''उद्योग'' भू-उपयोग में दर्शित है।

मुजफ्फरनगर महायोजना-2031 (पुनरीक्षित) के जोनिंग रेगूलेशन (मैट्रिक्स) के 4.2 के अनुसार ''उद्योग'' भू-उपयोग के अन्तर्गत ''निजी कार्यालय'' की क्रिया सशर्त अनुमन्य उपयोग के अन्तर्गत अनुमन्य है। मुजफ्फरनगर महायोजना 2031 (पुनरीक्षित) के जोनिंग रेगूलेशन के अध्याय-11 के प्रस्तर-11.1.6 (1) अनुसार प्रमुख भू-उपयोग जोन के अन्तर्गत पूर्व विकसित योजनाओं/क्षेत्रों में मूल उपयोग से इतर क्रिया/उपयोग (भले ही जोनिंग रेगूलेशन के अनुसार ऐसी क्रिया) उपयोग सामान्यत: अनुमन्य/सशर्त अनुमन्य/विशेष अनुमति से अनुमन्य हो/अनुमन्य किये जाने हेतु एक माह की समयावधि प्रदान करते हुए जनता से आपत्ति/सुझाव, उचित माध्यमों से आमन्त्रित किये जायेगें एवं इन आपत्तियों/सुझावों के निस्तारण के उपरान्त ही स्वीकृति/अस्वीकृति की कार्यवाही की जायेगी। अनुज्ञा से सम्बन्धित आवेदन-पत्र का निस्तारण प्राप्ति की दिनांक से अधिकतम 60 दिन में सुनिश्चित किया जायेगा।

उक्त प्रकरण के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति/संस्था/अन्य द्वारा अपनी आपत्ति/सुझाव प्रकाशन तिथि से 01 माह की अवधि के अन्तर्गत प्राधिकरण कार्यालय में ई-मेल (mdamzn@yahoo.co.in) अथवा उचित माध्यम से उपलब्ध कराये जा सकते हैं। उक्त निर्धारित अवधि व्यतीत होने के उपरान्त प्राप्त किसी भी आपत्ति/सुझाव पर विचार नहीं किया जायेगा।

**सचिव**
**विकास प्राधिकरण, मुजफ्फरनगर**

**रॉयल कॉलेज ऑफ एजूकेशन एण्ड हायर स्टडीज**
निकट-परासौली पुलिस चौकी, नीमखेड़ी रोड, जौला (मुजफ्फरनगर)

बी.ए. (हिन्दी, अंग्रेजी, राजनीतिशास्त्र, अर्थशास्त्र, समाजशास्त्र, गृह विज्ञान व इतिहास) एवं बी.कॉम. पाठ्यक्रमो के सभी विषयों में शिक्षको व महाविद्यालय के प्राचार्य की आवश्यकता है। योग्यता व वेतनमान विश्वविद्यालय एवं UGC मानकनुसार।

Mob-:7500242400
Email: rcehsm@gmail.com

# गृह कलह के चलते फांसी के फंदे पर झूला युवक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** क्षेत्र के गांव पुरमाफी में दिन निकलते ही आम के पेड़ पर फांसी के फंदे पर लटका शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने फौरेंसिक टीम को मौके पर बुलाकर साक्ष्य जुटाए।मृतक की पहचान मोहन कश्यप के रूप में हुई। मृतक की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

बुधवार को दिन निकलते ही गांव पुरमाफी रजवाहे के निकट किसान सतेन्द्र डीलर के खेत में लगे आम के पेड़ पर फांसी के फंदे पर झूलता हुआ व्यक्ति का शव मिला। खेतों में कार्य करने गए किसानों ने जब शव को देखा तो हड़कंप मच गया, जिसकी सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके पर फौरेंसिक टीम को बुलाकर शव के पास से साक्ष्य जुटाए। मृतक की



पहचान मोहन कश्यप करीब 40 वर्ष पुत्र ओमवीर सिंह निवासी गांव पुरमाफी के रूप में हुई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है। मोहन की मौत की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक मोहन मेहनत मजदूरी कर अपने परिवार का



पालन पोषण कर रहा था। मृतक अपने पीछे पत्नी बिल्लो एवं पुत्र अर्पित आठ वर्ष, केशव उम्र पांच वर्ष, पुत्री गोरी उम्र दो वर्ष को रोता बिलखता छोड़ गया। कोतवाली प्रभारी जितेन्द्र कुमार शर्मा ने बताया गांव पुरमाफी निवासी मृतक के भाई अंकुर ने बताया कि मेरे भाई मोहन द्वारा गृह कलह के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है, जिसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया है।

## क्रिकेट मैच में खुनी संघर्ष

**किरतपुर।** नगर के मोहल्ला मिर्दगान में क्रिकेट मैच के दौरान मामूली कहासुनी ने खूनी संघर्ष का रूप ले लिया। इस संघर्ष में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रैफर कर दिया गया है। घटना की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। मोहल्ला मिर्दगान निवासी आदिल पुत्र अब्दुल हकीम का क्रिकेट मैच के दौरान अरशद और अफसर से नो बॉल को लेकर विवाद हो गया। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों में लाठी, डंडों के साथ ही बैट और विकेट चलने लगे। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि अरशद और अफसर ने धारदार हथियार से आदिल पर हमला कर दिया, जिससे उसके सिर और हाथ में गंभीर चोटें आईं। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और तहरीर के आधार पर आरोपियों अरशद व अफसर को हिरासत में ले लिया।

# कैडेट्स को दिया गया प्रशिक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के मदरलैंड स्कूल में चल रहे एनसीसी के दस दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का समापन हो गया। कैंप में दसों दिन कैडटों का विभिन्न प्रकार का प्रशिक्षण दिया गया।

कैंप कमांडेंट कर्नल मनीष सिन्हा ने अपने संबोधन में कैडेट से कहा कि जो भी कैंप में सीखा है उसे अपने जीवन में उतार ले और देश की सेवा में सदैव तत्पर रहे हैं। कैंप समापन की पूर्व संध्या पर कैंप में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कैडेट्स ने गीत एवं नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का संचालन थर्ड ऑफिसर लक्ष्मी गर्ग ने किया। कैंप के दौरान वॉलीबॉल प्रतियोगिता, ड्रिल कंपटीशन, खो-खो प्रतियोगिता, डिबेट कंपटीशन आदि के विजेताओं को ट्रॉफी के साथ सम्मानित किया। मदरलैंड पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य को कैंप के संचालन तथा



व्यवस्थाओं में सहयोग करने पर कैंप कमांडेंट का मनीष सिन्हा ने ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर कैंप के प्रशासनिक अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल सीपी भदौला, सूब. ेदार मेजर सुनील कुमार, सूबेदार राघवेंद्र सिंह, लेफ्टिनेंट आशीष, लेफ्टिनेंट विपिन कुमार, चीफ ऑफीसर अशोक कुमार, चीफ ऑफिसर नीरज कुमार, लेफ्टिनेंट शिवकुमार, सीटीओ प्रियंका, रणवीर सिंह आदि मौजूद रहे।

# पैसेंजर ट्रेन देरी से चलने के कारण स्टेशन पर भीड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** दिल्ली-सहारनपुर रेल मार्ग पर चलने वाली पैसेंजर ट्रेनों के निर्धारित समय से करीब एक घंटे की देरी से चलने के कारण बुधवार को शामली रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। इससे स्टेशन परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। भीषण गर्मी में ट्रेनों के देरी से चलने से यात्री परेशान रहे।

बुधवार को दिल्ली-सहारनपुर रेल मार्ग में चलने वाली पैसेंजर रेलगाडियों अपने निर्धारित समय से करीब एक घंटा देरी से चली। भीषण गर्मी में ट्रेनों के देरी से चलने से यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पडा। यात्रियों ने बताया कि ट्रेनों के देर से आने की कोई पूर्व सूचना नहीं दी गई, जिससे उन्हें भारी असुविधा का सामना करना पड़ा। स्टेशन पर न तो कोई पूछताछ केंद्र सक्रिय था और न ही यात्रियों को



समयबद्ध जानकारी देने की कोई व्यवस्था दिखी। स्थानीय यात्रियों पंकज कुमार, राजीव जैन, सलमान अहमद ने रेल प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि न समय पर ट्रेनें आ रही हैं और न ही ठहराव के दौरान मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। गर्मी और भीड़ के चलते बुजुर्गों और महिलाओं को विशेष रूप से परेशानियों का सामना करना पड़ा। यात्रियों दिनेश कुमार, अनवर, आसिफ, अमित कुमार ने मांग की है कि रेलवे प्रशासन पैसेंजर ट्रेनों का संचालन समय पर सुनिश्चित करे और स्टेशन पर सूचना व्यवस्था को सु.ढ़ बनाए ताकि यात्रियों को समय रहते आवश्यक जानकारी मिल सके।

## समर कैंप में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा की चमक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** संविलियन विद्यालय आसफाबाद चमन में 21 मई से शुरू हुए 20 दिवसीय समर कैंप का समापन मंगलवार को धूमधाम के साथ संपन्न हो गया।

इस अवसर पर समापन समारोह का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष विजयपाल ने की। समर कैंप में छात्र-छात्राओं ने चित्रकला, संगीत, कंप्यूटर, मैंगो पार्टी, शतरंज, लूडो, वॉलीबॉल, हैंडबॉल, कबड्डी, फुटबॉल जैसी शैक्षिक एवं खेलकूद गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया।

विभिन्न प्रतियोगिताओं में बच्चों की रचनात्मकता, नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास और सामूहिक सहयोग की भावना को निखरने का अवसर मिला। प्रशिक्षकों के रूप में गौतम, पंकज और हरीश कुमार ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम का सफल संचालन विद्यालय के शिक्षक सुरेन्द्र सिंह द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि समर कैंप बच्चों के सर्वांगीण विकास का एक सशक्त माध्यम है।

# 11 दिवसीय निशुल्क योग प्रशिक्षण शिविर लगाया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** क्रीड़ा भारती द्वारा शामली राइफल क्लब पर आयोजित 11 दिवसीय निशुल्क योग प्रशिक्षण शिविर शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ पूजा मलिक ने किया। उन्होने कहा कि हमारा खान पान, स्नान और ध्यान का अनुशासन व्यक्तित्व विकास में चमत्कारी सिद्ध होता है, एक निर्धारित भू भाग में निवास करने वाले सभी व्यक्ति लगभग एक सा ही आहार ग्रहण करते है फिर भी अपनी दिनचर्या एवं खाद्य सामग्री संबंधी जागरूकता के कारण हम सभी के स्वास्थ्य में बहुत सी विषमताएं पाई जाती है।

डा. पूजा मलिक ने बताया कि हमें स्नान की शुरुआत नाभि पर पानी डालने से करनी चाहिए जहां से पूरे शरीर की ऊष्मा नियंत्रित होती है, हमें दिन में एक बार नंगे पैर घास या कच्ची जमीन पर अवश्य चलना चाहिए। जिससे हमारे शरीर की नकारात्मक ऊर्जा निकल जाती है, तथा हमें लंबी गहरी सांस लेने का अभ्यास करना चाहिए। जिससे हमारी आत्मिक शक्ति मजबूत होती है। योग प्रशिक्षक मनोज शर्मा ने साधकों को सूक्ष्म यौगिक क्रियाएं एवं प्राणायाम का अभ्यास कराने के साथ ही ताड़ासन का अभ्यास कराया। बताया कि ताड़ासन एक ऐसा आसन है जो शरीर को लंबा और मजबूत बनाता है और कई तरह के स्वास्थ्य लाभ प्रदान करता है। इस अवसर पर प्रमुख मुक. ेश चौधरी, नितिन वर्मा, डा। राजेंद्र स्वामी, एडवोकेट कमलवीर सिंह, मुन्ना टिटौली, उमेश भार्गव, सर्वेंद्र सिंह, अभयदीप राणा, एडवोकेट अनुभव स्वामी, अंशु चौधरी, सीमा चौधरी, कनिका वर्मा आदि उपस्थित रहे।

## एक नजर

### शिविर में सिखाई योग की क्रियाएं



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** बुधवार को शहर के नगर पालिका परिसर में दिव्य योग संस्थान ट्रस्ट शामली के तत्वाधान में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस से पूर्व एक दिवसीय योग शिविर प्रात: 5 बजे से साढे 6 बजे तक लगाया गया। योग प्रशिक्षक राजकुमार व संस्थान के जितेंद्र शर्मा ने संयुक्त रूप से अंतर्राष्ट्रीय दिवस प्रोटोकॉल जिसमें स्कंद चालान, ग्रीवा चालान, वृक्ष आसान, ताड़ासन, त्रिकोणासन, भुजंगासन, शशांक आसन, मर्कटासन, सेतुबंध आसान के साथ-साथ प्राणायाम और ध्यान की भी साधना कराई गई। संस्थान अध्यक्ष जितेंद्र शर्मा ने कहा कि योग को ईश्वरीय सेवा मानकर जन-जन तक पहुंच. ाने का कार्य किया जा रहा है। 15 जून से 20 जून तक अंतर्राष्ट्रीय योग सप्ताह संयुक्त रूप से नगर पालिका शामली व दिव्य योग संस्थान ट्रस्ट द्वारा नगर पालिका प्रांगण में मनाया जाएगा। जिसमें अधिक से अधिक संख्या में आम जन भाग लेकर स्वस्थ लाभ प्राप्त करे। इस अवसर पर उपाध्यक्ष ऋषिपाल गोयल, अजय शर्मा, सरवन संगल, रमेश बजाज, रमेश बजाज, अशोक वशिष्ठ, राजेश गुलाटी, शिक्षा शर्मा, अरविंद मलिक, दीपक रोहिल्ला, जयपाल इंसा, अरविंद मलिक, अरविंद पांचाल, हरपाल सिंह, देवेंद्र मलिक आदि मौजूद रहे।

### घर में रखी हजारों की नकदी, पायजेब व दो मोबाइल चोरी, आरोपी फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** चौसाना चौकी क्षैत्र मे चोरी की घटनाओं का सिलसिला रूकने का नाम नही ले रहा है। क्षैत्र के गांव गढी हसनपुर में दयराम सैनी पुत्र चमेला का परिवार रात्रि के समय मे अपने आंगन मे सो रहा था। तभी गांव का एक युवक चितली उर्फ इस्तकार पुत्र नसीर घर मे घूसा और घर मे रखी 35 सौ रूपयों की नगदी ,दो मोबाईल व चांदी की पाजेब को चोरी करके फरार हो गया। सुबह होने पर घर का सामान बिखरा देखकर चोरी का पता लगा। जिसके बाद पीडित परिवार ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरो को देखा तो आरोपी की पहचान हो सकी। आरोप है कि आरोपी ने गांव मे पूर्व मे भी कई चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया है और कई मामले मे जैल भी जा चुका है। पीडित ग्रामीणों के संग पुलिस चौकी पहुँचा और आरोपी के खिलाफ तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की गई । पीडित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी को पकडने के लिए दबिश दी लेकिन आरोपी फरार हो गया। वही चौकी पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### रिश्तेदार बनकर महिला को ठगी का शिकार बनाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जलालाबाद।** महिला को बहला फुसलाकार अज्ञात व्यक्ति द्वारा दो हजार रूपये की ठगी करने का सनसनीखेज मामला प्रकाश मे आया है।। शातिर ठग द्वारा महिला के परिवार की जानकारी जुटा कर बडी सफाई से ठगी की गई, इतना ही नही उक्त व्यक्ति द्वारा अन्य मुहल्ले मे जाकर भी ठगी का प्रयास किया गया जहां उसे सफलता नही मिली। मामला प्रकाश मे आने के बाद पुलिस जांच मे जुटी है।

बुधवार की दोपहर जलालाबाद के मौहल्ला रामरतनमण्डी मे विकास पाल पुत्र ब्रजपाल के घर पहुचे एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा पत्नी व बच्चो को अकेला देखकर बडे शातिराना अंदाज मे विकास की पत्नी मोनिका को उसका दूर का रिस्तेदार बताकर उसके परिवार मे समस्या का हवाला दिया । जब उसे यकीन हो गया तो उसने महिला से पैसो की मांग की , रिस्तेदार की परेशानी पर यकीन कर उसने उक्त व्यक्ति को 2 हजार रूपये दे दिए । पैसे लेकर उक्त युवक नौ दो गयारह हो गया । व्यक्ति के जाने के बाद महिला द्वारा अपनी रिस्तेदारी मे परेशानी जानने के लिए फोन किया तो पता चला वहां कोई दिक्कत नही है ना ही उन्होने ऐसे किसी व्यक्ति को पैसे लेने भेजा है जिसके बाद महिला के पैरो तले की जमरन ख्सिक गई उसने अपने पति को परे मामले की जानकारी दी , बात फैली तो पता चला कि उक्त ठग दूसरे मुहल्ले मे भी ऐसी कहानी बता कर ठगी का प्रयस किया लेकिन बात नही बनने पर वह रफूचक्कर हो गया । ठगी का शिकार महिला के परिजनो ने जलालाबाद पुलिस को पूरे मामले की जानकारी दी व करवाई की मांग की पुलिस नगर में लगे सीसी टीवी की मदद से ठग की पहिचान में जुटी है। वही वार्ड सभासद राशिद मलिक द्वारा सोशल मिडिया के माध्यम से ऐसे ठग से सावधान रहने की अपील की है।

### किसान की हत्या के दो नामजद आरोपी गिरफ्तार, दो की तलाश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** दो दिन पूर्व खेत पर हुई किसान की हत्या के मामले में पुलिस ने दो नामजद आरोपियों को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है। जबकि नामजद दो अन्य आरोपी अभी पुलिस की गिरफ्त से फरार है। विगत सोमवार रात्रि करीब साढ़े नौ बजे कस्बे के मोहल्ला आलकलां निवासी किसान देवेंद्र उर्फ देवी की बाइक सवार अज्ञात बदमाशों ने उस वक्त गोली मारकर हत्या कर दी थी, जब वह अपने खेत में चारपाई पर बैठा था। मामले की सूचना पर एएसपी संतोष कुमार सिंह ने भी कैराना पहुंचकर घटना की जानकारी ली थी। फॉरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल पर पहुंचकर हत्याकांड से जुड़े साक्ष्य एकत्र किए थे। घटना के खुलासे को एसओजी व सर्विलांस समेत पुलिस की चार टीमें लगाई गई थी। मृतक के पुत्र सुनील ने यूसुफ निवासी मोहल्ला रोड की जोहड़ी शामली, तनवीर निवासी मोहल्ला अंसारियान, मोहम्मद मौमीन निवासी मोहल्ला आलकलां व भूरा निवासी मोहल्ला दरबारखुर्द कस्बा कैराना के विरुद्ध स्थानीय कोतवाली पर हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। घटना में नामजद कराया गया हत्यारोपी तनवीर कुरैशी कस्बे के कांधला रोड पर संचालित मीट प्लांट का प्रबंधक है। बुधवार को पुलिस ने घटना में नामजद कराए गए मौमीन व भूरा को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया। जबकि दो नामजद आरोपी अभी पुलिस गिरफ्त से बाहर है। वहीं, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक धर्मेन्द्र सिंह ने बताया कि प्रोपर्टी विवाद के चलते किसान की हत्या की गई है। घटना में नामजद दो आरोपियों को गिरफ्तार करके जेल भेजा गया है। शेष आरोपियों को भी शीघ्र गिरफ्तार करके जेल भेजा जाएगा।

## सूर्य नमस्कार को भी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस में किया जाए सम्मिलित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** नेहरू स्पोर्ट्स स्टेडियम बिजनौर में वॉकिंग के पश्चात गोविंदा मॉर्निंग क्लब बिजनौर के सभी सदस्यों ने योग एवं प्राणायाम का अभ्यास किया।

योग विषय पर चर्चा करते हुए कर्मचारी नेता राकेश शर्मा ने कहा कि वर्तमान सरकार द्वारा हमारे ऋषि मुनियों की धरोहर योग के महत्व को समस्त विश्व को समझाते हुए 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाने के लिए सहमत किया। इसके लिए वास्तव में सरकार बधाई की पात्र है, किंतु इस योग दिवस में आसनों में सर्वश्रेष्ठ आसन सूर्य नमस्कार जिसमें स्वयं में 12 आसन सम्मिलित है, को सम्मिलित न करना उचित नहीं है। कहते हैं यदि अकेला सूर्य नमस्कार ही लिया जाए तो और किसी अन्य आसन करने की आवश्यकता ही नहीं है। सूर्य नमस्कार एक ऐसा आसन है जो मस्तिष्क और शरीर दोनों को लाभ पहुंचता है। इसके अभाव में वास्तव में योग अपूर्ण है। अत: हम सरकार से अपेक्षा करते हैं कि सूर्य नमस्कार को भी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस में सम्मिलित किया जाए, जिससे हमारी युवा पीढ़ी इसे जान सके और इससे लाभान्वित हो सके। योगासन में सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य दिनेश चौहान, एडवोकेट राजीव चौहान, एड. अनिल कुमार भटनागर, वीरेंद्र कुमार वर्मा, सेवानिवृत्त बैंक प्रबंधक आशाराम सिंह, कमलवीर सिंह, राम मूर्ति गौतम, राकेश कुमार शर्मा, रतीराम, संजीव कुमार बिश्नोई, डॉ. प्रमोद कुमार आदि की उपस्थित रहे।

## बकाएदारों के खिलाफ अभियान चलाकर काटे कनेक्शन

**कैराना।** विद्युत विभाग की टीम ने गांव कण्डेला, हिंगोखेड़ी, शेखूपुरा व मन्नामाजरा में चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान करीब 30 बकाएदारों के विद्युत विच्छेदन किए गए, जबकि 70 हजार रूपए बकाया वसूला गया। विभाग की कार्यवाही से बकाएदारों में हड़कंप मचा हुआ दिखाई दिया। बुधवार को अधिशासी अभियंता चतुर्थ जयप्रकाश गौतम व एसडीओ प्रथम अमित कुमार शाक्य के निर्देश पर 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र कण्डेला पर तैनात अवर अभियंता साजिद अली के नेतृत्व में विभाग की टीम ने क्षेत्र के गांव कण्डेला, हिंगोखेड़ी, शेखूपुरा व मन्नामाजरा में अभियान चलाया। इस दौरान करीब 30 बकाएदारों के विद्युत विच्छेदन किए गए। जबकि 70 हजार रूपए का बकाया वसूल किया गया। टीम में संविदाकर्मी मोहित कुमार, नरेश कुमार, मुंशाद अली, राधेश्याम, जोगिंदर शामिल रहे। वहीं, अवर अभियंता साजिद अली ने बताया कि अत्यधिक लाइन लॉस के चलते उच्चाधिकारियों के निर्देश पर गांव कण्डेला, हिंगोखेड़ी, शेखूपुरा व मन्नामाजरा में अभियान चलाया गया है, जिसमें करीब दो करोड़ रूपए के बकाए पर 30 बकाएदारों के कनेक्शन काटे गए है। इस दौरान 70 हजार रूपए का बकाया भी वसूला गया है। बकाएदारों के विरुद्ध अभियान निरन्तर जारी रहेगा।

# सतलोक आश्रम में तीन दिवसीय कबीर प्रकट दिवस का समापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

झिंझाना। वेदखेड़ी स्थित सतलोक आश्रम में चल रहे कबीर साहेब प्रकट दिवस के अवसर पर अखंड पाठ व भंडारे का आज तीसरे दिन समापन हो गया है। समागम में आए 45 सौ लोगों ने नशा, चोरी, ठगी, रिश्वतखोरी आदि सभी बुराईयों को छोड़कर निशुल्क नामदीक्षा ली।

बुधवार को बेदखेड़ी में चल रहे तीन दिवसीय समागम के समापन अवसर पर प्रदेश कोर्डिनेटर हृदेशदास ने बताया कि जगतगुरु तत्वदर्शी संत रामपाल जी महाराज के सानिध्य में हो रहे कबीर साहेब प्रकट दिवस के अवसर पर अखंड पाठ व भंडारे का आज तीसरे दिन समापन हो गया है। जिसमें तीनों दिनों से प्रदेश के सभी जिलों से लगातार आ रहे लाखों श्रद्धालुओं ने आकर भंडारा व प्रसाद ग्रहण किया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का आना और इतनी भयंकर गर्मी मे भी संत रामपाल महाराज के आशीर्वाद से सभी व्यवस्थाएं सुचारु रूप से चलती रही। आने वाले श्रद्धालुओं के लिए नि:शुल्क भोजन पानी की व्यवस्था की गई। इस भव्य समागम में संत गरीब दास जी महाराज की अमृतवाणी का तीनो दिन अखंड पाठ चला। इस महा समागम में विशाल भंडारा, दहेज मुक्त विवाह, रक्तदान शिविर आदि कार्यक्रम का आयोजन हुआ। आश्रम के प्रवेश द्वार पर एक भव्य आध्यात्मिक प्रदर्शिनी भी लगाई गई, जिसमें प्रमाण के लिए सभी पवित्र सद्ग्रंथों को रखा गया था। और 628 वर्ष पहले हुई कबीर साहेब की लीलाओं को भी चित्रित किया है। विशाल भंडारे को देखकर आने वाले श्रद्धालुओं व स्थानीय लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। हरदेश दास ने बताया कि नशा, चोरी, ठगी, रिश्वतखोरी आदि सभी बुराईयों को छोड़कर 45 सौ लोगों ने गुरु रामपाल महाराज से नि:शुल्क नाम दीक्षा प्राप्त की।





### शार्ट सर्किट से घर में लगी आग, हजारों का नुकसान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** मोहल्ला मीरा की सराय में बंद घर में शॉर्ट सर्किट से आग लगने पर 20 हजार की नगदी व 50 हजार का सामान जल गया। परिवार के लोग घर बंद करके रिश्तेदारी में गए थे।

जानकारी के अनुसार नहटौर के मोहल्ला मीरा की सराय निवासी मोहम्मद शाहरुख मंगलवार को अपने परिवार के साथ घर का ताला लगाकर रिश्तेदारी में गया था। बताया जाता है कि बीती रात को घर में आग लग गई। आग शॉर्ट सर्किट से लगना बताया जा रहा है।

**नाम पंजीकृत सूचना**

मेरे पुत्र के जन्म रजिस्ट्रेशन संख्या 13399 दिनांक 02.12.21 में नियमों की जानकारी न होने के फलस्वरूप पुत्र का नाम पंजीकृत नहीं कराया गया। मेरे पुत्र का नाम शिव्यांश त्यागी है तथा भविष्य में भी इसी नाम से जाना जाएगा। नाम पंजीकरण हेतु आवेदन पत्र संबंधित विभाग में प्रस्तुत किया जा रहा है।

**सुमित कुमार त्यागी**
पुत्र श्याम सुन्दर त्यागी
निवासी मकान नम्बर 150 ग्राम मंडोला
थाना ट्रॉनिका सिटी जनपद गाजियाबाद

**पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि०**
**अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण मण्डल, शामली**

पत्रांक 3379 विविमं/शा0/निविदा    दिनांक 10.05.25

**ई-निविदा सूचना**    दिनांक 10.06.2025

| | निविदा सं0 एवं कार्य का संक्षिप्त विवरण |
|---|---|
| 1. | 01/2025-26, विद्युत वितरण खण्ड-ऊन के अन्तर्गत कॉवड यात्रा मार्ग में बैरेकेटिंग आदि का कार्य कराया जाना। प्रपत्र शुल्क - रू0 1180.00, धरोहर राशि -रू0 2600.00 |
| 2. | 02/2025-26, विद्युत वितरण खण्ड-शामली अर्न्तगत कॉवड यात्रा मार्ग में बैरेकेटिंग आदि का कार्य कराया जाना। प्रपत्र शुल्क - रू0 1180.00, धरोहर राशि -रू0 7200.00 |
| 3. | 03/2025-26, विद्युत वितरण खण्ड-शामली अर्न्तगत कॉवड यात्रा मार्ग में बैरेकेटिंग आदि का कार्य कराया जाना। प्रपत्र शुल्क - रू0 1180.00, धरोहर राशि -रू0 2100.00 |
| 4. | 04/2025-26, विद्युत वितरण खण्ड-थानाभवन अर्न्तगत कॉवड यात्रा मार्ग में बैरेकेटिंग आदि का कार्य कराया जाना। प्रपत्र शुल्क - रू0 1180.00, धरोहर राशि -रू0 4500.00 |
| 5. | 05/2025-26, विद्युत वितरण खण्ड-कैराना अर्न्तगत कॉवड यात्रा मार्ग में बैरेकेटिंग आदि का कार्य कराया जाना। प्रपत्र शुल्क - रू0 1180.00, धरोहर राशि -रू0 4250.00 |

ई-निविदा की अंतिम तिथि : 02.07.2025, 12:00 बजे

विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र वेबसाईट htpp//etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। अग्रेत्तर समस्त सूचनाए वेबसाईट पर ही प्रदर्शित की जाएगी।

# गर्मी से बिलबिलाए लोग, बत्ती भी गुल







अधिशासी अभियंता को ज्ञापन सौंपते रोबिन गर्ग

**शाह टाइम्स टीम**

**शामली।** उसम भरी गर्मी ने बुधवार को लोगों को बेहाल किए रखा। सवेरे धूप निकलने के साथ ही गर्म हवाओं का दौर शुरू हो गया था। लोग गर्मी से निजात पाने के लिए जहां घरों में दुबके रहे वही भारी मात्रा में लोग हरिद्वार, स्विमिंग पूल व हिल स्टेशनों की ओर रवाना हुए। भीषण गर्मी में बिजली कटौती और लो वोल्टेज ने भी लोगों को खासा परेशान कर रखा है।

बुधवार को मौसम का अधि. कतम तापमान 41 डिग्री सैल्सियस तथा न्यूनतम तापमान 30 डिग्री सैल्सियस दर्ज किया गया। न्यूनतम तापमान अब तक का सबसे अधिक तापमान रहा। गर्मी और उमस इतनी ज्यादा बढ़ गई है कि रात्रि में भी लोगों को सकून नही मिल पा रहा है।

बुधवार सवेरे जैसे ही तेज धूप निकली तो गर्म हवाओं का दौर शुरू हो गया। लू के थपेडों के कारण लोगों का जीना मुहाल रहा। सडकों पर निकलने से लोगों को शरीर गर्म हवाओं के झोंकों से झुलस रहा था। धूप की तपिश इतनी भीषण थी कि सडकों पर निकलना मुश्किल रहा, जिस कारण लोग घरों में दुबके रहे। वैसे तो बाजारों में चहल पहल रहती है, लेकिन गर्मी की अधिकता को देखते हुए, बाजारों, सडकों और चौराहों पर सन्नाटा पसरा रहा। गर्मी से निजात पाने के लिए लोग हरिद्वार, स्विमिंग पूल, हिल स्टेशनों की ओर रवाना हुए। ट्यूवैलों, नदियों और तालाबों में युवाओं ने भीषण गर्मी से बचने के लिए, जमकर गोते लगाए। उसम भरी गर्मी में बिजली कटौती भी लोगों को खासा परेशान कर रही है। लो वोल्टेज के कारण एसी, कूलर, पंखे फेल रहे।

### ट्रांसफार्मर में फाल्ट होने से नागरिक परेशान

**शामली।** शहर के मौहल्ला काकानगर में रखे विद्युत ट्रासफार्मर में देर रात्रि अचानक फाल्ट आने से लोगों को भीषण गर्मी में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। बुधवार को विद्युत विभाग की टीम ने ट्रांसफार्मर को ठीक करने का प्रयास किया, लेकिन ठीक न होने पर विद्युत विभाग ने ट्राली ट्रांसफार्मर रखवाकर समुचित व्यावस्था की है।

मंगलवार देर रात्रि भीषण गर्मी में काकानगर के लोगों को उस समय परेशानियों का सामना करना पड़ा, जब मौहल्ले के बाहर रखे विद्युत ट्रांसफार्मर में अचानक खराबी आ गई। सूचना पाकर विद्युत विभाग की टीम मौके पर पहुंची लेकिन रात में समस्या का समाधान नही हो सका। बुधवार सवेरे विद्युत विभाग की टीम ने जांच की तो पता चला कि ट्रांसफार्मर पर लोड अधिक होने के कारण ट्रासफार्मर खराब हो गया है। दोपहर तक भी ट्रासफार्मर ठीक न होने पर विद्युत विभाग की टीम ने ट्राली ट्रांसफार्मर रखवाकर अस्थानीय व्यवस्था की है, जिसके बाद काक. नगर सहित आसपास के क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति बहाल हो सकी। भीषण गर्मी में लगातार ट्रांसफार्मरों पर लोड बढ़ने से विद्युत विभाग को परेशानियों का सामना करना पड रहा है।

**शामली।** नगर पालिका के सभासद रोबिन गर्ग ने शामली शहर में बार बार विद्युत फाल्ट होने से नागरिकों को हो रही परेशानियों को देखते हुए अधिशासी अभियंता को ज्ञापन सौंपा। जिसमें उन्होंने नागरिकों की समस्याओं का समाधान कराने की मांग की है। बुधवार को दिए ज्ञापन में सभासद रोबिन गर्ग ने कहा कि क्षेत्र शामली में बिजली की स्थिति अत्यंत दयनीय होती जा रही है। विशेष रूप से गर्मियों में बार-बार बिजली जाने की समस्या उत्पन्न हो रही है, जिससे आमजन को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

तेज आंधी, तूफान, हवा या थोड़े से लोड पर भी ए तार फुंक जाते हैं या शॉर्ट सर्किट हो जाता है। इसके परिणामस्वरूप पूरे क्षेत्र की बिजली बाधित हो जाती है, जिससे बच्चों की पढ़ाई, बुजुर्गों और मरीजों को विशेष परेशानी होती है। इसके अतिरिक्त बड़ा बाजार, नया बाजार, गांधी चौक, गंगा मंदिर वाली गली, मुरारी वाला कुआं, पुरानी शिव मूर्ति, हलवाई हट्टा आदि क्षेत्र में तारों की स्थिति काफी जर्जर हालत में है। उन्होंने कहा कि बार-बार आने वाले फॉल्ट की स्थाई मरम्मत कराई जाए ताकि बिजली की आपूर्ति निर्बाध रूप से हो सके। इसके अतिरिक्त ट्रांसफार्मर एवं अन्य उपकरणों की भी जांच की जाए।



राहत दिलाने को छिड़काव करते हुए।

## एंटी स्मॉक गन से हो रहा जल छिड़काव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** नगर पंचायत थानाभवन द्वारा एनजीटी के निर्देशों के अनुपालन में और बढ़ते प्रदूषण व भीषण गर्मी हीट वेव से नागरिकों को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से नगर में एंटी स्मॉक गन वाहन से जल छिड़काव का कार्य कराया जा रहा है।नगर पंचायत थाना भवन अधिशासी अधिकारी जितेंद्र राणा के निर्देशानुसार यह कार्य नगर के प्रमुख मार्गों पर संचालित किया जा रहा है। इनमें दिल्ली-सहारनपुर रोड, नौजल रोड, मुल्लापुर रोड, चरथावल रोड और घास मंडी क्षेत्र शामिल हैं।एंटी स्मॉक गन के माध्यम से किए जा रहे जल छिड़काव से न केवल वायुप्रदूषण को नियंत्रित करने में मदद मिल रही है, बल्कि धूल-धक्कड़ से राहगीरों को भी राहत मिल रही है। साथ ही, अत्यधिक तापमान में भी इससे वातावरण को शीतल बनाने में सहायता मिल रही है।

नगर पंचायत द्वारा की जा रही यह पहल जनता के स्वास्थ्य और पर्यावरण की सुरक्षा के लिए एक सराहनीय कदम है। स्थानीय नागरिकों ने इस प्रयास की प्रशंसा करते हुए इसे नियमित बनाए रखने की मांग की है।

## घर में घुसकर मारपीट व छेड़छाड़ का आरोप, मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** ग्रामीण ने घर में घुसकर मारपीट व पत्नी के साथ में छेड़छाड़ करने का आरोप लगाते हुए सगे भाइयों व युवतियों समेत आठ लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। पीड़ित ने आरोपियों पर उसकी पत्नी के गले से सोने व चांदी की हसली भी उतारकर ले जाने का आरोप लगाया है।

गांव गोगवान निवासी एक व्यक्ति ने कोतवाली कैराना पर मुकदमा दर्ज कराया है। बताया कि विगत रविवार रात्रि करीब 11 बजे वह अपने बीवी-बच्चों के साथ में घर के अंदर मौजूद था। इसी दौरान निजी गली में लगाए गए दरवाजे की पुरानी रंजिश के चलते गांव का ही खालिद, उस्मान, नौशीदा, सुहानी, भूरी, राशिद, क"यूम, व मुशाद लाठी-डंडों से लैस होकर उसके घर में घुस आए। आरोपियों ने आते ही उसके साथ में गाली-गलौच शुरू कर दी, जब उसने गाली-गलौच करने से मना किया तो आरोपियों ने उसके ऊपर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। शोर सुनकर उसकी पत्नी उसे छुड़ाने आई तो आरोपी उसके साथ भी मारपीट करने लगे। आरोप है कि इसी दौरान आरोपी उस्मान ने बुरी नीयत से उसकी पत्नी को पकड़ लिया तथा कपड़े फाड़कर उसे अर्धनग्न कर दिया। शोर मचाने पर आसपास के लोग मौके पर इकठ्ठा हो गए, जिसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। आरोप है कि आरोपी जाते वक्त उसकी पत्नी के गले से सोने व चांदी की हसली भी उतारकर ले गए है। वहीं, पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है।

### एक नजर

## मां शाकुंभरी देवी दर्शन हेतु बस रवाना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** मां शाकुंभरी देवी सेवा समिति द्वारा आज एक ऐसी डीलक्स बस मां शाकुंभरी देवी के दर्शन हेतु रवाना हुई जिसको सभासद राजीव गोयल और अनिल उपाध्याय ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया तथा सभी भक्तों को शुभकामनाएं दी यह बस गुरुद्वारा तिराहा से रवाना हुई बस में लगभग पचपन सवारी थी संस्था के अध्यक्ष डॉ अनिल कुमार बंसल ने बताया कि यह बस हर माह की चौदस को माता शाकुंभरी देवी के दर्शनों के लिए जाती है इस मौके पर वीरेंद्र बालियान अजय गर्ग महेश गर्ग शिवकुमार चौधरी लोकेंद्र संगल पवन जैन शोराज मलिक अरुण रहेला मौजूद रहे

## घर में घुसकर लाठी-डंडों व धारदार हथियारों से जानलेवा हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** कस्बे के मोहल्ला आर्यपुरी निवासी अब्बास ने कोतवाली पुलिस को शिकायती-पत्र दिया है। बताया कि बुधवार प्रातः करीब नौ बजे वह अपने बच्चों के साथ में घर के अंदर बैठा था। इसी दौरान पिता-पुत्र समेत मोहल्ले की ही तीन लोग गांव अकबरपुर सुनहेटी निवासी एक अन्य व्यक्ति के साथ में लाठी-डंडों, धारदार हथियारों व फावड़े आदि से लैस होकर जबरदस्ती उसके घर में घुस आए। आरोपियों ने आते ही उसके परिवार के लोगों के साथ में गाली-गलौच करते हुए जान से मारने की नीयत से मारपीट शुरू कर दी। आरोपियों ने फावड़े से प्रहार करके उसके घुटने को जख्मी कर दिया, जबकि उसके पुत्र आसिफ को हाथ में लाठी मारकर चोटिल कर दिया। शोर मचाने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से चले गए। आरोप है कि आरोपी जाते वक्त उसकी पत्नी के नाक से जबरदस्ती लौंग निकालकर ले गए। वहीं, पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## धान बीज की खरीद पर अनुदान राशि के लिए अब नहीं करना होगा इंतजार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिला कृषि अधिकारी, शामली प्रदीप कुमार यादव द्वारा जनपद शामली के सभी कृषकों को सूचित किया जाता है कि कृषि विभाग के समस्त राजकीय कृषि बीज भण्डारो पर खरीफ 2025-26 में बीज वितरण कार्यक्रम के अन्तर्गत धान बीज की प्रजाति पी.बी.-1692 मात्रा-241.92 कु., पी.बी.-1718 मात्रा-50 कु., पी.बी.-1847 मात्रा 8.16 कु., पी.बी.-1509 मात्रा 93.90 कु. एवं पी.बी.-1885 मात्रा 50 कु., (कुल धान की मात्रा-443.98 कु.) बीज की उपलब्धता उपलब्धता हो चुकी है, जिसका धान बीज आधारीय दर 6350 रु0 प्रति कु0 है एवं प्रमाणित धान बीज का रेट 6138 रू0 प्रति कु. है, धान बीज पर लगभग 2600 रु. प्रति कु. के अनुदान पर कृषको को बीज वितरण किया जाना है, बीज की उपलब्धता का विवरण विकास खंड वार निम्न प्रकार है। विकास खण्ड कैराना में धान बीज की प्रजाति-पी.बी.-1692/1718/1847/1509/1885, धान बीज की मात्रा कु. में 86.58, इसके अलावा विकास खण्ड कांधला में धान बीज की प्रजाति-पी.बी.-1692/1718/1847/1509/1885, धान बीज की मात्रा कु. में 78.06, इसके अलावा विकास खण्ड शामली में धान बीज की प्रजाति-पी.बी.-1692/1718/1847/1509/1885, धान बीज की मात्रा कु. में 77.46, इसके अलावा विकास खण्ड थानाभवन में धान बीज की प्रजाति- पी.बी.-1692/1718/1847/1509/1885, धान बीज की मात्रा कु. में 92.58, इसके अलावा विकास खण्ड झिंझाना में धान बीज की प्रजाति- पी.बी.-1692/1718/1847/1509/1885, धान बीज की मात्रा कु. में 109.30, योग- धान बीज की मात्रा कु. में-443.98, धान बीज की खरीदारी करते समय अनुदान की धनराशि का लाभ देते हुए किसानों को अब केवल कृषक अंश की धनराशि ही जमा करना पड़ेगी, सरकार द्वारा यह बदलाव किसानों को होने वाली परेशानी को देखते हुए किया गया है अब कृषकों पर बीज भण्डारों पर नई तकनीक पीओएस मशीन के माध्यम से बीज वितरण किया जा रहा है। अतः जनपद शामली के सभी कृषकों से अनुरोध है, कि अपने विकास खंड के राजकीय कृषि बीज भण्डारो से धान बीज पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर प्राप्त करें।

## पोर्टल खुलने की समयसीमा बढ़ाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** उ.प्र. भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड कार्यालय के पत्र के क्रम में एस.पी. गौतम श्रम प्रवर्तन अधिकारी/प्रभारी सहायक श्रमायुक्त, शामली ने अवगत कराया गया कि बोर्ड का वेबपोर्टल जो दिनांक 9.2.2024 से बन्द होने के कारण ऐसे पंजीकृत निर्माण श्रमिक जो ससमय नवीनीकरण एवं योजना आवेदन नहीं कर पाए तथा योजनान्तर्गत प्राविधानित समय-सीमा वेबपोर्टल बन्द होने के कारण समाप्त हो गई, उन्हें वेबपोर्टल संचालित होने के उपरान्त नवीनीकरण एवं योजना आवेदन करने हेतु माह मार्च-2025 तक छूट प्रदान की गई थी। उपर्युक्त क्रम में अवगत कराना है कि उक्त छूट समाप्त हो जाने के उपरान्त विभिन्न जनपदीय अधिकारियों द्वारा उक्त अवधि को विस्तारित किए जाने का अनुरोध किया गया। अभी भी कई ऐसे श्रमिकआवेदनकर्ता है, जो कि विभिन्न कारणों जैसे श्रमिक पंजीयन में त्रुटि होने, पारिवारिक विवरण फीड न होने, जन्म मृत्यु सर्टिफिकेट न होने, नवीनीकरण न होने, आधार सत्यापन न होने, आवश्यक अभिलेख उपलब्ध न होने, जानकारी का अभाव होने जैसे कारणों से उक्त छूट का लाभ नहीं ले पाए हैं। अतः ऐसे श्रमिक हित में बोर्ड कार्यालय द्वारा उक्त छूट को माह सितम्बर-2025 तक विस्तारित करते हुए बोर्ड के वेबपोर्टल पर निम्नलिखित व्यवस्था करा दी गई है। 1)बोर्ड द्वारा संचालित समस्त योजनाओं के अन्तर्गत आवेदन किए जाने में योजनाओं के अन्तर्गत समय-सीमा से संबंधित सभी पैरामीटर्स में माह सितम्बर-2025 तक की छूट प्रदान किए जाने की व्यवस्था वेबपोर्टल पर करा दी गई है। 2)श्रमिक पंजीयन नवीनीकरण में माह सितम्बर-2025 तक छूट प्रदान किए जाने की व्यवस्था वेबपोर्टल पर करा दी गई है। अतः इस संबंध में पंजीकृत निर्माण श्रमिकों से अपील की जाती है कि (बिन्दु संख्या 1 एवं 2) में माह सितम्बर-2025 तक बोर्ड द्वारा संचालित समस्त योजनाओं के आवेदन पत्र एवं नवीनीकरण में वेबपोर्टल पर दी जा रही छूट का लाभ तय समय सीमा में उठाए। उक्त तिथि के उपरांत किसी भी प्रकार की छूट प्रदान नहीं की जाएगी न ही इस संबंध में किए गए किसी भी दावे को मान्य स्वीकार्य किया जाएगा।

## एनएचएआई ने छबील लगाकर शरबत पिलाया

**कोतवाली देहात।** कस्बे में ओवर ब्रिज के नीचे एनएचएआई द्वारा छबील लगाकर राहगीरों को मीठा शर्बत पिलाया गया। इस दौरान हलवे का प्रसाद वितरित किया गया। मंगलवार को कोतवाली देहात में बन रहे ओवर ब्रिज के नीचे शिविर लगाया गया। शिविर में यात्रियों को मीठा शर्बत तथा हलवे का प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर प्रोजेक्ट मैनेजर हरप्रीत सिंह ने बताया कि ओवर ब्रिज का निर्माण तेजी से चल रहा है। भीषण गर्मी को देखते हुए एनएचएआई द्वारा शिविर लगाया गया है।

## डॉ. हिमानी अग्रवाल ने की महिला जनसुनवाई, बैठक भी ली



**शामली।** शामली में महिला उत्पीड़न की रोकथाम व पीडित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाए जाने हेतु आज कलेक्ट्रेट सभागार में डॉ. हिमानी अग्रवाल, सदस्य, उ.प्र. राज्य महिला आयोग की अध्यक्षता में महिला जनसुनवाई का आयोजन किया गया।

महिलाओं से संबंधित प्रकरणों में समस्याओं को सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को प्रकरणों में निस्तारण कराने के निर्देश दिए ताकि उन्हें चक्कर न काटने पड़े। महिला जनसुनवाई के दौरान सदस्य राज्य महिला आयोग के समक्ष आज मुख्य रूप से महिलाओं के साथ घरेलू हिंसा, प्रॉपर्टी विवाद, दहेज, पेंशन, आवास, शादी अनुदान आदि से संबंधित कुल 22 प्रकरण आए जिनके नियमानुसार निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। जनसुनवाई के दौरान सदस्य, उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग ने निर्देशित किया के जितने भी महिलाओं से संबंधित प्रकरण आए है उनकी सूची बनाते हुए संबंधित अधिकारी से निस्तारण के निर्देश दिए ताकि आगामी जनसुनवाई में प्राप्त प्रकरणों में कितने प्रकरणों में निस्तारण की कार्रवाई की गई उसकी समीक्षा की जा सके। उन्होंने अधिका. रियों को महिलाओं से संबंधित सभी जन कल्याणकारी योजनाओं का भी लाभ दिलाया जाने के भी निर्देश दिए। इस अवसर पर सत्येन्द्र सिंह,अपर जिलाधिकारी (वि./रा.), शामली एसडीएम न्यायिकध्जिला प्रोबेशन अधिकारी हामिद हुसैन, पुलिस विभाग से क्षेत्राधिकारी प्रभा पटेल, महिला थाना प्रभारी प्रतिनिधि,महिला सेल से निधि चौधरी,सहित सभी संबंधित विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। महिला जनसुनवाई के उपरांत डॉ. हिमानी अग्रवाल सदस्य, उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग द्वारा जिला अस्पताल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने महिला वार्ड, अल्ट्रासाउंड मशीन, एक्स-रे मशीन का निरीक्षण किया। निरीक्षण में उन्होंने सीएमएस डॉ. किशोर आहूजा से प्रतिदिन होने अल्ट्रासाउंड व एक्स-रे की जानकारी ली। जिसमें सीएमएस द्वारा अवगत कराया की प्रतिदिन 25-30 अल्ट्रासाउंड व 120-130 एक्स- रे हो जाते हैं। निरीक्षण में उन्होंने महिलाओं को फलों की टोकरी भी वितरित की गईनिरीक्षण के समय एसडीएम न्यायिकध्जिला प्रोबेशन अधिकारी हामिद हुसैन, महिला,वन स्टॉप केंद्र प्रभारी गजाला त्यागी सहित आदि मौजूद रहे।

## कैंप में योगासन, बैडमिन्टन व फुटबाल का प्रशिक्षण दिया



**शामली।** शहर के सत्यनारायण इंटर कॉलेज शामली में चल रहे समर कैम्प में बुधवार को बच्चों को योगा. सन, बैडमिन्टन, फुटबॉल, क्रियात्मक क्रियाकलाप और गीत संगीत आदि का प्रशिक्षण लिया। कॉलेज के हॉल में प्रोजेक्टर के द्वारा सभी बच्चों को जंगल बुक मूवी दिखाई गई। सिनेमा हॉल जैसा वातावरण बनाने के लिए टिकट विंडों की भी व्यवस्था की गई थी जहां से सभी ने पंक्तिबद्ध होकर निशुल्क टिकट लिए। कॉलेज के प्रबन्धक राजीव संगल ने भी पंक्ति में लगकर टिकट लिया। मध्यावकाश में सभी ने पाँचकार्न खाने का भी आनन्द लिया। इसके साथ-साथ सभी बच्चों को ग्यारहवें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस की भी तैयारी कराई गई। प्रधानाचार्य अनिल कुमार शर्मा ने कहा कि इस बार पूरे विश्व में ग्यारहवां योग दिवस मनाया जाएगा। यह विश्व को भारत की ओर से एक विशेष उपहार है जिससे पूरा विश्व लाभान्वित हो रहा है। हम सब 21 जून 2025 को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाएंगे जिसके लिए आज आपको विशेष तैयारी कराई जा रही है। समर कैम्प संचालिका छवि शर्मा ने सभी बच्चों को, प्रशिक्षकों को और अन्य अध्यापकों को योग दिवस की तैयारी में लगने को कहा तथा 21 जून को पूरे उत्साह और उमंग के साथ कॉलेज में योग दिवस मनाने के लिए उपस्थित रहने को कहा।

## कोर्ट मैरिज से खफा लोगों ने महिला से की अभद्रता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** क्षेत्र के लक्ष्मीपुरा में कोर्ट मैरिज को लेकर एक परिवार को निशाना बनाए जाने का मामला सामने आया है। पीड़िता महिला ने चौसाना चौकी प्रभारी को तहरीर सौंपकर गांव के कुछ दबंगों पर अभद्रता, मारपीट और गंभीर धमकी देने के आरोप लगाए हैं। महिला ने खुद और अपने परिवार की जान-माल को खतरा बताया है।

पीड़िता का कहना है कि उसके बेटे ने अपनी पसंद से एक युवती से कोर्ट मैरिज की है, जिससे कुछ ग्रामीण नाराज चल रहे हैं। इसी रंजिश के चलते 10 जून की रात गांव के एक पूर्व प्रधान के आवास पर पंचायत बुलाई गई। बेटे के इंकार के बावजूद उसे जबरन पंचायत में लाया गया, जहां मारपीट कर अपमानित किया गया और गांव छोड़ने की धमकी दी गई।

महिला ने बताया कि अगले दिन सुबह जब वह खेत में गोबर डालने गई, तो वहां भी कुछ लोगों ने उसे गालियां दीं और खुलेआम अपमानित किया। महिला का आरोप है कि लगातार मिल रही धमकियों से परिवार भयभीत है और किसी अनहोनी की आशंका बनी हुई है। वही चौकी प्रभारी ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि तहरीर प्राप्त हुई है। मामले की गंभीरता से जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## पानी का संकट: पंचायत विभाग की अनदेखी से लोग बेहाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** गर्मी के कहर के बीच पानी के संकट ने भडी भरतपुरी गांव के तीन हजार से ज्यादा ग्रामीणों की जीना दुश्वार कर दिया है। यहां ग्राम पंचायत की अनदेखी और लापरवाही से न केवल गलियों में गंदगी का अंबार लगा है, बल्कि गांव के आधा दर्जन से ज्यादा सरकारी हैंडपंप और नल भी वर्षों से खराब पड़े हैं। इससे ग्रामीणों को बूंद-बूंद पानी के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है।

गांव के जिन सार्वजनिक नलों से कभी सैकड़ों परिवारों की प्यास बुझती थी, आज वे कबाड़ की शक्ल ले चुके हैं। वहीं जिन दो-चार नलों में अब भी पानी आता है, उन पर कुछ प्रभावशाली लोगों ने सबमर्सिबल मोटर लगाकर उन्हें अपनी निजी संपत्ति बना लिया है। इससे आम ग्रामीणों को न तो नल का पानी नसीब है और न ही राहत की कोई उम्मीद दिख रही है।

**जहां प्यास लगती है, वहां हैंडपंप बंद**

गांव के मुख्य मोहल्लों में खराब पड़े नलों की लिस्ट लंबी है। सुदे के घर के पास वाला हैंडपंप लंबे समय से बंद पड़ा है, वहीं इस्तयाक, आबिद हाफिज, इकरार, निसार और मुस्तकीम के घर के पास के नल भी जवाब दे चुके हैं। ग्रामीणों का कहना है कि इन जगहों पर महीनों से कोई मिस्त्री झांकने तक नहीं आया।



इकरार का कहना है, पानी के लिए रोजाना कई बार दूर-दराज जाना पड़ता है। छोटे बच्चे और बुजुर्गों को इस गर्मी में कितनी दिक्कत होती है, पंचायत के लोग कभी देखने नहीं आए।

इस्तयाक बोले, कुछ लोगों ने सरकारी नलों पर मोटर लगाकर अपने घरों में पाइप घुसेड़ लिए हैं, अब आम आदमी को क्या मिलेगा?

निसार ने बताया, पिछले साल भी शिकायत की थी, तब कहा गया कि जल्दी ठीक होगा। अब फिर वही हाल है। लगता है चुनाव से पहले ही सुधरेंगे। जब इस मामले में ब्लॉक विकास अधिक. री (बीडीओ) उमाकांत मुद्गल से बात की गई तो उन्होंने कहा, सभी हैंडपंप एक साथ ठीक कराना संभव नहीं है, लेकिन दो-दो करके सभी खराब नलों को ठीक कराया जाएगा। जिन लोगों ने सरक. री नलों पर सबमर्सिबल लगाकर निजी इस्तेमाल शुरू किया है, उनके खिलाफ कार्रवाई होगी।

**कब जागेगा पंचायत विभाग?**

भडी भरतपुरी की तस्वीर पंचायत की कार्यशैली पर बड़ा सवाल खड़ा करती है। गर्मी में जब सबसे ज्यादा पानी की जरूरत होती है, उस वक्त यहां बूंद-बूंद के लिए लड़ाई हो रही है। लोगों की उम्मीद पंचायत की ओर से उठ चुकी है और अब वे सीधे प्रशासन से राहत की गुहार लगा रहे हैं। सवाल यह है कि आखिर कब तक पंचायत विभाग ऐसे ही आंख मूंदे बैठा रहेगा?

## मूर्ति स्थापित न होने पर हवन यज्ञ से दी राजेश पायलट को श्रद्धांजलि



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊन।** गांव हथछोया में बस स्टैंड पर सरकारी भूमि पर गांव वाले पूर्व केंद्रीय मंत्री राजेश पायलट की पुण्यतिथि पर उनकी मूर्ति की स्थापना करना चाहते थे लेकिन प्रशासन द्वारा अनुमति नहीं दी गई अनुमति न मिलने के कारण मूर्ति नहीं रखी जा सकी बाद में ग्राम प्रधान के घेर में हवन यज्ञ कर राजेश पायलट को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। गांव हथछोया में बस स्टैंड के पास ग्रामीण पूर्व केंद्रीय मंत्री गुर्जर नेता राजेश पायलट की मूर्ति की स्थापना करना चाहते थे जिसके लिए ग्रामीणों ने राजस्थान से मूर्ति भी मंगा ली थी लेकिन गांव के कुछ दूसरे समाज के लोगों ने उस पर आपत्ति करते हुए प्रशासन को शिकायत की इसके बाद प्रशासन द्वारा अनुमति नहीं दी गई तथा मूर्ति भी अपने कब्जे में ले ली थी हालांकि बाद में वह वापस दी गई तथा मौके पर पुलिस बल की तैनाती की गई अनुमति न मिलने के कारण गुर्जर समाज के लोगों ने ग्राम प्रधान देवेंद्र तोमर के घेर में पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया जिसमें स्वर्गीय राजेश पायलट को श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा आगे मूर्ति स्थापना के बारे में चर्चा की गई।इस अवसर ब्राह्मणों के साथ विवाद को चलते उनकी अनुपस्थिति पर आचार्य रणवीर सिंह तोमर ने विधि विधान से हवन यज्ञ संपन्न कराया गया। गांव में चौकी प्रभारी राकेश कुमार के नेतृत्व में पुलिस बल तैनात रहा कार्यक्रम शांतिपूर्ण संपन्न होने के बाद प्रशासन ने राहत की सांस ली लेकिन मूर्ति की स्थापना न होने के कारण गुर्जर समाज में रोष देखा गया। कार्यक्रम में तेजपाल गुर्जर, मास्टर अशोक, बृजपाल सिंह, आचार्य रणवीर सिंह ,अभय तोमर ,विनीत तोमर, भोला तोमर ,प्रशांत ,विक्की ,उत्तम ,सतपाल प्रधान ,चंटी तोमर, विशाल तोमर ,अवनीश तोमर, अरुण तोमर आदि शामिल रहे।

## खाद व दवाई न मिलने से परेशान किसान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊन।** सहकारी गन्ना विकास समिति ऊन पर किसानों को कैश क्रेडिट लिमिट पर उधार खाद नहीं मिल रहा है इस समय किसानों को गन्ने की फसल हेतु खाद व दवाई की आवश्यकता है लेकिन किसानों को समिति द्वारा नगद ही खाद दिया जा रहा है चीनी मिल द्वारा भुगतान न मिलने के कारण किसान आर्थिक परेशानी से जूझ रहा है समय पर खाद व दवाई न मिलने के कारण किसानो को अपनी फसल की चिंता सता रही है।

किसानो की शिकायत पर उप जिला अधिकारी संदीप त्रिपाठी ने जिला गन्ना अधिकारी को पत्र भेजकर समस्या के समाधान करने के निर्देश भी दिए हैं लेकिन अभी तक समस्या का समाधान नहीं हो पाया है।

गन्ने में खाद डालना का सीजन लगभग समाप्ति की ओर है लेकिन कैश क्रेडिट लिमिट 3 महीने से लंबित पड़ी है दूसरी ओर चीनी मिल द्वारा 5 दिन का भुगतान भेजा गया था 2 दिन से वह भी समिति व बैंक के खाते में पड़ा है किसानों को नहीं मिला है। इस संबंध में जिला गन्ना अधिकारी ने बताया कि शामली, थाना भवन समिति की कैश क्रेडिट लिमिट पास हो चुकी है अभी ऊन समिति की पास नहीं हुई है बैंक के अधिकारियों से वार्ता की गई है उन्होंने शीघ्र कैश क्रेडिट लिमिट पास करने की बात कही है खाता संबंधी कोई विवाद नहीं है।

# हत्याकांड का खुलासा, तीन गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानौता।** पुलिस ने माधोपुर हत्याकांड का खुलासा करते हुए तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार करते हुए उनकी निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त बाईक, दांव, व डंडा बरामद किया।

नानौता थानाक्षेत्र मे कुछ दिन पूर्व गांव माधोपुर निवासी भटटे पर कार्य करने वाले मजदूर तोसीक का शव गांव से कुछ ही दूर रजवाहे की पटरी पर पड़ा मिला था 27 मई को मृतक के परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए कारवाई की मांग को लेकर थाने में तहरीर दी थी। एसएसपी ने घटना के खुलासे के निर्देश थाना पुलिस को दिए थे थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार तभी से उक्त मामले को लेकर गंभीर थे। बुधवार को घटना का खुलासा करते हुए एसपी देहात सागर जैन ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर नानौता पुलिस ने माधोपुर निवासी सलीम पुत्र शब्बीर, जलालाबाद निवासी नजाकत पुत्र नियामत, ग्राम बिराल थाना बुढ़ाना निवासी हुसैन पुत्र राफा को संगम नहर घाट से गिरफ्तार करते हुए उनकी निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त बाईक, दांव, डंडा आदि बरामद किया। एसपी देहात सागर जैन ने प्रेस कांफ्रेंस कर बताया कि



अभियुक्त सलीम व मृतक तोसीक का गांव के ही एक परिवार के साथ मुकदमा चल रहा था अभियुक्त सलीम को उक्त मामले में सजा होने का अंदेशा था उसने सजा से बचने व मृतक तोस.ीक की हत्या का आरोप पूराने मामले में वादी पक्ष पर लगाने के लिए अपने दो दोस्तों के साथ मिलकर हत्या की साजिश रची तथा मृतक तोसीक को वाट्सएप काल के जरिए बुलाकर उसकी हत्या कर दी थी। पुलिस ने तीनों हत्यारो.पियों को गिरफ्तार कर लिया।

## छत से गिरकर महिला की मौत, परिजनों में कोहराम

**नागल।** थाना क्षेत्र के गांव बसेड़ा में मकान की छत से गिरकर एक महिला की मौत हो गई घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। दोपहर बाद परिजनों ने बिना किसी कानूनी कार्यवाही के उसका अंतिम संस्कार कर दिया।

मिली जानकारी के मुताबिक अर्चना 30 पत्नी विपिन कुमार बुधवार सुबह करीब 5 बजे अपने किसी काम के लिए मकान की छत पर गई थी। नीचे आते समय वह असंतुलित होकर छत से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजन उसे नजदीकी अस्पताल में ले गये। सिर में खून जम जाने के कारण हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने उसे मेरठ हायर सेंटर रेफर कर दिया। हायर सेंटर जाने से पहले ही उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। मृतक अपने पीछे दो मासूम लड़के तथा एक लड़की छोड़ गई है।

# छबील लगा राहगीरों की बुझाई प्यास



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** भीषण गर्मी और चिल्ल.चलाती धूप से आमजन परेशान है। सूरज की तपिश और गर्म हवाओ के बीच सफर करना भी मुश्किल हो रहा है। ऐसे में कड़ी धूप में सफर करने वाले राहगीरों के लिए बेहट कस्बे के आनंद बाग में शेख गुलफाम के प्रतिष्ठान पर समाजसेवी संगठनों द्वारा छबील लगाकर राहगीरों की प्यास बुझाई।

इस दौरान बेहट विधायक उमर अली खान ने कहा कि समाजसेवा करना सबसे बड़ा पुण्य का काम है। चिलचिलाती धूप में खड़े होकर राहगीरों की प्यास बुझाने का काम काबिले तारीफ है।

बेहट कोतवाली इंस्पेक्टर सूबे सिंह ने कहा कि भीषण गर्मी से जनता का जीना मुहाल हो रहा है ऐसे ने सड़को पर सफर करने वाले राहगीरों की प्यास बुझाने के लिए शरबत पिलाना बहुत अच्छा काम है।

इस दौरान रागिब अंजुम, शेखघ् गुलफाम अहमद शेखघ् नादिर, फैसल मंसूरी, शेख नदीम अहमद, कय्यूम मिर्जा आदि ने बाइक सवारों, कारों, ट्रकों, बसों व अन्य वाहनों को रोक रोक कर राहगीरों को शरबत पिलवाया। इस मौके पर राजा खान, आबिद मलिक, पाकी मिस्त्री, शोबी मिस्त्री, तौफीक अहमद, रिहान, सोनू, अर्शलान, असद, दानिश, अकबर कुरैशी, शेख अबूजर, शावेज शेख, आरिफ शेख, फरहान खान, हारून खान आदि मौजूद रहे।

# खूंखार बंदर के हमले में बच्चा घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**तल्हेडी बुजुर्ग।** क्षेत्र के गांव सरसीना में खूंखार बंदरों ने एक बच्चे पर जानलेवा हमला कर उसे गम्भीर रूप से घायल कर दिया, ग्रामीणों ने बच्चे को बमुश्किल बन्दरो के चंगुल से छुड़वाया।

देवबंद तहसील क्षेत्र के गांव सरसीना में विगत कई वर्षो से खूंखार बंदरों ने जमकर तांडव मचाया हुआ है।जिसके कारण ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है।बुधवार को शाम के समय सरसीना निवासी निखिल त्यागी पुत्र मुकेश का छह वर्षीय मासूम बच्चा खेल रहा था इसी दौरान खूंखार बंदरों का एक झुंड आया और उस बच्चे पर टूट पड़ा।इस दौरान बच्चे ने भागने का प्रयास किया लेकिन बन्दरो ने उसे दबोच लिया और उस पर जानलेवा हमला करते हुए उसे गम्भीर रूप से घायल कर दिया। बन्दरो के हमले में बच्चे का बायां पैर व सिर बुरी तरह जख्मी हो गया है। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने बमुश्किल बच्चे को बन्दरो के चंगुल से छुड़वाया लेकिन तब तक बन्दरो ने बच्चे को लहूलुहान कर दिया।



ग्रामीणों ने आनन-फानन में सरक.ारी एम्बुलेंस को बुलवाया और घायल बच्चे को नागल साम.ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उपचार के लिए भिजवा दिया। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में बन्दरो का आतंक इस कदर हावी है कि लोगों का घर से निकलना दुश्वार हो गया है। उन्होंने बताया कि इससे पूर्व भी खूंखार बन्दर कई लोगों को घायल कर चुके हैं। बन्दरो के आतंक से घबराए लोगों ने शासन प्रशासन से गुहार लगाई है कि इन बन्दरो से छुटकारा दिलाने में सहयोग करें अन्यथा किसी दिन बड़ी दुर्घटना घटित हो सकती है।

## तमंचे समेत पकडा

**बेहट।** कोतवाली पुलिस ने चे.कंग के दौरान एक व्यक्ति को अवैध तमंचा सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा लिया हैं।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सूबे सिंह ने बताएं कि वे आज पुलिस बल के साथ क्षेत्र में गश्त कर रहे थे तभी मुखबिर ने सूचना दी की एक व्यक्ति अवैध हथियार लेकर किसी घटना को अंजाम देने के लिए जा रहा है जैसे ही पुलिस को सूचना मिली तो पुलिस ने गंभीरता से लेते हुए मुखबिर द्वारा बताए गए स्थान ग्राम मरवा के जंगल से एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया पकड़े गए व्यक्ति ने पुलिस को अपना अपना नाम इफ्तिखार पुत्र फारूक निवासी ग्राम मरवा थाना बेहट बताया तलाशी लेने पर उसके पास से एक अवैध तमंचा एक जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद हुए। पकड़े गए आरोपित के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया।

# पर्यावरण संरक्षण गोष्ठी में किसानों को दी जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** गांव जसमोर और नौगांव में उपज बहार फार्मर प्रोडूसर कंपनी के द्वारा पर्यावरण के संरक्षण विषय पर गोष्ठी का आयोजन किसानों को जानकारी दी गई

गोष्ठी में कंपनी के प्रबंध निद.ेशक पर्यावरण विद् राजकुमार शर्मा ने किसानों को पर्यावरण के संरक्षक विषय पर जानकारी दी और पर्यावरण को शुद्ध कैसे रखा जाए इसके बारे में उन्होंने बताया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि हमारा मकसद किसानों को पर्यावरण संरक्षण के महत्व के प्रति जागरूक करना और इस क्षेत्र में सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि किसान केवल अन्नदाता ही नही हैं, बल्कि पर्यावरण के संरक्षक भी हो सकते हैं। आज की बदलती जलवायु परिस्थितियों में पर्यावरण संरक्षण हर किसान की प्राथमिकता होनी चाहिए। कहा कि सरकार की प्रमुख पर्यावरण-अनुकूल योजनाओं जैसे पर्यावरण अनुकूल पेड़ लगाकर कार्बन क्रेडिट योजनाएं किसानों को अपनाने की जरूरत है। उन्होंने आयोजित गोष्ठी में किसानों को उपरोक्त योजनाओं का लाभ उठाने और अपनी खेती को अधिक टिकाऊ बनाने के लिए प्रोत्साहित किया। दोनों गांवों में आयोजित गोष्ठियों में किसानों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।



इस अवसर पर विनोद चौहान, मुक.ेश चौहान, राजू, प्रीतम सिंह, कंव.रपाल, यशपाल, रविन्द्र चौहान, करण सिंह, असलम प्रधान, मुख्तार, अबुल हसन, रणबीर, पंकज, रवि, सुक्कड़, मदन सिंह, बलबीर चौहान, राजकुमार चौहान, अंकित, अजय शर्मा, शोयब, तेजपाल आदि किसान उपस्थित रहे।

# बैंकों में ग्राहकों की भीड़ से बनी जाम की स्थिति

## स्कूलों की छुट्टी के समय बढ़ जाती हैं मुश्किलें

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** बैंक शाखाओं में ग्राहकों की भीड़ के कारण राम बाग रोड पर हर समय जाम की स्थिति बन गई है। इस समय स्कूलों की छुट्टी चल रही हैं इसके बावजूद स्थिति में सुधार नहीं हे।

नगर के राम बाग रोड पर शिवा.लिक बैंक, पंजाब नेशनल बैंक व इंडियन ओवरसीज बैंक की शाखा यहां है। सर्राफा बाजार से हट कर पोस्ट आफिस भी इसी स्थान पर पहुंच गया था। एक ही स्थान पर तीन बैंक व डाक घर की शाखा हो जाने से यहां हर समय ग्राहकों की भीड़ लगी रहती है।

इस मार्ग को पूरी तरह बैंक रोड बना दिया गया है। सडक संकरी होने तथा यहां पर पार्किंग की सुविधा न होने से ग्राहकों के वाहन हर समय सडक पर ही खड़े रहते है। रास्ता न मिलने के कारण राम बाग कालोनी में रहने वाले लोगों व इस मार्ग से गुजरने वालों को आने-जाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। कभी-कभी तो यहां जाम की स्थिति बन जाती है। कई बार तो यहां व्यवस्था इतनी खराब हो जाती है कि लोगों को घंटों परेशानी का सामना करना पड़ता है।

इस समय स्कूल कालेज भी बंद हैं इसके बावजूद लोगों को राहत नहीं हे। कालोनी वासियों ने बैंकों के सामने से वाहनों को हटा कर दूसरी जगह इनकी व्यवस्था करने की मांग की है।

# अतिक्रमण व अवैध निर्माण हटाने को प्रदर्शन

**नागल।** खजूरवाला गांव में भूमियाखेड़ा वाले मुख्य मार्ग तथा तालाबों पर हो रहे अतिक्रमण एंव अवैध निर्माण हटाने को लेकर ग्रामीणों ने बुधवार को प्रदर्शन किया। जबकि एक दिन पहले ही ग्रामीणों ने इस मार्ग पर बन रही सी सी सड़क को यह कहकर रुकवा दिया था कि जब तक अतिक्रमण नही हटता तब तक सड़क निर्माण भी नही होने देगें। मामले को लेकर नायब तहसीलदार मोनिका चौहान ने हल्का लेखपाल को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

मिली जानकारी के मुताबिक ग्रामीणों ने बताया कि राजस्व विभाग के अभिलेख में गांव का यह मार्ग हाईवे अंडरपास से लेकर शिव मंदिर तक करीब 35 फीट चौड़ा दर्ज है ।लेकिन कुछ लोगों द्वारा अतिक्रमण करने के बाद यह मार्ग करीब 20 फीट चौड़ा रह गया है। अतिक्रमण की यह शिकायत वह जिला प्रशासन से लेकर शासन तक कर चुके हैं लेकिन आज तक कोई सुनवाई नहीं हुई है। उन्होंने हल्का लेखपाल व ग्राम प्रधान पर आरोप लगाते हुए कहा कि तालाबों पर हो रहे अवैध निर्माण की शिकायत वह कई बार लेखपाल से कर चुके हैं लेकिन लेखपाल द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई है। हाल ही में ग्राम प्रधान द्वारा ग्राम पंचायत निधि से इस मार्ग पर सीसी निर्माण का कार्य करवाया जा रहा है। लेकिन उनके द्वारा सीसी निर्माण का कार्य तब तक रुकवा दिया गया है जब तक प्रशासन इस मार्ग से



अतिक्रमण नहीं हटवाता। मंगलवार को नायब तहस.ीलदार ने गांव का दौरा कर मौके का निरीक्षण कर हल्का लेखपाल को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उधर ग्राम प्रधान दल सिंह का कहना है कि गांव के एक दो व्यक्ति सीसी निर्माण कार्य का विरोध कर रहे हैं। मामला अधिकारियों के संज्ञान में है शीघ्र ही सीसी निर्माण कार्य शुरू करा दिया जाएगा। प्रदर्शन में कुलदीप राणा, जयवीर राणा, महेंद्र सिंह, कृपाल सिंह, नीलू राणा, जोगि.ंदर राणा, ओम कुमार कश्यप, नेत्रपाल, राजेश कश्यप, गौतम शर्मा, अभिलाष शर्मा, सतीश, सुमित शर्मा, नीरज राणा, संजीत शर्मा, अनिल कुमार, श्रवण कुमार मौजूद रहे।

# ट्रांसफार्मर लगाने को लेकर हुआ भारी हंगामा

**नकुड़।** क्षेत्र के गांव नसरुल्लागढ़ में मंगलवार को बिजली विभाग की ओर से ट्रांसफार्मर लगाने को लेकर भारी हंगामा हो गया। विवाद उस समय गहराया जब विभागीय कर्मचारी 100 केवी की जगह 250 केवी का ट्रांसफार्मर लेकर मौके पर पहुंचे। जैसे ही ट्रांसफार्मर को रखवाने की कोशिश की तो भूमि स्वामी और उनके परिजनों ने इसका कड़ा विरोध शुरू कर दिया। महिलाओं ने ट्रांसफार्मर स्थापना का विरोध करते हुए जमीन पर बैठकर हंगामा शुरू कर दिया।

स्थिति की गंभीरता को देखते हुए कोतवाली पुलिस को सूचना दी गई। जिसके बाद पुलिस बल मौके पर पहुंचा और हालात को संभालने का प्रयास किया। बताया जाता है कि ग्रामीण प्रेम प्रधान, शिवकुमार, रमेश चंद्र, अनुज कुमार, राजपाल, मेघराज आदि ने ट्रांसफार्मर लगाने के लिए भूमि स्वामी की पूर्व में ही सहमति ले ली थी। ग्रामीणों का कहना है कि ट्रांसफार्मर भीषण गर्मी में ग्रामीणों जरूरत को देखते हुए लगाया जा रहा है। जिससे सैकड़ों परिवारों को राहत मिलेगी। वहीं भूमि स्वामी बीर सिंह, ब्लेन्द्र, कोमल, रोशनी, परमीशा आदि ने साफ शब्दों में कहा कि वे अपनी निजी भूमि पर ट्रांसफार्मर नहीं लगने देंगे। उनका आरोप है कि बिना लिखित अनुमति के जबरन उनकी जमीन पर कार्य किया जा रहा है। महिलाओं ने यहां तक कहा कि अगर जबरदस्ती ट्रांसफार्मर रखा गया तो वे आत्महत्या करने को मजबूर होंगी। मौके पर प्रशासनिक अधिकारियों ने दोनों पक्षों को समझाने का भरसक प्रयास किया। काफी देर की वार्ता के बाद ही ट्रांसफार्मर को नियत स्थान पर रखवाया गया।

## जमीनी विवाद में कार्यवाही

**गंगोह।** ग्राम बल्लामजरा निवासीगण जलील अहमद और अकरम, खालिद दोनों पक्षों में जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। बताया गया है कि प्रशासन द्वारा इस पर धारा 145 के अंतर्गत कार्रवाई की हुई है।

मंगलवार की शाम जलील पक्ष ट्रैक्टर से इस जमीन की जुताई कर रहा था। दूसरे पक्ष अकरम, खालिद आदि ने ऐतराज जताया तो दोनों पक्षों के बीच कहासुनी हो गई। देखते ही देखते कहासुनी मारपीट मे बदल गई। दोनों ओर से जमकर लाठी डंडे चले। किसी ने इसकी सूचना पुलिस को दे दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को काबू किया। इस दौरान किसी ने मारपीट की वीडियो इंटरनेट मीडिया पर भी प्रसारित कर दी। मारपीट में एक पक्ष की लड़की मसूबा और दूसरे पक्ष की अलीशा घायल हो गई। घायलों को सीएचसी मे भर्ती कराया गया वहां से उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

# चिलचिलाती गर्मी ने लोगों को झुलसाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** चिल्ल.चलाती गर्मी और गर्म हवाओं ने लोगों को झुलसा कर रख दिया है। हालत ये हो गई है कि न घर में राहत न बाहर चौन।सूरज निकलने के साथ ही तपिश का आलम शुरू होता है वो देर रात तक अपना असर दिखाता है।

पिछले कुछ दिनों से सूरज लगातार आग सी बरसा रहा है।सूरज निकलने के साथ तपिश शुरू हो जाती है जो दोपहर तक अपने शबाब पर आ जाती है।ताहिर मलिक रामपुरी का ये शेर शुमान होने लगे मुझको इक कयामत का, यूँ पास बैठो मेरी जान दो घड़ी के लिए। ऐसा लगता है कि इस शिद्दत की गर्मी के लिए ही कहा गया है। बिना साये के चलने बैठने पर कयामत का सा ही अहसास होता है। पसीना पल भी दामन नहीं छोड़ता। जिससे शरीर चिपचिपा महसूस होने लगता है। इस तपिश ने लोगों के हलक सुखा दिए हैं। कितनी ही बार पानी पी लिया जाए प्यास है कि मिटती ही नहीं। राहगीरों का तो और भी बुरा हाल है। ठंडे पानी की बोतल भी चंद मिनटों में गर्म पानी की बोतल में बदल जाती है।

इस धूप के खेल का असर बाजारों में भी दिखाई देने लगा है।बाजार में ग्राहकों की आमद कम हो गई है।बिना जरूरत के कोई बाहर नहीं जाना चाहता। कुछ दुकानदारों द्वारा ठंडा मीठा शर्बत वित.रित किया जा रहा है जिससे राहगीरों व स्थानीय लोगों को थोड़ी राहत जरूर मिल रही है फिर भी ये नाकाफी है।जब तक बारिश नहीं होती तब तक चिलचिलाती धूप और तपिश से राहत के कोई आसार नहीं हैं।

उधर बार बार लगने वाले बिजली के कट और लो वोल्टेज घरों में रहने वाली महिलाओं, बच्चों, बीमार और बजुर्गों के लिए जी का जंजाल बन गए हैं। इस सबसे घबरा कर लोग बारिश की दुआएँ कर रहे हैं।



# टोल टैक्स पर राहगीरों को पिलाया शरबत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** देहरादून रोड पर स्थित चमारीखेड़ा टोल टैक्स ने भीषण गर्मी के बीच राहगीरों को राहत देने की अनुकरणीय पहल की। टोल प्रबंधन ने टोल मैनेजर अवनीश मिश्रा वह राजन तिवारी के नेतृत्व में यात्रियों को ठंडा और मीठा पानी वितरित किया। इस नेक कार्य में टोल कर्मी अनिरुद्ध शर्मा, रोहन राणा, राहुल यादव, योगेश राणा, अक्षय पंडित, शुभम सैनी और नितेश शर्मा ने सक्रिय योगदान दिया। यह पहल आज तपती दोपहरी में राहगीरों के लिए वरदान साबित हुई।

गर्मी की तीव्रता से जूझ रहे पैदल यात्रियों, दोपहिया और अन्य वाहन चालकों ने ठंडे पानी की इस व्यवस्था की जमकर सराहना की। कई राहगीरों ने इसे गर्मी से निपटने का एक छोटा मगर प्रभावी कदम बताया। टोल मैनेजर अवनीश मिश्रा ने कहा कि सामाजिक जिम्मेदारी के तहत यह प्रयास किया गया, और भविष्य में भी ऐसी पहल जारी रखने का इरादा है। उन्होंने बताया कि यह कदम न केवल राहगीरों की सुविधा के लिए है, बल्कि टोल प्रबंधन और समुदाय के बीच सकारात्मक संबंध स्थापित करने का भी प्रयास है। स्थानीय लोगों ने इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि चमारीखेड़ा टोल, जो अक्सर विवादों के लिए चर्चा में रहता है, इस तरह के कार्यों से अपनी छवि में सुधार कर सकता है।



# भारतीय जैन मिलन का कार्यक्रम

## प्रशांत त्यागी व संयम जैन को किया सम्मानित

**धामपुर।** भारतीय जैन मिलन, क्षेत्र संख्या 3 की प्रथम कार्यकारिणी सभा का आयोजन बुधवार को धामपुर स्थित साहू चंडी प्रसाद जैन धर्मशाला में किया गया। इस सभा में क्षेत्रीय पदाधिकारी, शाखा प्रतिनिधि एवं गणमान्य सदस्यगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभा में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अतिवीर प्रदीप जैन ने संगठन की मजबूती और कार्य विस्तार पर बल देते हुए युवाओं से सक्रियता के साथ जुड़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जैन मिलन समाज सेवा और धार्मिक जागरूकता का सशक्त मंच है। बैठक की अध्यक्षता क्षेत्रीय अध्यक्ष अतिवीर संदेश जैन ने की। उन्होंने जैन मिलन की सामाजिक और धार्मिक गतिविधियों का विवरण साझा करते हुए सेवाओं को और प्रभावी बनाने का आह्वान किया। मुख्य पुरुष शाखा संयोजक सम्भव जैन ने पुरुष शाखाओं की रिपोर्ट प्रस्तुत की। वहीं महिला शाखा संयोजिका श्रीमती कामिनी जैन ने महिला शाखाओं की गतिविधियों का ब्यौरा दिया। सभा के मुख्य अतिथि, भारतीय जैन मिलन के राष्ट्रीय महामंत्री (प्रशासन) अतिवीर अजय जैन ने इस वर्ष को 'जैन तीर्थ रक्षा अभियान वर्ष' घोषित किया और मुनिराजों व तीर्थों के संरक्षण पर बल दिया। उन्होंने मासिक बैठकें नियमित करने और सेवा कार्यों को गतिशील बनाने पर जोर दिया। कार्यक्रम का संचालन वीर अवधेश जैन ने किया। इस अवसर पर मंच पर अतिवीर दिनेश जैन सेठी (क्षेत्रीय मंत्री), वीर विशाल जैन (वरिष्ठ कार्यकारी अध्यक्ष), वीर अविनाश जैन (कार्यकारी अध्यक्ष) सहित संजय कुमार जैन, सुनील कुमार वर्मा, नीरेश जैन, संजोग जैन, मुकुल जैन, कुमुद जैन, सौरभ जैन, सुगम जैन, टीकाराम जैन, मार्दव जैन सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। विशेष रूप से प्रशांत त्यागी (योगाचार्य) एवं युवा समाजसेवी संयम जैन को 'रक्तवीर एवं गोरक्षक' के रूप में सम्मानित किया गया। साथ ही वीर लोकेन्द्र जैन और वीरां गीता जैन स्योहारा को क्षेत्रीय योगदान हेतु सम्मान प्रदान किया गया। कार्यक्रम में जैन मिलन अरिहंत, महिला जैन मिलन, महिला जैन मिलन अरिहंत एवं युवा जैन मिलन की शाखाओं का भरपूर सहयोग रहा। सभा का समापन संगठन की एकता, सेवा भावना और संस्कृति को समर्पित संकल्प के साथ किया गया।



# संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** नगर के मोहल्ला जाकिर हुसैन में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है। ससुरालजनों का कहना है कि विवा.हता द्वारा फांसी के फंदे से लटककर आत्महत्या की गई है।

मिली जानकारी के मुताबिक नगर के मोहल्ला जाकिर हुसैन निवासी मोनू पुत्र नरेश मजदूरी का कार्य करता है जो कि अधिकतर पहाडी क्षेत्रों में फलों को तोडने व उनकी पैकिंग का कार्य करने के लिए मजदूरी पर वहाँ जाता रहता है। लगभग तीन माह पूर्व प्रेम प्रसंग के चलते मोनू हिमाचल प्रदेश के चम्भा निवासी युवती अन्नु को शादी रचाकर अपने घर ले आया था। अन्नु के घर आने के एक माह तक तो सब ठीक ठाक चलता रहा लेकिन इसके बाद अन्नु व मोनू के परिवार की महिलाओं के बीच किसी न किसी बात को लेकर क्लेश रहने लगी।

बताया जा रहा है कि कभी कभी तो यह इतनी तेज आवाज में एक दूसरे पर चिल्लाते थे, कि पडौसी अपने घर की छतो पर बैठकर इनका झगडा देखने लगते थे। मोहल्ले वासियों से जानकारी मिली है कि मोनू लगभग एक माह पूर्व घर से बाहर काम पर चला गया था। जिसके बाद से परिवार की महिलाओं के बीच आये दिन कलेश चल रहा था, वहीं मंगलवार को देर रात्रि तक झगडने के बाद बुधवार की सुबह फिर से इनके बीच तू तू मैं मैं शुरू हो गयी थी। जिसके कुछ देर बाद ही परिवार की अन्य महिलाओं ने चिल्लाना शुरू कर दिया कि अन्नु ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या या हत्या यह तो जांच का विषय है जो कि पासमोर्टम रिपोर्ट के बाद ही स्पष्ट हो पायेगा। घटना की सूचना मिलने पश्चात मौके पर पहुंची पुलिस नें मृतका के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि मृतका के पति मोनू से बात की गयी तो उसने बताया है कि मृतका अन्नू के मायके में कोई भी नही है। उन दोनों की मुलाकात देहरादून में हुई थी और दोनों ने शादी कर ली थी।



# भीम आर्मी ने की युवक की गिरफ्तारी की मांग



देवबन्द। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में युवक द्वारा भीम आर्मी प्रमुख एवं आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सांसद चंद्रशेखर आजाद के संबंध में अभद्र टिप्पणी किए जाने से नाराज़ भीम आर्मी व असपा कार्यकर्ताओं ने कोतवाली के बाहर प्रदर्शन कर आरोपी युवक के खिलाफ कार्रवाई किये जाने की मांग की। भीम आर्मी के देवबंद विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र कुमार लांबा के नेतृत्व में कोतवाली पहुंचे कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए सांसद चंद्रशेखर आजाद के विरुद्ध अभद्र भाषा का प्रयोग करने वाले युवक के खिलाफ पुलिस को तहरीर देकर कड़ी कार्रवाई की मांग।

तहरीर में कहा गया है कि सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रही है जिसमें सरधना जिला मुजफ्फरनगर निवासी ठाकुर बिरादरी का एक युवक भीम आर्मी चीफ एवं सांसद चंद्रशेखर आजाद के बारे में अभद्र भाषा का प्रयोग कर रहा है, जिससे बहुजन समाज में भारी रोष है। कहा कि उक्त युवक दो समुदाय में दंगा भडकाना चाहता है।

इसलिए शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए आरोपी युवक के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई आवश्यक है। प्रदर्शन कर पुलिस से कार्रवाई की मांग करने वालों में छोटू रावण, दीपक पुरी, अंकित गगन, धर्मेश बौद्ध, नितिन, अतुल जाटव, दुष्यंत रावण आदि भीम आर्मी कार्यकर्ता शामिल रहे।

# छबील लगाकर राहगीरों को पिलाया ठंडा शरबत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** भीषण गर्मी से राहगीरों को राहत दिलाने के लिए मानव कल्याण मंच द्वारा छबील लगाकर लागो को ठंडा शरबत व पानी वितरित किया गया।

मानव कल्याण मंच द्वारा नर सेवा नारायण सेवा के तहत मजनू वाला रोड पर लगाई गई छबील का उद्घाटन मंच संस्थापक अरुण अग्रवाल एवं सभासद विपिन त्यागी एडवोकेट ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर राहगीरों ने ठंडा शरबत व पानी पीकर भयंकर गर्मी में राहत की सांस ली। इस दौरान अरुण अग्रवाल ने कहा कि जल के बिना जीवन संभव नहीं है। गर्मी के मौसम में लोगों की प्यास बुझाने से बड़ा और कोई पुण्य कार्य नहीं है। मंच अध्यक्ष सुशील कर्णवाल ने कहा कि हम मानव रूप में दुनिया में आए हैं




इसलिए निर्धन व जरूरतमंदों की सेवा प्रत्येक व्यक्ति को करनी चाहिए। मंच के महासचिव राजू सैनी ने कहा कि मानव कल्याण मंच निरंतर समाजसेवा के कार्य कर रहा है। अंत में संजय सैनी ने सभी का आभार जताया। राजीव शर्मा, प्रमोद मित्तल, श्याम चौहान, नरेंद्र बंसल, जितेंद्र कश्यप आदि मंच कार्यकर्ता शामिल रहे।

## मंगलौर रोड पर ठंडे शरबत व पानी की लगाई छबील

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** अंसारी विकास एवं जागरुकता समिति द्वारा छबील लगाकर भीषण गर्मी में लोगो को कुछ राहत पहुंचाने के लिए ठंडा शरबत व पानी वितरित किया गया।

मंगलौर रोड पुलिस चौकी पर अंसारी विकास एवं जागरुकता समिति द्वारा छबील लगाकर राहगीरों को शरबत व पानी वितरित किया गया। इस अवसर पर डॉ. जुबैर अंसारी ने कहा कि भीषण गर्मी में लोगों की प्यास बुझाना बहुत ही पुण्य का कार्य है। सभी को इस तरह के आयोजन करने चाहिए। इस मौके पर गुलफाम अंसारी, नदीम अंसारी, हैदर अंसारी, हफीज अंसारी, वकील, शादाब अंसारी, अफजल, मोनू अंसारी आदि लोग शामिल रहे।

## वांछित आरोपी को भेजा जेल

**देवबन्द।** लखनौती में बीती 31 मई को जानलेवा हमले के बाद अंधाधुंध फायरिंग कर दहशत फैलाने में नामजद आरोपी रोहन उर्फ कल्लू निवासी गांव सांखन कलां को पुलिस ने बुधवार को कासिमपुरा फाटक के पास से गिरफ्तार कर लिया। कोतवाली प्रभारी धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि रोहन हमले में नामजद आरोपी था। बताया कि अब तक पुलिस दो लोगों को मुठभेड़ में गिरफ्तार करने सहित सात लोगों को जेल भेज चुकी है। बताया कि अन्य आरोपियों को भी शीघ्र गिरफ्तार कर लिया जाएगा। 31 मईको हुए हमले में घायल संजय त्यागी के भाई सत्यवान ने संजय त्यागी केसाले रजनीश के पुत्र अचिन त्यागी सहित पांच लोगों को नामजद करते हुए पांच-छह अज्ञात के खिलाफ जानलेवा हमला कर संजय को घायल करने एवं भाभी संगीता को लाठी-डंडो से पीट घायल करने एवं दहशत फैलाने के उद्देश्य से अंधाधुंध फायरिंग करने का आरोप लगाया था। पुलिस ने सभी आरो. पियों के खिलाफ बीएनएस की विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर कार्रवाई आरंभ की थी।

### सत्र में प्रवेश हेतु पंजीकरण की अंतिम तिथि 15 जून

**मुजफ्फरनगर।** डीएवी कालेज मुजफ्फरनगर प्राचार्य डा. गरिमा जैन द्वारा अवगत कराया गया कि सत्र 2025-26 में प्रवेश हेतु पंजीकरण की अन्तिम तिथि 15 जून 2025 निर्धारित की गयी है। पंजीकरण प्रथम बार समर्थ पोर्टल के माध्यम से हो रहे है जिसके लिए E-mail, APAAR ID, Digilocker इत्यादि की आई.डी. एवं पासवर्ड की आवश्यकता होती है। कॉलेज, में अध्ययन के इच्छुक छात्र समय-सीमा में पंजीकरण कराकर पंजीकरण करा लें।

## राजेश पायलट को अर्पित की श्रद्धाजंली


**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं किसान नेता राजेश पायलट की पुण्यतिथि पर गांव में स्थापित राज. श पायलट की मूर्ति पर फूल मालाएं पहनाकर उन्हें श्रद्धाजंली अर्पित की गई।

गांव मिरगपुर में पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं किसान नेता राजेश पायलट की पुण्यतिथि पर आयोजित कार्यक्रम में प्रसाद वितरण के उपरांत चौधरी कालूराम ने कहा कि राजेश पायलट निर्भिक एवं निडर होने के साथ-साथ किसान, मजदूर और मजलूमों के सच्चे नेता थे। उन्होंने पायलट को याद करते हुए कहा कि वह कहा करते थे कि जहां पर बैठकर कानून एवं कार्ययोजनाएं तैयार की जाती है वहां जब तक किसानों और गरीबो के बच्चें पढ़ लिखकर नहीं पहुंचेंगे तब तक देश तरक्की नहीं करेगा। सहकारी सघन समिति के चेयरमैन चौधरी ओमपाल सिंह, परविन्द्र कुमार, मनोज कुमार, अजय पंवार, प्रवीण पंवार आदि ग्रामीण शामिल रहे।

## जिला मंत्री पद की जिम्मेदारी सौंपी

**धामपुर।** हिन्दू सुरक्षा सेवा संघ जनपद बिजनौर ने संगठन विस्तार के अंतर्गत धामपुर निवासी को जिला मंत्री पद की जिम्मेदारी सौंपी है। यह जिम्मेदारी संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री श्री 1008 महंत राजूदास जी महाराज के आदेशानुसार दी गई। नव-नियुक्त जिला मंत्री ने कहा कि वह गो रक्षा, धर्म, संस्कृति, सनातन धरोहर और हिन्दू एकता की रक्षा के लिए पूर्णत: समर्पित रहेंगे। उन्होंने संगठन द्वारा दिए गए इस दायित्व के लिए आभार जताया और सेवा भाव से काम करने का संकल्प लिया। जिला मंत्री ने सभी सनातनी बंधुओं से पूर्व की भांति सहयोग बनाए रखने की अपील की।



## सरकार की गलत नीतियों के कारण किसान आत्महत्या को मजबूर

**देवबन्द।** भारतीय किसान यूनियन (किसान जनशक्ति) की आयोजित बैठक में किसानों की विभिन्न समस्याओं पर विचार विमर्श किया गया। वक्ताओं ने कहा कि सरकार की गलत नीतियों के कारण ही किसान कर्जमंद होकर आत्महत्या करने पर मजबूर है।

रणखंडी रोड स्थित कार्यालय पर हुई बैठक में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनय त्यागी ने कहा कि फसलों के दाम नहीं बढने से किसान केसीसी समेत अन्य स्रोतों से लिया कर्ज नहीं उतार पा रहे हैं और कर्जमंद होकर आत्महत्या करने को मजबूर है। कहा कि किसानों की जो दुर्दशा इस सरकार में है वह पहले कभी नहीं हुई। सरकार ने कोऑपरेटिव बैंकों का ब्याज 3 से बढ़ाकर 7 प्रतिशत कर दिया है। जो कर्ज उद्योगपतियों को दिया जाता है उसे सरकार माफ कर देती है लेकिन किसानों से लिया कर्ज ब्याज सहित वसूला जा रहा है। यह भेदभाव नहीं तो क्या है। त्यागी ने कहा कि सरकार किसानों को यूरिया खाद उपलब्ध कराने में नाकाम रही है। नैनो यूरिया जबरदस्ती किसानों को थोपा जा रहा है। उद्योगपतियों को फायदा पहुंचाने के लिए सरकार नैनो यूरिया खरीदने पर जोर दे रही है। बैठक में जुगनू त्यागी, दीपक कुमार, आदित्य राणा, सलेख चंद, रोहित त्यागी व अंकित शर्मा आदि मौजूद रहे।

## मारपीट कर घायल करने का आरोप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** खेड़ामुगल गांव निवासी फकीरचंद ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बुधवार को वह मजदूरी करके घर लौट रहा था। रास्ते में पहले से खड़े मोहल्ले के ही एक व्यक्ति ने उसे रोक लिया और अकारण गाली गलौज करने लगा। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की जिसमें वह घायल हो गया। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

## नवनिर्वाचित अध्यक्ष को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** सिविल बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष ठाकुर वीरेंद्र पाल सिंह का माल्यार्पण कर व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

राजपूत चेतना मंच की आयोजित मंच महामंत्री अमित सिंह पुंडीर के निवास पर आयोजित बैठक में सिविल बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष ठाकुर वीरेंद्र पाल सिंह का मंच सदस्यों ने माल्यार्पण कर एवं स्मृति चिन्ह देकर अभिनंदन किया। इस अवसर पर डा. सुखपाल सिंह, डा. बीपी सिंह, अध्यक्ष दिनेश राणा, महामंत्री अमित सिंह पुंडीर, कोषाध्यक्ष मुनिंद्र पुंडीर, मुकेश राणा कोर्डिनेटर, उप महामंत्री महेश राणा, विकास पुंडीर, हरवेंद्र राणा, विशाल राणा, भूपेंद्र राणा, मनीष चौहान आदि मंच कार्यकर्ता शामिल रहे।

## लापता युवक का शव मिला



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नांगल सोती।** लापता युवक का शव सड़क किनारे झाड़ियों में मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई।

गांव हरचंदपुर निवासी अरविंद कुमार पुत्र संजय कुमार उम्र 32 वर्ष मंगलवार से गायब था। इसके साथ ही उक्त युवक शराब पीने का आदी था। मंगलवार से ही परिजन उसकी तलाश में जुटे थे। बुधवार की सायं 4 बजे नांगल चंदक मार्ग पर एक ढाबे के समीप अरविंद का शव सड़क किनारे झाड़ियों में पड़ा मिला, जिसके बाद इसकी सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पर नांगल थाना प्रभारी सुशील कुमार सैनी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए और फील्ड यूनिट को घटना की सूचना दी और जांच में जुट गई। मृतक के परिजन पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर रहे है। परिजनों ने बताया कि मृतक के चार छोटे-छोटे बच्चे है।

## पश्चिम प्रदेश निर्माण के बिना तरक्की सम्भव नहीं: शर्मा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** पश्चिम प्रदेश निर्माण के लिए उत्तम प्रदेश निर्माण संगठन व पश्चिम प्रदेश मुक्ति मोर्चा की संयुक्त बैठक में जन जागरण अभियान चलाने का निर्णय लेते हुए वक्ताओं ने पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने का आह्वान किया।

गांव जड़ोदाजट में हुई बेठक में उत्तम प्रदेश निर्माण संगठन के राष्ट्रीय महासचिव डा. विपिन शर्मा ने कहा कि उत्तर प्रदेश की आबादी 25 करोड़ है। बड़ा प्रदेश होने के कारण यहां के नागरिकों की सुरक्षा व्यवस्था राम भरोसे है, बेरोजगारी चरम पर है, विकास कार्य ठप हैं, अपराधों का बोलबाला हैं, इसलिए पश्चिम प्रदेश के विकास के लिए आठ करोड़ की आबादी का अलग प्रदेश बनाया जाना अति आवश्यक है।



पश्चिम प्रदेश मुक्ति मोर्चा के अध्यक्ष डा. सतेंद्र सिंह ने कहा कि पर्यावरण संतुलन के लिए ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाए जाने चाहिए। भगत सिंह वर्मा, संजीव मलिक, मासूम और शिवकुमार प्रधान ने भी विचार रखे। बैठक के उपरांत ग्रामीणों को पौधे लगे गमले भी भेंट किए गए। डा. राजेश कुमार, इमरान राव, कुलदीप शर्मा, डा. जसबीर सिंह, मदन पुंडीर, डा. आरके सिंह, डा. ओमकुमार व देवेंद्र राणा आदि मौजूद रहे।

## एसडीएम को दिया प्रार्थना पत्र

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** उर्दू गेट (देवबंद-गंगोह बाइपास) पर वक्फ कब्रिस्तान के मुतवल्ली इकराम ने एसडीएम को दिए प्रार्थना पत्र में कब्रिस्तान के बराबर से होकर गुजर रहे नाले की पटरी क्षतिग्रस्त होने के कारण गंदा पानी कब्रिस्तान में जा रहा है। जिस कारण लोगों को परेशानी हो रही है। उन्होंने नाले की पटरी को ठीक कराने की गुहार लगाई है।

## कार व बाइक की भिड़ंत में युवक घायल

**देवबन्द।** कार एवं बाइक की भिड़ंत में बाइक सवार घायल हो गया। घायल को पुसिल ने सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। नागल थानाक्षेत्र के शीतला खेड़ी गांव निवासी राहत सिंह पुत्र रामपाल सिंह बुधवार को बाइक पर सवार होकर देवबंद की ओर जा रहा था। जब वह हाईवे स्थित साखन नहर के समीप पहुंचा तो सामने से आ रही कार ने बाइक को टक्कर मार दी। इसमें राहत सिंह घायल हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से उसे हायर सैंटर रेफर कर दिया। पुलिस के मुताबिक आरा. पी कार सवार मौके से फरार हो गया। पूछताछ में पता चला है कि कार चालक गलत दिशा से आ रहा था।

# हल्दौर में विकास प्रदर्शनी का उद्घाटन

## आपसी सद्भाव व सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देते हैं मेले: ओमकुमार





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** नगर में स्थित सीडी इंटर कॉलेज परिसर में मंगलवार की देर शाम विकास प्रदर्शनी मेले का आयोजन किया गया।

नगर के सीडी इंटर कॉलेज प्रांगण में 15 दिवसीय विकास प्रदर्शनी का आयोजन मेले का आयोजन किया गया, जिसका उदघाटन क्षेत्रीय विधायक ओमकुमार ने फीता काटकर किया।

विधायक ने विधान सभा संयोजक अनिल सिंह, चेयरपर्सन पति दीपक सैनी, क्षेत्रीय सह संयोजक अतुल मारवाड़ी, मंडल अध्यक्ष पीयूष चौहान, थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार बैंसला आदि का फूलमाला पहनाकर जोरदार स्वागत किया एवं शुभम रस्तौगी और सभासद वरुण अग्रवाल ने विधायक को राम दरबार स्मृति चिन्ह के रूप में दिया।

क्षेत्रीय विधायक ओमकुमार ने कहा कि मेलों का आयोजन होने से आपसी सद्भाव सांस्कृतिक विरासत के साथ-साथ समाज में समरसता, सहयोग और विकास की भावना को बढ़ावा देता है। उन्होंने कहा मेले में महिलाओं की सुरक्षा का पूर्ण ध्यान रखा जाएगा। मेले में बच्चों के मनो. रंजन हेतु विभिन्न प्रकार के झूले, काला जादू एवं तरह तरह के खेल खिलौनों की दुकानों लगी हुई हैं।

इस अवसर पर मेला आयोजक नवनीत शर्मा, नगर मंडल अध्यक्ष पीयूष चौहान, पूर्व नगर मंडल अध्यक्ष दर्पण रावल, अतुल मारवाड़ी, पालिका चेयरपर्सन पति दीपक सैनी, पालिका सभासद सभासद ऋषभ रस्तौगी, भानु प्रताप प्रधान, शिवम चौधरी, चरण सैनी, जसवंत सैनी कारीगर, सभासद हेमंत पंवार, अमित सैनी, हितेश देवल, महिप रस्तोगी, समाज सेवी चरण सैनी, चंद्रपाल सैनी, कुश प्रताप, सभासद वरुण अग्रवाल, समाज सेवी सीताराम सैनी, अमित सैनी, हितेश, राजाराम सैनी, ब्रह्मपाल सैनी, सभासद राजीव चौहान एवं सभासद कमल कुमार आदि मौजूद रहे।

## जनपद में हीट वेब चलने की संभावना

**बिजनौर।** अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वान्या सिंह ने प्रमुख भारत सरकार पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय, भारत मौसम विज्ञान विभाग राज्य मौसम पूर्वानुमान केन्द्र लखनऊ के हवाले से जानकारी देते हुए बताया कि मौसम पूर्वानुमान अन्य जिलों के साथ-साथ जिला बिजनौर में हीट वेव (लू) चलने की सम्भावना हैं। हीट वेव (लू) असामान्य रूप से उच्चतम तापमान की अवधि है, जब तापमान सामान्य तापमान से अधिक दर्ज किया जाता है।

आगामी दिनों में जनपद में परिस्थितियां हीट वेव (लू) के अनुकूल बनी हुई है। उच्च आद्रता तथा वायुमंडलीय परिस्थितियों के कारण उच्च तापमान लोगों को प्रतिकूल रूप से प्रभावित करता हैं, जिसके कारण शरीर में पानी की कमी (डिहाईड्रेशन) एवं ऐंठन की शिकायत आती है और कभी-कभी इसके कारण लोगों की मौत भी हो जाती हैं। शहरी क्षेत्रों में तापमान उच्चतम हो जाने से अर्बन हीट आइलैंड की स्थिति बन जाती है। हीट वेव (लू) से वृद्ध, बच्चे, गर्भवती महिलायें, बीमार, मजदूर, गरीब, दुर्बल एवं निराश्रित लोग अधिक प्रभावित होते हैं। उन्होंने सर्वसाधारण को जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण कार्यालय बिजनौर हीट वेव/लू प्रकोप से बचाव हेतु निम्न बातों की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए सूचित करते हुए बताया है कि हीट वेव/लू प्रकोप से बचाव हेतु क्या करें।

# जोनल आयुक्त ने की विभागीय समीक्षा बैठक

## व्यापारी समय से रिटर्न दाखिल करते हुए वास्तविक टर्नओवर घोषित करें

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जोनल अपर आयुक्त अशोक कुमार सिंह एवं अपर आयुक्त (प्रवर्तन) आर.ए. सेठ मुरादाबाद जोन मुरादाबाद द्वारा आज जिला बिजनौर का भ्रमण किया गया, जिसमें सर्वप्रथम जिलाधिकारी जसजीत कौर से दोनों अधिकारियों द्वारा भेंट करते हुए विभागीय कार्यों विशेषकर राजस्व वृद्धि एवं बकाया वसूली के संदर्भ में सहयोग करने का अनुरोध किया गया, जिसके अन्तर्गत विगत कई वर्षों से लम्बित बड़े बकायादारों से बकाया की वसूली के संदर्भ में जिलाधिकारी द्वारा पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया गया। तत्पश्चात् जोनल आयुक्त द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, जनपद बिजनौर से भेंट करते हुए प्रवर्तन संबंधी कार्यों में जनपद पुलिस के सहयोग की अपेक्षा की गयी, जिस पर कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया गया।

तत्पश्चात् श्री अशोक सिंह द्वारा राज्य कर भवन आदमपुर में विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की गयी। इसके अतिरिक्त जोनल आयुक्त द्वारा भट्टा एसोसिएशन एवं व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों के साथ भी बैठक की गयी। उक्त बैठक में विभिन्न व्यापारिक संगठनों से



उनकी समस्याओं के विषय में जानकारी लेते हुए उनके समाधान के लिए विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया। व्यापारियों के साथ किये गये संवाद के समय भट्टा एसोसिएशन के पदाधिकारियों द्वारा जनपद के बाहर से कर चोरी में संलिप्त वाहनों द्वारा ईटों की आमद से राजस्व पर पड़ने वाले विपरीत प्रभाव का प्रश्न उठाया गया, जिसमें अपर आयुक्त द्वारा तत्काल जनपद के बाहर से कर चोरी के साथ आये वाहनों पर प्रवर्तन की कार्यवाही को अभियान के रुप में चलाने के निर्देश दिये। साथ ही जिन भट्टों द्वारा रु. 40.00 लाख से कम वार्षिक टर्नओवर दिखाया जा रहा है, उनके विरूद्ध कड़ी कार्यवाही किये जाने के निर्देश प्रवर्तन विंग को दिये गये है। इसके अतिरिक्त समाधान योजना अपनाते हुए जानबूझकर कम कर देने वाले व्यापारियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही के निर्देश दिये गये।

जोनल आयुक्त द्वारा विभागीय समीक्षा बैठक एवं विभिन्न व्यापारिक संगठनों से हुई वार्ता के उपरान्त जनपद बिजनौर के समस्त व्यापारियों एवं व्यापारिक संगठनों से अपील की गयी कि राज्य कर विभाग से सम्बन्धित किसी भी समस्या के लिए निकटतम राज्य कर कार्यालय में सम्पर्क करते हुए अधिकारियों से संवाद स्थापित करें। साथ ही समस्त व्यापारी समय से अपना रिटर्न दाखिल करते हुए वास्तविक टर्नओवर को घोषित करें एवं वृद्धि के साथ कर अदा करें। जोनल आयुक्त द्वारा इस विषय पर गंभीर आपत्ति व्यक्त की गयी कि जनपद बिजनौर अनेक बड़े व्यापारियों द्वारा अनुचित रुप से समाधान योजना अपनाते हुए समाधान राशि जमा की जा रही है एवं अपने वास्तविक टर्नओवर को छिपाया जा रहा है। इस संदर्भ में समाधान योजना से सम्बन्धित बड़े व्यापारिक प्रतिष्ठानों की रैकी ओर तत्पश्चात् वि.अनु.शा. जांच के निर्देश देते हुए इस संदर्भ में प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये।

# बाढ़ प्रभावित गांवों में चौकी स्थापित करें

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर ने कहा कि बाढ़ एक प्राकृतिक आपदा हैं, इस संकट से जिले के लोगों की जान व माल सुरक्षित रखने के लिए शासन एवं प्रशासन कटिबद्ध है। प्राकृतिक आपदाओं का सफलतापूर्वक सामना करने के लिए विभागीय अधिकारी पूर्व में ही समुचित तैयारियां और व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर लें ताकि किसी भी स्तर पर नुकसान न होने पाए। जिलाधिकारी श्रीमती कौर महात्मा विदुर सभागार में बाढ़ से पूर्व तैयारी से सम्बन्धित बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दे रही थी। उन्होंने समस्त उप जिलाधिकारियों, तहस. ीलदारों व समस्त अधिशासी अधिकारी नगर पालि. का को निर्देश दिये कि बाढ़ प्रभावित गांवों अथवा उनके निकट बाढ़ चौकी स्थापित करें और वहां पर जिम्मेदार एवं चुस्त कर्मचारियों को तैनात किया जाये। उन्होंने बाढ़ की स्थिति में जिले में नाव की व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा गोताखोरों के नाम व मोबाइल नम्बर की सूची बनाने के निर्देश समस्त उप जिलाधिकारियों एवं तहसीलदारों को दिये ताकि बाढ़ के सम्भावित संकट से निपटने के लिए व्यवस्था सुनिश्चत की जा सके। उन्होंने समस्त उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिये कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का बारीकी से मुआयना कर लिया जाये और प्रभावित गांवों अथवा उनके निकट बाढ़ चौकियां स्थापित की जायें। इसके अलावा तहसील स्तर पर भी उप बाढ़ कंट्रोल रूम की स्थापना की जाये, ताकि तत्काल सहायता एवं व्यवस्था की जा सके। उन्होंने कहा कि बिजनौर जिले में बाढ़ का प्रकोप बरसात के पानी से कम बल्कि पहाड़ से आने वाले पानी से अधिक होता है। यदि ऊपर से पानी छोड़ने की सूचना पूर्व में ही प्राप्त हो जाए तो बिजनौर को सम्भावित बाढ़ से सुरक्षित रखा जा सकता है। उन्होंने अधिशासी अभियंता बाढ़ नियंत्रण को निर्देश दिए कि उत्तराखण्ड के अधिकारियों से सम्पर्क कर उनसे पानी छोड़े जाने की सूचना पूर्व में ही प्राप्त कर लें ताकि जिले में अधिक पानी आने की स्थिति में समय रहते सभी आवश्यक उपाय सुनिश्चित किए जा सकें। उन्होंने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देश दिये कि जिले में पशु की सुरक्षा की जिम्मेदारी पशुधन विभाग की है। अत: बाढ़ के दृष्टिगत पशुओं की सुरक्षा एवं उनके चारे की व्यवस्था के लिए कार्य योजना बनायें ताकि समय पर किसी भी प्रकार से चारे का संकट पैदा न होने पाये।

# डब्ल्यूटीसी: विजेता पर होगी पैसों की बारिश




**दुबई, वार्ता।** आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल 2025 की तारीखें जैसे जैसे नजदीक आ रही है, फैंस के मन में इस मैच को लेकर उत्सुकता और बढ़ती जा रही है। 11 जून से लाड्र्स के मैदान में खेले जाने वाले इस फाइनल की इनामी राशि का खुलासा आईसीसी ने मई में किया था। आईसीसी ने विजेता टीम के लिए जो राशि तय की है, वह पिछले संस्कण से दोगुनी है। इस बार विजेता टीम को बंपर पैसे मिलेंगे और आईपीएल विजेता से भी ज्यादा मिलेंगे। इस साल विजेता टीम को 3.6 मिलियन यूएस डालर यानी 30.81 करोड़ रुपये

**■ विजेता टीम को पिछले संस्करण से दोगुनी रकम मिलेगी**

मिलेंगे। वहीं, ऑस्ट्रेलिया ने जब 2023 में फाइनल जीता था तो उन्हें 1.6 मिलियन डालर यानी 13.69 करोड़ रुपये मिले थे। फाइनल में हारने वाली टीम यानी रनर अप को 2.1 मिलियन अमेरिकी डालर (17.96 करोड़ रुपये) मिलेंगे, जो कि पिछले दो बार की विजेता राशि से भी ज्यादा है। वहीं, पिछले दो संस्करणों के उपविजेता को 800,000 अमेरिकी डालर यानी 6.84 करोड़ रुपये मिले थे। आईसीसी ने अपने बयान में कहा, श्पुरस्कार राशि में वृद्धि टेस्ट क्रिकेट को प्राथमिकता देने के आईसीसी के प्रयासों को दर्शाती है, क्योंकि यह नौ टीमों की प्रतियोगिता के पहले तीन चक्रों की गति को बनाए रखेगा। इस डब्ल्यूटीसी चक्र में दक्षिण अफ्रीका ने श्रीलंका और पाकिस्तान पर 2-0 की घरेलू सीरीज जीत के साथ 69.44 प्रतिशत अंकों के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया ने 67.54 अंक प्रतिशत हासिल किए, जबकि भारत ने अधिकांश समय तालिका में शीर्ष स्थान हासिल करने के बाद 50.00 अंक प्रतिशत हासिल किए। ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस ने कहा कि हमें विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का बचाव करने का अवसर पाकर बहुत गर्व है। खासकर लाड्र्स में खेलना ऐतिहासिक होगा। यह पिछले दो वर्षों में हमारे सभी खिलाड़ियों की मेहनत है, जिसने फाइनल में पहुंचने में मदद की। यह हमारे लिए सम्मान की बात है।

## बीसीसीआई ने पूरी दुनिया को बुलाया था: कर्नाटक सरकार

# हाईकोर्ट में कहा: भगदड़ की जिम्मेदारी बोर्ड व आरसीबी की

**बेंगलुरु, वार्ता।** कर्नाटक सरकार ने बुधवार को उच्च न्यायालय के सामने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) को एम चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर हुई भगदड़ के लिए जिम्मेदार ठहराया। सरकार ने उच्च न्यायालय के समक्ष कहा कि आयोजकों ने आधिकारिक अनुमति प्राप्त किए बिना सोशल मीडिया के माध्यम से पूरी दुनिया को आमंत्रित किया।

आरसीबी के मार्केटिंग प्रमुख निखिल सोसाले समेत चार लोगों की गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान, राज्य का पक्ष ले रहे महाधिवक्ता सामान्य शशि किरण शेट्टी ने कहा कि फ्रैंचाइज़ी ने तीन जून को मैच से केवल एक घंटे पहले एक अभिवेदन प्रस्तुत किया था, जिसमें उन्होंने कहा था कि वे एक विजय समारोह आयोजित करेंगे। शेट्टी ने अदालत को बताया कि यह अनुमति का अनुरोध नहीं था, यह केवल एक सूचना थी। उन्होंने कहा कि औपचारिक स्वीकृति न मिलने के बावजूद, आरसीबी और बीसीसीआई ने तीन जून की रात से चार जून की सुबह के शुरुआती घंटों में सोशल मीडिया पर व्यापक प्रचार किया, जिसमें प्रशंसकों से जश्न में शामिल होने का आग्रह किया गया। शेट्टी ने कहा कि उन्होंने कहा कि सभी प्रशकों का स्वागत है।




**■ औपचारिक स्वीकृति न मिलने के बावजूद आरसीबी और बीसीसीआई ने 3 जून की रात से 4 की सुबह के शुरूआती घंटों में सोशल मीडिया पर प्रचार किया**

ऐसा लग रहा था जैसे उन्होंने पूरी दुनिया को आमंत्रित किया है। सरकार के अनुसार, इस लापरवाह प्रचार के कारण 3-5 से चाल लाख लोगों की भीड़ कार्यक्रम स्थल पर जमा हो गई, जबकि इसकी बैठने की क्षमता केवल 33,000 है। प्रवेश के लिए स्पष्ट संचार के अभाव में स्थिति और बिगड़ गयी, जिसके कारण भगदड़ हुई और कई लोगों की जानें गई और कई अन्य घायल हो गए। शेट्टी ने यह भी स्पष्ट किया कि कार्यक्रम आयोजन के संबंध में आरसीबी या बीसीसीआई से कोई प्रत्यक्ष संवाद नहीं हुआ( केवल कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) से पत्राचार हुआ। फिर भी, क्रिकेट फ्रैंचाइज़ी ने ऐसा दर्शाया कि इस कार्यक्रम को आधिका. रिक मंजूरी प्राप्त है। महाधिवक्ता ने आगे आरोप लगाया कि आरसीबी ने परेड को एक सरकार-समर्थित कार्यक्रम के रूप में प्रस्तुत करने की कोशिश की, जबकि वास्तव में, यह पूरी तरह से एक निजी कार्यक्रम था। शेट्टी ने कहा कि वे इस अदालत में गलत नीयत से आये और इसे गुमराह करने का प्रयास किया। अदालत में पेश किए गए एक महत्वपूर्ण दस्तावेज़ के अनुसार, आरसीबी और बीसीसीआई के बीच हुए समझौते के अंतर्गत, टिकटिंग, सुरक्षा और गेट प्रबंधन की पूरी जिम्मेदारी पूरी तरह से फ्रैंचाइज़ी और क्रिकेट बोर्ड की थी। इस त्रासदी के बाद राज्य सरकार ने मामले की जांच आपराधिक जांच विभाग (सीआईडी) को सौंप दी। कई पुलिस अधिकारियों को निलंबित कर दिया गया और एक नए पुलिस आयुक्त की नियुक्ति की गयी। शेट्टी ने कहा कि सीआईडी को जांच का जिम्मा सौंपने का समय मायने नहीं रखता।

# भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने बेल्जियम को हराया



**एंटवर्प, वार्ता।** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने यूरोपीय दौरे पर अपनी जीत का सिलसिला जारी रखते हुए रोमांचक मुकाबले में बेल्जियम 2-1 से हराया। बेल्जियम में हॉकी सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, विलरिजके प्लीन में मंगलवार को खेले गए मुकाबले में भारतीय टीम की ओर से लालथंतलुंगी ने (35वें) मिनट और गीता यादव ने (50वें) मिनट में गोल किए। पहला हाफ कड़े मुकाबले के बीच दोनों टीमें गोल करने में विफल रही। 35वें मिनट में लालथंतलुंगी ने पेनल्टी स्ट्रोक को गोल में बदल कर भारत को बढ़त दिलाई। इसके के बाद अंतिम क्वार्टर में बेल्जियम की वैन हेलेमोंट ने (48वें) मिनट में बेल्जियम के लिए मैदानी गोलकर स्कोर से 1-1 से बराबर कर दिया। हालांकि, दो मिनट बाद ही गीता यादव ने भारत के लिए विजयी गोल किया। इसके बाद भारतीय टीम ने रक्षात्मक प्रदर्शन करते हुए मुकाबला जीत लिया।



# इंग्लैंड में भारत को खलेगी दिग्गजों की कमी

**नई दिल्ली, वार्ता।** इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए भारतीय टीम तैयार है। शुभमन गिल के नेतृत्व में टीम इंडिया विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के नए चक्र की शुरुआत करेगी। गिल को रोहित शर्मा की जगह टेस्ट टीम का कप्तान बनाया गया है। ऋषभ पंत इस सीरीज में उपकप्तान की भूमिका में होंगे। यह पहला मौका होगा जब रोहित शर्मा, विराट कोहली और रविचंद्रन अश्विन के संन्यास के बाद भारतीय टीम कोई टेस्ट सीरीज खेलने उतरेगी। हैरानी की बात यह है कि चयनकर्ताओं ने मोहम्मद शमी को भी टीम में शामिल नहीं किया है। ऐसे में तेज गेंदबाजी आक्रमण की अगुवाई का पूरा जिम्मा जसप्रीत बुमराह पर होगा। उनका साथ देने के लिए मोहम्मद सिराज, अर्शदीप सिंह और प्रसिद्ध कृष्णा मौजूद होंगे। आंकड़ों पर नजर डालें तो

**■ रोहित शर्मा, विराट कोहली और अश्विन व शमी के आंकड़े दे रहे तथ्यों की गवाही**

रोहित, विराट, अश्विन और शमी ने इंग्लैंड में प्रभावित किया है। विराट कोहली ने 33.2 के औसत से 1096 रन बनाए हैं। वहीं, रोहित शर्मा के नाम 524 रन दर्ज हैं। अश्विन ने आलराउंड प्रदर्शन के साथ 18 विकेट और 261 रन बनाए हैं जबकि तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को इस धरती पर 42 विकेट मिले हैं। ऐसे में साफ है कि भारतीय टीम को इन अनुभवी खिलाड़ियों की कमी खलेगी। गिल नई जिम्मेदारी के लिए तैयार हैं, लेकिन उनके सामने चुनौती बड़ी है। गिल और मुख्य कोच गौतम गंभीर के नेतृत्व में भारतीय टेस्ट टीम बदलाव के दौर से गुजरी है और अब उसे नतीजे देने होंगे।



दरअसल, भारत ने 2007 के बाद से इंग्लैंड में कोई टेस्ट सीरीज नहीं जीती है, ऐसे में सभी के मन में यही सवाल उठ रहा है कि क्या गिल-गंभीर की ये जोड़ी 18 साल का सूखा समाप्त कर पाएगी? भारत ने आखिरी बार 2007 में द्रविड़ की कप्तानी में इंग्लैंड के खिलाफ उसके घर में टेस्ट सीरीज जीती थी। उस वक्त तीन मैचों की सीरीज में भारत 1-0 से जीत दर्ज की।

# टीम इंडिया ने की इंग्लैंड में प्रैक्टिस

**■ कप्तान शुभमन गिल सहित टीम के अन्य खिलाड़ी फील्डिंग का अभ्यास करते नजर आए**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट टीम बुधवार को इंग्लैंड में फील्डिंग की प्रैक्टिस की। इसका वीडियो बीसीसीआई ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया है। भारतीय टीम के नए टेस्ट कप्तान शुभमन गिल भी अन्य खिलाड़ियों के साथ कैच का प्रैक्टिस करते नजर आए। वहीं भारतीय टीम के स्टार गेंदबाज जसप्रीत बुमराह भी थ्रो और फील्डिंग करते नजर आए। 6 जून को इंग्लैंड के लिए रवाना हुई थी टीम इंडिया भारतीय टीम के कुछ खिलाड़ी और हेड कोच गौतम गंभीर 6 जून को मुंबई एयरपोर्ट से इंग्लैंड के लिए रवाना हुए। रोहित शर्मा के टेस्ट से संन्यास लेने के बाद 25 साल के शुभमन गिल को भारतीय टेस्ट टीम का कप्तान नियुक्त किया गया है। विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत को उप-कप्तान बनाया गया है। रोहित शर्मा और विराट कोहली के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास के बाद टीम का यह पहला दौरा होगा। 8 जून को पहले प्रैक्टिस सेशन का हुआ था आयोजन भारतीय टीम ने 8 जून को पहले प्रैक्टिस सेशन में भाग लिया था। इसमें कोच गौतम गंभीर के मार्गदर्शन में खिलाड़ियों ने जमकर पसीना बहाया था। हालांकि, टीम में शामिल कई खिलाड़ी इंडिया ए के सदस्य होने की वजह से शामिल नहीं हो पाए थे। लीड्स में 20 जून को खेला जाएगा पहला टेस्ट भारत और इंग्लैंड के बीच पांच टेस्ट मैच खेले जाएंगे। पहला टेस्ट 20 जून से लीड्स में शुरू होगा, जबकि अंतिम टेस्ट 31 जुलाई से लंदन के द ओवल में खेला जाएगा। भारत 2007 के बाद इंग्लैंड में टेस्ट सीरीज नहीं जीत सका है। ऐसे में टीम की नजर सीरीज जीतने पर होगी। भारतीय टीम शुभमन गिल (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, अभिमन्यु ईश्वरन, करुण नायर, पंत (उपकप्तान), ध्रुव, नीतीश, शार्दूल, जडेजा, वॉशिंगटन, बुमराह,सिराज, प्रसिद्ध, आकाश दीप, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### भारतीय फुटबॉल टीम हांगकांग से हारी

**हांगकांग, वार्ता।** भारतीय राष्ट्रीय फुटबॉल टीम एएफसी एशिया कप क्वालीफायर में हांगकांग ने इंजरी टाइम में गोलकर हराया। यहां काई टैक स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में स्टीफन के इंजरी टाइम में दागे गोल के कारण मेजबान हांगकांग के खिलाफ 1-0 से हार का सामना करना पड़ा। हॉफ टाइम के बाद कुरुनियन व ब्रैंडन की जगह नाओरेम के साथ सुनील को मैदान में उतरे। इस दौरान भारतीय प्लेयरों के पास कई बार गोल करने के मौके आए लेकिन वे गोल करने में विफल रहे। रेफरी ने हांगकांग को उस समय पेनल्टी दी जब टीम इंडिया के गोलकीपर विशाल गोल लाइन से बाहर आए।

### पूजा ने तेज हाफ मैराथन गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड किया हासिल

**अहमदाबाद, वार्ता।** सबसे तेज हाफ मैराथन का रिकार्ड बनाने वाली पूजा टिकमाणी को गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड के पुरुस्कार से सम्मानित किया गया है। गुजरात में अहमदाबाद की पूजा टिकमाणी ने बताया कि 12 जनवरी को अहमदाबाद में आयोजित बीसफल हाफ मैराथन अहमदाबाद में 20 पाउंड का बैकपैक लेकर सबसे तेज हाफ मैराथन पूरी करने का गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड हासिल किया है। गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड ने उन्हें रविवार को इस पुरस्कार से सम्मानित किया।

# ब्राजील विश्वकप के लिए क्वालिफाई

**विश्व चैंपियन ब्राजील ने क्वालिफायर मुकाबले में पैराग्वे पर 1-0 से जीत दर्ज कर अगले साल होने वाले फीफा विश्व कप में जगह पक्की की**

**साओ पाउलो, वार्ता।** विनिसियस जूनियर ने पहले हाफ में किये गए गोल की बदौलत पांच बार के विश्व चैंपियन ब्राजील ने क्वालीफायर मुकाबले में पैराग्वे पर 1-0 से जीत दर्ज कर अगले साल होने वाले फीफा विश्वकप में अपनी जगह पक्की कर ली है।

ब्राजील ने मंगलवार को अपने घरेलू मैदान पर शानदार खेला प्रदर्शन करते हुए पैराग्वे को हराकर फीफा विश्वकप 2026 के लिए क्वालीफाई कर लिया है। विनीसियस जूनियर ने 44वें मिनट में गोल कर ब्राजील को बढ़त दिलाई। इसके बाद रक्षापंक्ति ने शानदार खेला का मुजाहिरा करते हुए पैराग्वे को गोल करने का कोई अवसर नहीं दिया। इस जीत के साथ ब्रजील के 25 अंक हो गए है। वहीं, हार के बाद पैराग्वे 24 अंकों पर है और उसे विश्वकप में क्वालीफाई करने के लिए एक अंक की जरुरत है।

ब्राजील सितंबर में अपने अंतिम दो क्वालीफायर मुकाबलों में चिली और बोलीविया से भिड़ेगा। पैराग्वे को क्वालीफाई के लिए केवल एक अंक की आवश्यकता है, उसका सामना इक्वाडोर और पेरू से होगा।

# तिलक वर्मा ने थामा अब हैंपशायर का दामन

**नई दिल्ली, वार्ता।** मुंबई इंडियंस के विस्फोटक बल्लेबाज तिलक वर्मा अब काउंटी क्रिकेट खेलते नजर आएंगे। उन्होंने हैंपशायर का दामन थाम लिया है।

इसकी जानकारी हैदराबाद क्रिकेट संघ (एचसीए) ने बुधवार को की। एचसीए ने बताया कि तिलक काउंटी चैंपियनशिप में हैंपशायर का प्रतिनिधित्व करने के लिए तैयार हैं। हैदराबाद के 22 वर्षीय बल्लेबाज ने भारत के लिए 25 टी20 और चार वनडे मैचों में क्रमशरू 749 और 68 रन बनाए हैं। वह आईपीएल में मुंबई इंडियंस का प्रतिनिधित्व करते हैं। एचसीए ने विज्ञप्ति में कहा- हैदराबाद क्रिकेट संघ को यह बताते हुए खुशी हो रही है कि हैदराबाद के अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी एन ठाकुर तिलक वर्मा से ब्रिटेन काउंटी चैंपियनशिप

**■ मुंबई इंडियंस के विस्फोटक बल्लेबाज अब कांउटी क्रिकेट खेलते नजर आएंगे**

लीग में खेलने के लिए हैंपशायर काउंटी टीम ने संपर्क किया है। हैदराबाद क्रिकेट संघ उन्हें हैंपशायर काउंटी के साथ शानदार जुड़ाव के लिए शुभकामनाएं देता है। तिलक ने 18 प्रथम श्रेणी (फर्स्ट क्लास) मैचों में 50.16 की औसत से 121 के सर्वश्रेष्ठ स्कोर के साथ 1204 रन बनाए हैं। उनके नाम पांच शतक और चार अर्द्धशतक दर्ज हैं। इस सीजन आईपीएल में उन्होंने मुंबई इंडियंस के लिए 16 मैच खेले। इनमें तिलक ने 138.30 के स्ट्राइक रेट से 343 रन बनाए। उनके नाम दो अर्द्धशतक दर्ज हैं।

# द. अफ्रीका ने ऑस्ट्रेलिया को 212 पर रोका

## कगिसो रबाडा ने शानदार गेंदबाजी करते हुए पांच विकेट हासिल किए

**लंदन, वार्ता।** वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल मैच में आस्ट्रेलिया की टीम पहली पारी में साउथ अफ्रीका के खिलाफ 212 रन पर ऑलआउट हो गई। लंदन के लाड्र्स क्रिकेट स्टेडियम में साउथ अफ्रीका ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। आस्ट्रेलिया से ब्यू वेबस्टर (72 रन) और स्टीव स्मिथ (66 रन)कीपर एलेक्स कैरी 23 रन ही बना सके। कगिसो रबाडा ने 5 विकेट झटके।

मार्को यानसन को 3 विकेट मिले। बुधवार को मुकाबले का पहला दिन है और तीसरे सेशन का खेल जारी है। साउथ अफ्रीका ने 2 विकेट पर 19 रन बना लिए हैं। वियान मुल्डर (एक रन) और कप्तान टेम्बा बावुमा (शून्य) क्रीज पर हैं। मिचेल स्टार्क ने ऐडन मार्करम (शून्य) और रायन रिकेलटन (16) को पवेलियन भेज दिया हे। 9वें ओवर में साउथ अफ्रीका ने दूसरा विकेट गंवा दिया है। मिचेल स्टार्क के ओवर की चौथी बाल पर रायन रिकेलटन 16 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें दूसरा विकेट मिला। स्टार्क ने पारी के पहले ओवर में ऐडन मार्करम को बोल्ड किया था। साउथ अफ्रीका ने पहले ही ओवर में विकेट गंवा दिया है। मिचेल स्टार्क ने ओवर की आखिरी बाल पर ऐडन मार्करम को बोल्ड बोल्ड किया। वे खाता भी नहीं खोल सके। आस्ट्रेलिया ने तीसरे सेशन में 5 विकेट गंवा दिए। टीम के सभी विकेट 22 रन बनाने में ही गिर गए। टी सेशन के बाद केशव महाराज ने एलेक्स कैरी को बोल्ड किया। यहां से कगिसो रबाडा ने पैट कमिंस और ब्यू वेबस्टर को पवेलियन भेजा। मार्को यानसन ने नाथन लायन को बोल्ड किया। रबाडा ने फिर मिचेल स्टार्क को बोल्ड कर आस्ट्रेलिया की पारी 212 रन पर समेट दी। 57वां ओवर डाल रहे कगिसो रबाडा ने मिचेल स्टार्क को बोल्ड कर दिया है। इसी के साथ आस्ट्रेलिया पहली पारी में 212 रन पर आलआउट हो गई। रबाडा ने इस पारी में 5वां विकेट लिया है। उन्होंने स्टार्क से पहले ब्यू वेबस्टर (72 रन), कप्तान पैट कमिंस (01 रन), ओपनर उस्मान ख्वाजा (00) और कैमरन ग्रीन (4 रन) को भी आउट किया। 56वें ओवर में आस्ट्रेलिया ने 9वां विकेट गंवाया। नाथन लायन (शून्य) को मार्को यानसन ने बोल्ड कर दिया। उन्होंने ट्रैविस हेड (11 रन) और मार्नस लाबुशेन (17 रन)को भी पवेलियन भेजा। 55वें ओवर में आस्ट्रेलिया ने 8वां विकेट गंवाया। यहां ब्यू वेबस्टर 72 रन बनाकर आउट हुए।



# इंग्लैंड ने टी-20 सीरीज में विंडीज का सूपड़ा साफ किया

**इंग्लैंड, वार्ता।** बेन डकेट (84) और जेमी स्मिथ (60) की शानदार अर्द्धशतकीय पारियों के बाद ल्यूक वुड (तीन विकेट) और आदिल रशीद (दो विकेट) के बेहतरीन गेंदबाजी प्रदर्शन की बदौलत इंग्लैंड ने तीसरे टी-20 मुकाबले में वेस्टइंडीज को 37 रनों से हरा दिया। इसी के साथ इंग्लैंड तीन मैचों की टी-20 श्रृंखला 3-0 से अपने नाम कर ली है। इंग्लैंड के 248 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज की शुरुआत खराब रही और उसने अपने दोनों सलामी बल्लेबाजों जॉनसन चार्ल्स (नौ) और एविन लुइस (नौ) के विकेट 37 रन के स्कोर पर गवां दिए। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये कप्तान साई होप और शिमरॉन हेटमायर ने पारी संभालने का प्रयास किया। सातवें ओवर में जेकब बेथेल ने शिमरॉन हेटमायर आठ गेंदों में (26) रन को आउट कर इंग्लैंड को तीसरी सफलता दिलाई। अगले ही ओवर में ब्राइडन कार्स ने साई होप 27 गेंदों में (45) रन को आउटकर वेस्टइंडीज को तगड़ा झटका दिया। शरफेन रदरफोर्ड (एक), रोमारियो शेफर्ड (शून्य) को आदिल राशीद ने अपना शिकार बनाया। जेसन होल्डर 12 गेंदों में (25) और गुडाकेश मोती (एक) को ल्यूक वुड ने आउट किया। वेस्टइंडीज की ओर से रोवमन पॉवेल ने 45 गेंदों में नौ चौकों और चार छक्कों की मदद से (नाबाद 79) रनों की पारी खेली। इंग्लैंड के बेहतरीन गेंदबाजी आक्रमण के आगे वेस्टइंडीज की टीम निर्धारित 20 ओवरों में आठ विकेट पर 211 रन ही बना सकी और 37 रनों से

# एमपी एमएलए कोर्ट से नाहिद बरी

## वरिष्ठ अधिवक्ता चौ.जानिसार ने की मजबूत व तथ्यों पर आधारित बहस

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** थाना सरसावा के घेराव एवं धरना प्रदर्शन मामले में दिग्गज नेता एवं विधायक नाहिद हसन एमपी एमएलस कोर्ट से बरी हो गये। करीब 12 साल बाद आये इस फैसले को नाहिद ने न्याय व सच्चाई की जीत बताया।

अप्रैल 2012 में सरसावा कस्बे के कब्रिस्तानों पर कथित अवैध कब्जे को लेकर आक्रोशित लोगों ने सैकडों की तादाद में थाने पर धरना प्रदर्शन किया था। धरना प्रदर्शन में नाहिद हसन भी शामिल हुए थे। इस मामले में पुलिस ने नाहिद हसन पर आरोप लगाया गया कि उन्होंने भीड़ को उकसाया और सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाई।





पुलिस ने उनके खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था और यह मामला सालों तक अदालत में चलता रहा। एमपी एमएलए कोर्ट में केस की सुनवाई के दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता चौधरी जानिसार अहमद ने मजबूत और तथ्यों पर आधारित बहस की। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद एमपी एमएलए यायालय के जज ने यह फैसला सुनाया कि नाहिद हसन के खिलाफ कोई ठोस साक्ष्य नहीं है और उन्हें दोषमुक्त किया जाता है। एमपी एमएलए कोर्ट से बरी होने के बाद विधायक नाहिद हसन ने कोर्ट के फैसले का स्वागत करते हुए इसे न्याय की जीत बताया।

### प्रतिमा का अनावरण

**सहारनपुर।** बुद्धिस्ट एसोसियन फॉर वेलफेयर एंड एजुकेशनल ट्रस्ट दिल्ली द्वारा निर्माणाधीन. महामाया बुद्ध विहार और बुद्धिस्ट मॉनिस्ट्री ग्राम सूभरी व भाटखेड़ी के मध्य ईंट भट्ठा के सामने नागल रोड पर प्रतिमा का अनावरण किया। आज भगवान बुद्ध की पांच फुट की प्रतिमा का अनावरण किया गया विशेष सहयोग श्रीमती सलेलता गौतम पत्नी परि निर्वाण प्राप्त महिपाल सिंह निवासी हसनपुर भलस्वा सहारनपुर के कर कमलों द्वारा किया गया। बौद्ध संस्कार भंते करुणा सागर द्वारा कराया गया। सुषमा गौतम द्वारा बताया कि भगवान बुद्ध का मार्ग दुनिया में सर्वश्रेष्ठ मार्ग है। यह मानवता का मार्ग है और पूर्ण रूप से वैज्ञानिकता पर आधारित है इसलिए हम सभी को भेदभाव मिटाकर भगवान बुद्ध का मार्ग अपनाना चाहिए। कार्यक्रम में सुशील बौद्ध, सुषमा गौतम, सलेलता गौतम, ट्विंकल गौतम, सुदेशना बौद्ध, पिहू, कमलेश बाटला मौजूद रहे।

# फुलवारी से सजेगी दिल्ली व देहरादून रोड



**सहारनपुर।** शहर के देहरादून रोड व दिल्ली रोड सहित मुख्य मार्गो के किनारे स्लोपनुमा हरियाली व फुलवारी से सजाये जायेंगे। इसके लिए नगरायुक्त ने निगम के उद्यान विभाग को बड़ी संख्या में बोगनवे. लिया, रात की रानी व कनेर सहित विभिन्न प्रकार के फूलों की नर्सरी तथा फाइकस आदि आकर्षक पौधे तैयार करने के निर्देश दिए हैं।

नगरायुक्त शिपू गिरी ने रायवाला स्थित प्रभाकर उद्यान का निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान मिया वाकि वन तथा प्रभाकर उद्यान की नर्सरी में तैयार किये जा रहे पौधों की जानकारी ली। उन्होंने नर्सरी में एक लाख बोगनवेलिया, दस हजार चम्पा, रात की रानी के अलावा फाइकस, नींबू, करौंदा आदि की पौध तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने सहजन की विशेषताएं बताते हुए प्रत्येक उद्यान में सहजन लगवाने के भी निर्देश दिए।

बाद में उन्होंने देहरादून रोड का भी निरीक्षण करते हुए शहर के प्रमुख मार्गो देहरादून रोड, दिल्ली रोड, अम्बाला रोड आदि का सौंदर्यीकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्य अभियंता निर्माण बी के सिंह को सड़क के किनारों को स्लोपनुमा पेड़ों के साथ सुसज्जित करने के लिए फ्रेम बनाने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि जिस प्रकार बडेध महानगरों व हवाई अड्डे के निकट स्लोपनुमा पेड़ लगाये जाते हैं, उसी तर्ज पर शहर में प्रमुख मार्गो को विकसित किया जाए। निरीक्षण के दौरान मुख्य अभियंता निर्माण बी के सिंह के अलावा उद्यान प्रभारी व सहायक नगरायुक्त शिवराज सिंह, सहायक अभियंता विपुल कुमार आदि मौजूद रहे।

### शर्बत का वितरण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** यातायात पुलिस द्वारा आज एकादशी के उपलक्ष में छबील लगाकर राहगीरों को मीठे शरबत का प्रसाद वितरित किया।

यातायात पुलिस ने आज यातायात प्रभारी अमित तोमर के नेतृत्व में यातायात पुलिस के कर्मचारियों व होमगाड्र्स ने मिलकर आज एकादशी के शुभ अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें लोगों को प्रसाद के रूप में मीठा शरबत वितरित किया और सभी को चिलचिलाती गर्मी से राहत देने का काम किया। इस अवसर पर यातायात प्रभारी अमित तोमर ने बताया कि मानव सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है और इस भयंकर गर्मी में अगर ऐसे में लोगों को पानी या मीठा शरबत मिल जाए तो वह उनके लिए जीवनदायिनी होता है और हमारी यातायात पुलिस के जवान इस प्रकार के कार्य करते रहते हैं।

# पांचवें दिन भी जारी रहा निगम में सफाईकर्मियों का धरना

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेशीय सफाई संघ व अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस के बैनर तले सफाई कर्मचारियों का मांगों को लेकर चल रहा धरना-प्रदर्शन आज पांचवें दिन भी जारी रहा।

धरने को सम्बोधित करते हुए मंडल महामंत्री बृजमोहन चनालिया, राजकुमार बिरला, मनमोह सूद व रघुवीर चंदेल ने कहा कि नगर निगम प्रशासन उनकी समस्याओं की अनदेखी कर रहा है जिसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों से बात कर आंदोलन की अग्रिम रणनीति बनाई जाएगी और आंदोलन को व्यापक एवं उग्र रूप दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिन 19 सफाई कर्मचारियों को निगम प्रशासन ने बिना कारण काम से हटा दिया है। उन्होंने कहा कि नगर निगम प्रशासन और महापौर संदेह के घेरे में हैं और वाल्मीकि समाज का शोषण कर रहे हैं। इस शोषण के खिलाफ सहारनपुर का वाल्मीकि समाज लामबंद हो रहा है। जल्द ही कोई बड़ा फैसला लेकर अगला कदम उठाया जाएगा। धरना प्रदर्शन में नरेश, ज्ञानचंद, घसीटू, रोहि. हत प्रधान, नीलम सफाई नायक, मनमोह सूद, रतन, नाथीराम, राज. कुमार चंदेल, ईश्वर सिंह, हिमांशु, श्रीमती सरला, सतीश कुमार, शिवम, श्रीमती गीता, ममता, कमल किशोर चंचल, महेंद्र बेदी, सुनील घाघट, देशराज, तौसीफ, कुलदीप हंस, श्यामो, कांता देवी, सुनील घाघट, सिद्धांत, गफ्फार, राजीव घावरी, राकेश सहित आदि मौजूद रहे।

# मोदी के नेतृत्व में आत्मनिर्भर रक्षा शक्ति बना भारतः सुनील

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री एवं जनपद प्रभारी मंत्री सुनील शर्मा ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने बीते 11 वर्षों में सीमा को सुरक्षित करने, अर्थव्यवस्था को मजबूत करने एवं टैक्नोलॉजी को जन-जन पहुंचाने का काम किया है।

प्रभारी मंत्री श्री शर्मा आज भाजपा कार्यालय पर पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत ने अंतर्राष्ट्रीय सीमा के बाहर जाकर आतंकवादियों को मारकर और उनके ठिकानों को नष्ट कर साबित कर दिया है कि अब यह पहले वाला भारत नहीं है। यह 2025 वाला भारत है जो किसी भी तरह का आतंकवाद बर्दाश्त नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना के पराक्रम और एस-400 मिसाइल डिफेंस सिस्टम, ब्रह्मोस मिसाइल और प्रचंड अटैक हेलीकाप्टर जैसी स्वदेशी तकनीकों के साथ अब भारत न केवल आत्मनिर्भर रक्षा शक्ति के रूप में उभर रहा है बल्कि आज रक्षा उपकरणों का निर्यात भी कर रहा है जिससे देश की अर्थव्यवस्था मजबूत हो रही है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने संकट के समय भारतीय नागरिकों को विश्व के हर कोने से सुरक्षित निकालकर सिद्ध किया है कि मोदी सरकार केवल सीमाओं के अंदर ही नहीं बल्कि विश्व के हरेक कोने में भारतीयों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। श्री शर्मा ने कहा कि भारत विश्व की चौथी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है।देश का वस्तु और सेवा निर्यात 825 अरब डालर तक पहुंच गया है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने भ्रष्टाचार और अपराधों पर पूरी





तरह से अंकुश लगाया है। उन्होंने कहा कि हरेक क्षेत्र में पारदर्शिता के साथ काम किया जा रहा है जिसके चलते किसी भी तरह के घोटाले की कोई संभावना ही नहीं रह जाती। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने नई कर व्यवस्था के तहत 12.75 लाख रूपए तक की आय पर टैक्स में छूट देकर मध्यम आय वाले लोगों को राहत देने का काम किया है। किसानों को अनेक योजनाओं जैसे किसान सम्मान निधि आदि से लाभान्वित किया गया है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 4 करोड़ से अधिक पक्के घर बनाए गए हैं। जल जीवन मिशन के तहत 15 करोड़ से अधिक घरों में नल से जल पहुंचा है और वहीं स्वच्छ भारत अभियान के तहत 12 करोड़ शौचायालय बनाकर माताआ. -बहनों को गरिमापूर्ण जीवन दिया है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के 11 साल के कार्यकाल में हर क्षेत्र में विकास कार्य कराए गए हैं।

वार्ता के दौरान महानगर प्रभारी वाईपी सिंह, जिला प्रभारी देवेन्द्र कुमार शर्मा, मेयर डा. अजय सिंह, पूर्व सांसद राघव लखनपाल शर्मा, जिलाध्यक्ष डा. महेंद्र सैनी, नगराध्यक्ष शीतल बिश्नोई, नगर विधायक राजीव गुम्बर, विधायक देवेंद्र निम, विधायक चौ. कीरत सिंह, पूर्व विधायक जगपाल सिंह, पूर्व मेयर संजीव वालिया, चेयरमैन राजपाल जुड्डा, पूर्व जिलाध्यक्ष बिजेन्द्र कश्यप, जिला मीडिया प्रभारी विपिन चौधरी आदि मौजूद रहे।

# भाजपा सरकार में महंगाई व बेरोजगारी मिलीः साजिद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता चौधरी साजिद हसन ने कहा भारतीय जनता पार्टी की सरकार के 11 साल के कार्य काल में भारत की जनता को महंगाई और बेरोजगारी मिली।

साजिद हसन ने कहा कि 400 वाला सिलेंडर 900 के पास पहुंच गया। 60 रुपये वाला पैट्रोल 96 रुपये प्रति लीटर और 56 रुपए डालर की कीमत 86 के पार पहुंच गई। उन्होंने कहा कि नोटबंदी में छोटे उद्योग धंधे बन्द हुए। बेरोजगारी चरम सीमा पर है और नौजवान डिग्री लेकर लाठी डंडे खा रहे है। पहले मीडिया सरकार को जगाने का काम करती थी आज मीडिया सो रही है। आज मीडिया बीजेपी की नाकामी छुपाने में लगी है। इसी वजह से देश की हालत दिन पर दिन खराब हो रही है।

सपा नेता ने कहा कि बीजेपी सरकार ने बिजली हाउस टैक्स जल कर इतने महंगे हो गए हैं जिससे गरीब परिवार परेशान हो गया। गरीब और गरीब हो रहा है कुछ अदानी अंबानी जैसे बिजनेस मैन को और अमीर बना दिया।

उन्होंने कहा कि बीजेपी सरकार की नाकामी से पुलवामा और पहलगाम जैसे आतंकी हमले हुए। आज तक पुलवामा के हमले करने वालो का पता नहीं लगा। आखिर आरडीएक्स कोन लाया था कहां से आया था। उन्होने कहा कि अब देश की आवाम बीजेपी को जान चुकी है। उत्तर प्रदेश से बीजेपी का सफाया निश्चित है और इस बार पीडीए मिलकर समाजवादी सरकार बनाएगी।

# ग्राम प्रधान देश के विकास की मुख्य धुरीः जादौन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** अखिल भारतीय प्रधान परिषद के तत्वावधान में आयोजित सम्मेलन में आज ग्राम प्रधानों की विभिनन समस्याओं पर विचार किया गया। इस दौरान मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन मंडलायुक्त को सौंपकर समस्याओं का समाधान कराए जाने की मांग की।

आज दिल्ली रोड स्थित गुर्जर भवन में आयोजित प्रधान सम्मेलन में विभिन्न गांवों के ग्राम प्रधानों ने अपनी-अपनी समस्याएं रखी और सरकार से समस्याओं के समाधान की मांग की। प्रधान सम्मेलन के मुख्य अतिथि परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक जादौन ने कहा कि ग्राम प्रधान देश के विकास की मुख्य धूरी हैं। उन्होंने कहा कि ग्राम के विकास से ही राष्ट्र की उन्नति होती है और ग्राम प्रधान का देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान होता है। उन्होंने



ग्राम प्रधानों का आह्वान किया कि वह सरकार की योजनाओं को विकास के रूप में अपने गांव में लागू करने का काम करें ताकि ग्रामीणों को सुविधा मिल सके। इसके अलावा जो समस्याएं उनके संज्ञान में आ रही है, उन्हें लेकर संबंधित अधिकारियों से संपर्क कर उनका निराकरण कराने का काम किया जाएगा। ग्राम प्रधान संगठन के जिलाध्यक्ष अनुज मदनूकी ने कहा कि समस्याओं के लिए सभी ग्राम प्रधान एकजुट होकर कार्य करें। यदि किसी प्रधान का उत्पीड़न होता है तो वह उनकी मदद के लिए हर समय तैयार हैं तथा किसी भी सूरत में ग्राम प्रधान का उत्पीड़न नहीं होने दिया जाएगा। सम्मेलन के बाद में सभी ग्राम प्रधान मंडलायुक्त कार्यालय पहुंचे जहां उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित ज्ञापन मंडलायुक्त को सौंपकर समस्याओं का समाधान कराने की मांग की। उन्होंने ज्ञापन में कहा कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत गाँव में कार्य कराए जा रहे हैं, उन पर विशेष ध्यान दिया जाए और कार्यो को सही समय पर पूर्ण कराए जाये तथा जो सड़के ग्रामों में उखाड़ दी गयी है, उन्हें अतिशीघ्र पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिए जाये तथा मनरेगा की मजदूरी न्यूनतम 500 रुपए होनी चाहिए और मनरेगा द्वारा कराए गए कार्यों का भुगतान जो काफी समय से लंबित है, तत्काल कराया जाए। उन्होंने कहा कि राज्य वित्त और केन्द्रीय वित्त का बजट समय से पंचायत खातों में भिजवाने के निर्देश दिए जाएं तथा अंतिम वर्ष में धन में कोई कटौती न हो। उन्होंने कहा कि -ग्राम पंचायत में तैनात पंचायत सहायक और शौचालय केयर टेकर के मानदेय की व्यवस्था पृथक से की जावे। राज्य वित्त की राशि का दो गुणा करने का कार्य किया जावे। इसके अलावा प्रधानों को मानदेय सचिव से ज्यादा दिया जाए एंव उन्हें जनप्रति. निधि की तरह पंचायत प्रतिनिधियों की तरह पेंशन की व्यवस्था भी की जाए। उन्होंने मुख्यमंत्री से मांग करते हुए कहा कि उनकी मांगों का अविलम्ब समाधान किया ताकिग्राम पंचायतों में विकास कार्य गति पकड़ सकें। सम्मेलन एवं ज्ञापन देने वालों में भारी संख्या में ग्राम प्रधान मौजूद रहे।

### जाम से चलना दुभर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** मेन बाजार व चौराहों पर रहने वाले हर वक्त के जाम से लोगों का जीना दुभर हो गया है। जहां जाम से रफ्तार थम गई है वहीं मजनू भी सक्रिय हो गए है। पुलिस द्वारा कोई इंतजाम न किए जाने से लोगों में आक्रोष है।

इस संबध में जब उमा शर्मा से बात कि तो उनका कहना है कि चौराहो के बाद मुख्य बाजार भी जाम की चपेट में आ गए है। दो पहिया वाहनों की बढती तादाद ने भी जाम के झाम को बढावा दे रखा है। दुकानों के आगे रखे सामान के बाद खरीदारों द्वारा खडी किए जाने वाले वाहनों से स्थिति और भी भयाव्ह हो जाती है। सड़कों पर अतिक्रमण व जाम के कारण मजनू टाइप लोग भी सक्रिय हो जाते है। जो लड़कियों से छेडछाड करने बाज नही आते। उन्होने इस पर रोक लगानी की मांग की है।

प्रिया बंसल का कहना है कि वाहन तो वाहन पैदल चलने वालों का भी चलना दुभर हो गया है।

# शिविरों में दर्ज की गई 41 शिकायतें

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** वार्डो में लोगों की समस्याओं के निस्तारण हेतु नगर निगम द्वारा लगाये जा रहे जन समस्या निस्तारण कैंपों की श्रृंखला में आज तीनों कैंप में कुल 41 समस्याएं दर्ज की गयी। नगरायुक्त ने जन समस्याओं को गंभीरता से लेकर निस्तारण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। वार्ड 13 चकहरेटी में आयी 10 समस्याओं में अधिकांश समस्याएं नाला व सड़क निर्माण तथा जल निकासी सम्बंधित रही। जबकि वार्ड 14 के गोल मार्किट शारदा नगर में 21 समस्याएं और वार्ड 15 शिव मंदिर छोटी लाइन में भी 10 समस्याएं पहुंची।

वार्ड संख्या 13 में नगरायुक्त शिपू गिरि ने महाप्रबंधक जल पुरुषोत्तम कुमार, नगर स्वास्थय अधिकारी प्रवीण शाह आदि अधिकारियों के साथ समस्याएं सुनी। कैंप में गोबिंद विहार, नानकपुर, जनता रोड से गोल्ड फील्ड स्कूल तक देवेंद्र नगर से देवपुरम गेट तक तथा लक्ष्मणपुर कॉलोनी से गोविंद विहार तक सड़क व नाला बनवाने के लिए लोगों ने प्रार्थना पत्र दिए। गोविंद विहार वेल्फेयर सोसायटी की ओर से भी सफाई एवं पानी निकासी आदि के लिए नाला निर्माण की मांग की गयी।

वार्ड 14 के शारदा नगर कैंप में सात समस्याएं हाउस टैक्स से सम्बंधित रही। जिसमें तीन समस्याएं जीआईएस सर्वे के बाद आये नोटिस सम्बंधी थी। जबकि छह समस्याएं नाली निर्माण तथा हैंडपम्प एवं पानी से सम्बंधित रही। वार्ड 15 में दो समस्याएं पार्क एवं चौराहों का सौंदर्यीकरण तथा तीन टैक्स सम्बंधी और शेष समस्याएं पाइप लाइन व सोलर लाइट ठीक कराने, सडक निर्माण आदि के सम्बंध में रही। सभी समस्याओं के निस्तारण के लिए सम्बंधित अधिकारियों को नगरायुक्त द्वारा निर्देश दिए गए है।

**❒गंगोह।** बढ़ती गर्मी व घटती बिजली आपूर्ति ने क्षेत्र के लोगों का हाल बेहाल कर दिया है। व्यस्त बाजार भी गर्मी के कारण सुनसान नजर आ रहे हें। गर्मी से काम-धंधो पर भी असर पड़ रहा है।

सूर्य देव लगातार प्रचंड होते जा रहे हैं। इस कारण गर्मी का असर भी लगातार बढ़ रहा है। गर्मी अपने चरम की पर है। गर्मी ने दोपहर में बाजारों की रौनक को छीन लिया हे। नगर का शिव चौंक सहित मेन बाजार जहां हर समय व्यस्त रहते है लेकिन गर्मी ने उसे भी सुनसान कर दिया है।

### शूटिंग रेंज का उद्घाटन

**सहारनपुर।** महानगर की प्रमुख शिक्षण संस्था सेठ आनंदराम जयपुरिया स्कूल में अत्याधुनिक शूटिंग रेंज का उद्घाटन मुख्य अतिथि एसपी सिटी व्योम बिंदल, विशिष्ट अतिथि सीओ एस. पी. गौतम ने पौधारोपण करकें एवं रिबन काटकर किया।

एसपी सिटी श्री बिंदल ने कहा कि यह पहल न केवल छात्रों को खेलों की ओर प्रेरित करेगी, बल्कि उनके व्यक्तित्व निर्माण में भी मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने इस प्रयास को शिक्षा के क्षेत्र में एक अभिनव और अनुकरणीय पहल बताया। विद्यालय की प्रधानाचार्य दीपाली गुप्ता ने बताया कि विद्यालय का सदैव यह प्रयास रहा है कि शिक्षा केवल किताबी ज्ञान तक सीमित न रहे, बल्कि छात्रों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए उन्हें जीवन के हर क्षेत्र में दक्ष बनाया जाए।

# बंदर पकड़ने को एक और टीम लगाने के निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नगरायुक्त ने शहर में बंदरों के आतंक को देखते हुए बंदरों को पकड़कर जंगल में सुरक्षित स्थान पर छोड़ने के लिए एक और टीम को लगाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने यह निर्देश उद्योग बंधु की बैठक में उद्यमी मुकुंद मनोहर गोयल की इस शिकायत पर दिए कि बाजोरिया रोड स्थित न्यू भगत सिंह कॉलोनी में बंदरों का आंतक है।

निगम के पशु चिकित्साधिकारी डॉ. संदीप मिश्रा ने बताया कि बंदर पकड़ने के लिए एक टीम शहर में लगातार काम कर रही ळें शिकायत स्थल से छह बंदर तथा रिमाउण्ट डिपो व जेल चुंगी क्षेत्र से कुल 74 बंदर अब तक पकड़कर सरकार के निर्देशों का पालन करते हुए जंगल में छोडे जा चुके हैं। इस पर नगरायुक्त ने एक ओर टीम को जोड़ने के निर्देश दिए ताकि बंदरों को पकड़ने के कार्य में तेजी लायी जा सके। उद्यमियों ने पुल सब्जी मण्डी व दाल मण्डी के पास पार्किंग के लिए बनाये गए पुलों से सड़कों के संकरा होने का मुद्दा भी उठाया। जिस पर नगरायुक्त ने मुख्य अभियंता निर्माण को इस सम्बंध में दिशा निर्देश दिए।

नालों पर अतिक्रमण और नालों की सफाई का मुद्दा भी सामने आया। जिस पर नगरायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि नालों की सफाई के लिए जब भी जाएं तो जेसीबी और ट्रैक्टर ट्राली लेकर जाएं। नगरायुक्त ने कहा कि शहर से जल निकासी के लिए हमारी प्राथमिकता नाला सफाई है। उन्होंने नाला सफाई के लिए चार विशेष मशीने खरीदने के भी निर्देश दिए। स्ट्रीट लाइट चोरी होने के सवाल पर नगरायुक्त ने पथ प्रकाश प्रभारी को स्पष्ट निर्देश दिए कि जितनी चोरी हो उतनी ही एफआईआर कराएं। उन्होंने लाइट चोरी करने वालों को चिह्नित करने में व्यापारियों से भी सहयोग की अपील की। उन्होंने व्यापारियों से कहा कि जहां -जहां बिजली खराब है वहां की सूची बनाकर उपलब्ध करा दें, उन्हें ठीक करा दिया जायेगा। उद्यमियों ने गत बैठक में उठाये गए अनेक समस्याओं के समाधान के लिए नगरायुक्त व नगर निगम के अधिकारियों का आभार भी जताया।

टैक्स में अत्यधिक वृद्धि के सम्बंध में नगरायुक्त ने कहा कि जितनी भी शिकायतें है, उनकी सूची बनाकर उपलब्ध करा दें, उनकी जांच करा ली जायेगी और टैक्स बढ़ने के कारण बताते हुए सम्बंधित को अवगत कराया जायेगा और पूरी तरह संतुष्ट करने के बाद ही टैक्स वसूला जायेगा। मुकुंद मनोहर के अलावा पंकज गुप्ता, नरेश गोयल, हरपाल सिंह वर्मा, शीतल टण्डन, जसवंत बत्रा आदि उद्यमियों ने पार्क सौंदर्यीकरण, सार्वजनिक शौचालयों का निर्माण, एमआरएफ सेंटर, स्पीड ब्रेकर बनवाने, डिवाइडर में कट देने, नालियों की सफाई आदि अनेक मुद्दे उठाए। उक्त के अलावा बैठक में उद्यमी अजय शर्मा, नुसरत साबरी, आलोक अग्रवाल, विजय मल्होत्रा, विनय जैन, शांतनु शर्मा, रोहित अग्रवाल, राजेश कुमार,आनंद कुमार, पवन गोयल व गुलशन नरुला आदि उद्यमियों के अलावा अपर नगरायुक्त मृत्युंजय, मुख्य अभियंता निर्माण बी के सिंह, महाप्रबंधक जल पुरुषोत्तम कुमार सहित सभी अधिकारी शामिल रहे।

# डीएम ने की हर घर जलयोजना की समीक्षा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी मनीष बंसल ने जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल-हर घर जल योजना की समीक्षा करते हुए कार्य की प्रगति में तेजी लाने के निर्देश दिये। साथ ही कहा कि सडको का गुणवत्तापरक री स्टोरेशन प्राथमिकता के साथ करें।

कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी ने सभी कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया कि तेजी से प्रगति करना सुनिश्चित करें ताकि योजना का वास्तविक लाभ आमजन को मिल सके। उन्होंने कहा कि आमजन को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना शासन-प्रशासन की प्राथमिकता में शामिल है, धरातल पर कार्य करते हुए रेगुलर वाटर सप्लाई को बढ़ाया जाए। उन्होंने तोड़ी गई सड़कों का गुणवत्तापरक री-स्टोरेशन



सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने 308 प्रोजेक्ट के तहत जिन ग्राम पंचायतों में सड़कों के री-स्टोरेशन का कार्य पूर्ण हो चुका है उसका सत्यापन ग्राम प्रधान और सचिव से संयुक्त रूप से कराते हुए प्रमाण पत्र लेने के निर्देश दिए। अधिशासी अभियंता को निर्देशित किया कि कार्यदायी संस्थाओं से धरातल पर गुणवत्तापरक कार्य कराना सुनिश्चित किया जाए।

श्री बंसल ने जहां पर ट्यूबवेल की स्थापना का कार्य शुरू नहीं हुआ वहां पर शीघ्रता से कार्य शुरू करते हुए पूर्ण कराने के निर्देश दिए। जिस जगह पर विवाद है, वहां पर संबंधित उपजिला. धिकारी और पुलिस विभाग से समन्वय स्थापित करते हुए विवाद का हल कराते हुए कार्य शुरू किया जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सुमित राजेश महाजन, अधिशासी अभियन्ता जल निगम मो.हाशिम सहित संबंधित अधिकारीगण तथा कार्यदायी संस्था के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### 25 को निगम पर प्रदर्शन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** डेयरी संचालक संघर्ष समिति के अध्यक्ष संजय वालिया ने कहा कि डेयरी संचालक आगामी 25 जून को नगर निगम पर अपने पशुओं के साथ विरोध प्रदर्शन करेंगे। साथ ही 15 दिन में एनजीटी के नियमों का उल्लंघन करने वाले औद्योगिक संस्थानों के बाहर प्रदर्शन किया जाएगा ताकि नगर निगम भी गाय भैंस वालों के साथ-साथ ऐसे औद्योगिक प्रतिष्ठानों पर भी कार्रवाई करने का काम करें।

डेयरी संचालक संघर्ष समिति के अध्यक्ष संजय वालिया आज हकीकत नगर स्थित रामलीला मैदान पर पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वह लोग नगर निगम सीमा से बाहर जाने को तैयार है लेकिन निगम उन्हें व्यवस्था उपलब्ध कराने का काम करें। उन्होंने कहा कि एनजीटी का फरमान केवल गाय भैंसों पर ही लागू होता है।

# प्रधान की वित्तीय व प्रशासनिक शक्तियों पर रोक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** थाना क्षेत्र में पड़ने वाली ग्राम पंचायत फिरोजाबाद की प्रधान द्वारा निर्माण कार्यों में गडबडी पाये जाने तथा वित्तीय अनियमितता के कारण जिलाधिकारी ने प्रधान की वित्तीय तथा प्रशासनिक शक्तियों पर रोक लगा दी है।

ग्राम फिरोजाबाद के बलजीत सिंह तथा भूरा ने जिलाधिकारी को शपथ पत्रों के साथ शिकायती पत्र प्रस्तुत किया था। जिलाधिकारी के निर्देश पर इस प्रकरण की जांच जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा ग्रामीण विकास अभिकरण सहारनपुर तथा सहायक अभियंता जल निगम ग्रामीण द्वारा कराई गई थी। जांच रिपोर्ट में ग्राम पंचायत द्वारा कराए गए कार्यो मे अनेक कमियां पाई जाने पर ग्राम प्रधान को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया था। ग्राम प्रधान तथा सचिव द्वारा गांव में पुलिया निर्माण में घटिया सामग्री का प्रयोग करने तथा पुलिया के छः माह बाद टूटने की शिकायत को सही पाया गया। गांव में साफ सफाई के नाम पर भी अनियमितता को सही पाया गया।

हैंड पंप की मरम्मत की शिकायत भी समिति को सही मिली। सफाई रेडा खरीद, लाइट की खरीद, खंडजा निर्माण, कब्रिस्तान के पास पुलिया की क्रॉसिंग सहित अन्य कार्यों में अनियमितता पाई गई तो जिलाधिकारी ने सभी अनियमितता को गंभीरता से लेते हुए निर्देश दिया है कि ग्राम पंचायत फिरोजाबाद की प्रधान मेहताब बेगम को वित्तीय एवं प्रशासनिक शक्तियों के प्रयोग एवं कृतियों के संपादन से निलंबित कर दिया गया है। ग्राम पंचायत के कार्यों को संपादित करने के लिए पंचायत के तीन सदस्यों की समिति का गठन किया जाएगा। इस प्रकरण की अंतिम जांच के लिए जिला अर्थ एवं सांख्यिकी अधिकारी सहारनपुर को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है।

### जयंती मनाई

**गंगोह।** रामबाग रोड पर पं. रामप्रसाद बिस्मिल की 128 वीं जयंती मनाई गई। इस अवसर वक्ताओं ने कहा कि बिस्मिल एक महान क्रांतिकारी और स्वतंत्रता सेनानी थे। उन्होंने अंग्रेजों के खिलाफ विद्रोह करने के लिए हथियार खरीदने हेतु काकोरी ट्रेन कांड को अंजाम दिया। जिसके कारण उन्हें अशफाक उल्ला खान और रोशनसिंह के साथ गोरखपुर जेल में मात्र 30 वर्ष की आयु में अंग्रेजी सरकार ने फांसी पर चढ़ा दिया। उनका जीवन युवाओं के लिए प्रेरणास्पद है।

# हकीकत में खास मुद्दे

भाजपा और कांग्रेस समेत विभिन्न राजनीतिक दलों ने भले ही अतीत में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों के बारे में शिकायतें उठाई हैं, लेकिन प्रशासनिक और तकनीकी सुरक्षा उपायों के मद्देनजर उनमें से कई जांच में खरी नहीं उतरीं। कांग्रेस ने अब चुनावी प्रक्रिया पर ध्यान केंद्रित कर लिया है तथा ज्यादा मौलिक मुद्दों को उठाया है, जिन पर अलग से विचार किए जाने की जरूरत है। बताते चलें कि लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने महाराष्ट्र में 2024 के विधानसभा चुनावों में जो कुछ हुआ, उसके आधार पर चुनाव संचालन को लेकर परेशान करने वाले सवाल उठाए हैं। इसमें हकीकत में कुछ खास मुद्दे हैं, जैसे आम चुनाव और विधानसभा चुनावों के बीच मतदाता सूची में सूचीबद्ध मतदाताओं की संख्या में असामान्य वृद्धि, मतदान के दिन शाम 5 बजे के बाद मतदान प्रतिशत में वृद्धि तथा मतदान प्रक्रिया के सीसीटीवी फुटेज तक पहुंच को प्रतिबंधित करने के वास्ते केंद्र द्वारा चुनाव संचालन नियम, 1961 में संशोधन किया जाना। गांधी ने निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति की उस प्रक्रिया पर भी सवाल उठाया है, जिसमें केंद्र सरकार ने 2023 के सुप्रीम कोर्ट के फैसले को लागू करने से इन्कार कर दिया है। उक्त फैसले में निर्वाचन आयुक्तों का चयन करने वाले पैनल के एक हिस्से के रूप में भारत के मुख्य न्यायाधीश को शामिल करने की सिफारिश की गई थी। जिन राज्यों में आम चुनाव और विधानसभा चुनाव निकट थे, वहां पंजीकृत मतदाताओं की संख्या के बारे में किए एक शुरुआती विश्लेषण से पता चला कि विधानसभा चुनावों से पहले मतदाताओं की संख्या में तेज उछाल के उदाहरण मौजूद थे। जहां विधानसभा चुनावों से पहले जोड़े गए नये मतदाताओं की संख्या ज्यादा थी, आम चुनावों के बाद मात्र छह महीनों में 39 लाख से ज्यादा मतदाता जुड़े , वहीं 2014 में भी इसी किस्म की बढ़ोतरी देखी गई थी। लगभग चार मिलियन मतदाताओं की बढ़ोतरी एक बड़ी तादाद है और भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) को सत्यापन के लिए मतदाता सूची से संबंधित मशीन द्वारा पठनीय आंकड़ों को सक्रियतापूर्वक जारी करना चाहिए। इस आरोप के संबंध में कि शाम 5 बजे के बाद मतदान प्रतिशत में बढ़ोतरी असामान्य थी, यह तर्क सही नहीं है। यह मतदान के तात्कालिक (प्रोवि. जनल) आंकड़ों पर आधारित है और ईसीआई के आंकड़ों से पता चलता है कि महाराष्ट्र में शाम 5 बजे के बाद मतदान में कोई उल्लेखनीय बढ़ोतरी नहीं हुई। ईसीआई द्वारा एक एप के जरिये साझा किए गए मतदान प्रतिशत के तात्कालिक आंकड़े पूरी तरह से सटीक नहीं होते हैं, क्योंकि ये चुनाव के दौरान संख्याओं की हाथ से की गई (मैनुअल) प्रविष्टि पर निर्भर होते हैं और मशीन की सटीक गणना से तुलना करने पर इनमें विसंगतियां हो सकती हैं। चूंकि फार्म 17-सी के जरिये प्रत्येक मतदान केन्द्र के अंतिम आंकड़े कुछ समय बाद ही जारी किए जाते हैं, लिहाजा मतदान के तात्कालिक आंकड़ों पर भरोसा करना गलत होगा। हालांकि, एक और मुद्दा है जिस पर निर्वाचन आयोग को जवाब देना चाहिए, सीसीटीवी फुटेज को सुरक्षित रखना और शिकायतों की जांच के लिए राजनीतिक दलों एवं उनके प्रत्याशियों को उसे सुलभ कराना।


## प्रधानमंत्री मोदी सर्वदलीय बैठक की अध्यक्षता कब करेंगे



32 देशों की यात्रा से लौटे से 7 डेलिगेशन के 51 सांसदों से पीएम का मिलना ठीक है, यह उनका विशेषाधिकार है और ये कोई आश्चर्य की बात नहीं है, लेकिन हमारे पास कुछ आसान सवाल हैं, हम चाहते हैं कि पीएम इन सवालों का जवाब दें, प्रधानमंत्री मोदी सर्वदलीय बैठक की अध्यक्षता कब करेंगे, पार्टियों के सांसदों से नहीं, बल्कि नेताओ से कब मिलेंगे, पहलगाम आतंकी हमले के बाद सामने आई भीतरी और बाहरी सुरक्षा चुनौतियों पर इन नेताओं को कब विश्वास में लेंगे, कारगिल युद्ध के बाद हमारे पास एक कारगिल समीक्षा समिति थी। क्या सिंगापुर में सीडीएस के खुलासे के बाद भी ऐसी ही कवायद होगी, क्या समीक्षा होगी, क्या कोई विश्लेषण होगा, क्या कोई रिपोर्ट होगी।

**-जयराम रमेश, कांग्रेस महासचिव**

# चोट अंगुली में, दोष पूरे शरीर को देते रहे






अंगुली नीतीश थे और शरीर लालू थे। कितनी आसानी से मक्कारों ने लालू को खलनायक बना दिया और खलनायक को नायक बनाकर पूजते रहे। 15-20 सालों में क्या हासिल किया बिहार ने, मीडिया ने लालू कार्यकाल को बनाया बीमा और मीडिया ने ही नीतीश को कहा विकास पुरुष, खैर हमे नीतीश से कोई लेना देना नहीं, क्योंकि ऐसे लोगों से क्या ही उलझें, आज कुछ, कल कुछ, परसो कुछ, न जुबान का ठिकाना और न ही किरदार का कोई ठिकाना। कुर्सी के लिए किसी को भी पाया बना लेने वालों पर बात ही बेईमानी है।

हम आते हैं लालू प्रसाद यादव पर, उनके ऊपर चवन्नी छाप भी उठकर भ्रष्टाचार का आरोप लगा देते हैं। वह भी चारा चोर कहकर खी खीखी करते हैं, जिनमें राजनीतिक अक्ल एक रत्ती से भी कम है। यह मासूम लोग हैं, इन्हें टीवी में बैठा एंकर बता देता है फलाने चोर हैं, यह चोर चोर बकने लगते हैं, टीवी का एंकर कह देता है कि फलाने महान हैं, विकास पुरुष हैं, यह उसके नाम ले लेकर लहालोट होते हैं। यह कभी भी पलट कर अपने इर्द गिर्द नहीं देखते हैं। लालू प्रसाद यादव के जमाने में हुए अपराध को देखते वक्त सूक्ष्मदर्शी इस्तेमाल करते हैं और वर्तमान सत्ता के अपराध झांकने में अपनी मटर जैसी आंखे इस्तेमाल करते हुए पर्दा डाल देते हैं। जरा बिहार के अगल-बगल के मुख्यमंत्री को भी देखें, उन्होंने अपने राज्यों में बिहार से ज्यादा काम किया है, जबकि वह आते जाते रहे हैं। यूपी को ही ले लें, नीतीश के समकक्ष मुलायम सिंह यादव, मायावती या राजनाथ सिंह, सबने इनसे बेहतर काम कम वक्त में किया है। अखिलेश यादव के पांच साल के काम तो नीतीश अगले 50 साल में भी नहीं कर पाएंगे। नीतीश एक ढोल थी जो सिर्फ लालू लालू लालू कहकर बज रही थी। लालू प्रसाद यादव को गरियाओ और सत्ता पाओ। लालू को गले लगाओ और सत्ता पाओ। यानी सत्ता सिर्फ एक नाम से मिलती,लालू और लालू। लालू कभी नैतिकता में नीचे नहीं गिरे, कभी घिनौनी राजनीति नहीं की, कभी अपशब्द नहीं बोले, बस देशज अंदाज में तफरीहन बातें की। गलतियां उतनी ही कि जितनी हमारे देश के तमाम विख्यात नेता करते रहे और काम भी उतना ही किया। आज लालू लंबी जेल की सजा काटकर जमानत पर है, यही प्रमाण है उनकी वैचारिक प्रतिबद्धता का और उस सत्ता के डर का जो हुकूमत, लालू की आंख देख सहम जाती है। क्या समझते हैं कि लालू के वक्त जज मॉर्निंग वॉक पर नहीं जाया करते थे। क्या समझते हैं कि लालू फैसले मैनेज नहीं कर सकते थे। दूसरे तमाम नेताओं की तरह अपने ऊपर से मुकदमे हटा नहीं सकते थे क्या। कितने ही प्रदेश के मुख्यमंत्री हैं, जिन्होंने खुद पर से आपराधिक मुकदमे खुद ही खत्म कर लिए, तो क्या लालू यह नहीं कर सकते थे। सब कर सकते थे मगर नहीं किया गया। सलाखों को कुबूल किया, तभी न्यायालय पर आपको भरोसा है। हमने बहुत से गुंडों को बहुत ऊंचे पद पर बैठे देखा है, आप भी देख रहे हैं, तब भी आपको लगता है कि लालू गलत थे। एक बार लालू के सर लगे इल्जाम को देखिएगा, रुपयों की गिनती कर लीजिएगा और यह भी देखिएगा उतने रुपये में आजका सत्ताधीश कितने विधायक खरीदकर चुनी हुई सरकार गिराता है। वह बेहिया लोग लालू पर सवाल उठाते हैं, जो विधायक खरीदने वाले के सामने सर झुकाया करते हैं। ईमानदार हो तो सर उठाकर उसको भी इतना ही कोसो जो लालू के सर मढ़े भ्रष्टाचार की कीमत में केवल एक या डेढ़ विधायक ही खरीद पाता, जबकि उसने बीसों को खरीदा है, सोचो कितना खर्च किया होगा। सरकारें गिराई हैं, पार्टियां तोड़ी हैं, क्या यह सब बीफ ईमानदारी से हुआ है। इन विधायक चोरों को पर्दे में छिपाकर। उन्हें जबरदस्ती चाणक्य का दर्जा देते हुए,जरा भी शर्म नहीं आती दोगले आपको। लालू का जेल में रहना और लालू को बदनाम करना, दोनों से किसी की चुनावी दुकान चलती है। लालू जेल में हैं, यह भी उनकी ईमानदारी है। बहुत पहले लिखा था कि राहुल को इस भारत में अगर आज किसी से राजनीतिक दीक्षा लेनी चाहिए, वह सिर्फ लालू प्रसाद यादव हैं। राहुल ने तो आगे बढ़कर लालू जी को गले लगा लिया, उनके साथ देखकर तबियत खिल उठती है। मैं खुद हमेशा खुद को कोसता हूं कि लालू को मापने में हमने इतना अगर मगर क्यों किया। क्यों लालू को जांचने में हमने उनकी सुनी जो अपनी जुबान कहीं किसी शाखा से उधार लाए थे। लालू जी का जन्मदिन है, हम इसका प्रायश्चित करते हैं कि हमने उस समय मुंह नहीं खोला जब खोलना चाहिए था। लालू का सलाखों में जाना हमारा खुद का कैद हो जाना था, एक ही तो आवाज थी, जो बिना तराजू लिए बोलती थी। बस खुशी इतनी है कि लालू जी को हमने कभी खलनायक नहीं माना। कभी उनकी लीडरशिप में खामी नहीं देखी और कभी उन्हें कमजोर, मजाकिया या फिजूल नहीं जाना, हमेशा यह तो माना कि वह अद्वितीय हैं। अन्ना के झांसे के वक्त लालू ही एक आवाज थे जो संसद से सड़क तक बोल रहे थे कि यह आंदोलन सही नहीं है। लालू उस वक्त ही नब्ज पकड़ चुके थे मगर सरकार मदमस्त थी लालू को ही घेरने में, उनकी आवाज अनसुनी की गई। संसद में लालू के वह भाषण आज भी ऐतिहासिक है, जो बता रहा है कि संसद सर्वोच्च है, क्योंकि जनता ने उसे चुना है। लालू एक दौर की राजनीति का पर्याय हैं और अपने विरोधी की ऑक्सीजन हैं, बिना लालू नाम लिए, वह आज भी क्लास मॉनिटर तक का चुनाव नहीं लड़ सकते। लालू जी को जन्मदिन की मुबारकबाद और प्रार्थना की वह अभी मजबूती से और रहें, क्योंकि देश को उनकी जरूरत हैं। जिन्हें लालू के आरोप, सजा या परिवारवाद से दिक्कत है, वह हमें उस पार्टी का नाम बताएं जिनमें यह अवगुण न हों, कम या ज्यादा तराजू लेकर वह बैठे। लालू के राज में भी कुछ बहुत गलतियां रही होंगी, मगर अच्छाइयां ज्यादा थीं। हमने यह मान लिया है कि कुछ कमियों के साथ अच्छी चीजें फेंक नहीं दी जाती हैं। लालू प्रसाद इस माटी का हमको प्रसाद है, हम उनकी इज्जत करते हैं, लालू कुछ भी हों, धोखेबाज, चालबाज, मक्कार नहीं हो सकते और लाशों पर राजनीति नहीं करते, बस इतना काफी है, उनके प्रति प्रेम के लिए, हां हम लालू से प्रेम करने लगे हैं। जन्मदिन मुबारक, ईश्वर आपकी सफलता, समझ, अंदाज और सरलता आपके नीचे तक भी पहुंचाए और आपको स्वस्थ्य रखे। तेजस्वी आपका हमें उपहार है और वैचारिक प्रतिबद्धता आपका दिखाया रास्ता है, यह दोनों हमेशा बने रहें, आपको बहुत बहुत शुभकामनाएं।

**लालू जेल में हैं, यह भी उनकी ईमानदारी है। बहुत पहले लिखा था कि राहुल को इस भारत में अगर आज किसी से राजनीतिक दीक्षा लेनी चाहिए, वह सिर्फ लालू प्रसाद यादव हैं। राहुल ने तो आगे बढ़कर लालू जी को गले लगा लिया, उनके साथ देखकर तबियत खिल उठती है। मैं खुद हमेशा खुद को कोसता हूं कि लालू को मापने में हमने इतना अगर मगर क्यों किया। क्यों लालू को जांचने में हमने उनकी सुनी जो अपनी जुबान कहीं किसी शाखा से उधार लाए थे। लालू जी का जन्मदिन है, हम इसका प्रायश्चित करते हैं कि हमने उस समय मुंह नहीं खोला जब खोलना चाहिए था। लालू का सलाखों में जाना हमारा खुद का कैद हो जाना था, एक ही तो आवाज थी, जो बिना तराजू लिए बोलती थी। बस खुशी इतनी है कि लालू जी को हमने कभी खलनायक नहीं माना।**

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# धर्म के आवरण में दरिंदगी: कुछ तो गड़बड़ है




**ऐसे ही केरल में कैथोलिक चर्च से जुड़े यौन शोषण के मामले चर्चा में रहे। एक नन ने जालंधर के रोमन कैथोलिक चर्च के बिशप पर 14 बार यौन शोषण का आरोप लगाया था। 2019 में तो पोप फ्रांसिस ने भी स्वीकार किया था कि भारत, लैटिन अमेरिका, इटली, और अफ्रीका में बिशप और प्रीस्ट द्वारा ननों का यौन शोषण हुआ है। पटना में 2017 में एक पादरी पर दो महिलाओं के साथ बलात्कार और धर्म परिवर्तन के नाम पर यौन शोषण का आरोप लगा। इसी प्रकार दिसंबर 2024 में संभल, उत्तर प्रदेश, में एक मस्जिद के मौलाना साजिद और उसके भाई पर 13 साल की बच्ची के साथ बलात्कार की कोशिश और तीन घंटे तक बंधक बनाने का आरोप लगा। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार किया। एक तथ्य यह भी है कि धार्मिक संस्थानों में यौन शोषण के मामलों को अक्सर दबाने की कोशिश की जाती है।**

हमारे देश में जितना अधिक धर्म का ढिंढोरा पीटा जा रहा है अधर्म भी उतनी ही तेजी से बढ़ता जा रहा है। पिछले कुछ वर्षों से ऐसे मामलों में लगातार वृद्धि दर्ज की जा रही है। खासतौर से जब से आसाराम, स्वामी चिन्मयानंद, गुरमीत राम रहीम, स्वामी नित्यानंद, दाती महाराज, रामपाल, आसाराम के कुपुत्र नारायण साईं, भीमानंद महाराज उर्फ शिवमूरत द्विवेदी, राम शंकर तिवारी उर्फ स्वामी परमानंद व आशु भाई महाराज जैसे स्वयंभू संतों व डेरा संचालकों से जुड़े मामले सामने आए व इनमें से कई को बलात्कार व यौन शोषण के मामले में जेल जाना पड़ा तब से तो धर्म क्षेत्र में इस तरह के कुकर्मों की गोया झड़ी सी लग गई। देश में न जाने कितने साधु वेश धारी मंदिर के पुजारी या किसी न किसी रूप में धर्म क्षेत्र से जुड़े लोग यौन हिंसा के शर्मनाक मामलों में पकड़े जा चुके हैं। पिछले दिनों उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में दीपक वर्मा नामक एक बलात्कारी को थाना आलमबाग के अंतर्गत पुलिस ने सूर्योदय से पूर्व ही सुबह सवेरे मुठभेड़ में मार गिराया, यह व्यक्ति भी धर्म का चोला ओढ़े रहता था। स्वयं को माता का भक्त प्रदर्शित करने वाला यह कुकर्मी माता रानी के जागरण समारोहों में झांकियां सजाने व झांकियां निकालने का काम किया करता था। इस ने चंद्रनगर मेट्रो स्टेशन के नीचे से ढाई-तीन साल की बच्ची को, जो अपने पिता के साथ लेटी हुई थी, चुपके से उसका अपहरण कर उसे उठा लगाया। बाद में इस व्यक्ति ने उस बच्ची के साथ बड़ी ही बेरहमी के साथ दुष्कर्म किया था। मासूम बच्ची अभी भी गंभीर अवस्था में इलाज करा रही है। पुलिस ने माता भक्त इस आरोपी पर एक लाख का इनाम भी घोषित कर दिया था। उसके बाद पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान की और गत वीरवार को देर रात थाना आलमबाग क्षेत्र के मवैया के निकट एनकाउंटर में ढेर कर दिया। भारत जैसे धर्म प्रधान देश में में यौन शोषण के मामलों का तेजी से बढ़ना अत्यंत चिंता का विषय है। हालांकि देश में यौन शोषण को लेकर काफी कड़े कानून भी बने हुए हैं फिर भी यह एक प्रमुख सामाजिक समस्या बनी हुई है। खासकर धर्म क्षेत्र में कुकर्मियों व अधर्मियों का प्रवेश कर जाना धार्मिक सीख व शिक्षाओं पर भी सवाल खड़े करता है।

एक अनुमान के अनुसार भारत में प्रत्येक 22 मिनट में एक बलात्कार का मामला दर्ज होता है। इसमें वह मामले शामिल नहीं हैं जो भयवश या लाज वाश अथवा सुलह सफाई के बाद या फिर सामाजिक कलंक या कमजोर कानूनी व्यवस्था के कारण दर्ज नहीं होते और वह सरकारी रिकॉर्ड में नहीं आ पाते अन्यथा यह आंकड़े और भी चौंकाने वाले हो सकते हैं। वैसे तो दक्षिण अफ्रीका, स्वीडन, संयुक्त राज्य अमे. रिका, इंग्लैंड, मिस्र, फ्रांस व इथियोपिया जैसे देश भी महिला शोषण व बलात्कार जैसे मामलों में बदनाम देशों की सूची में शामिल हैं परन्तु इनमें से कोई भी देश धर्म का उस स्तर पर ढिंढोरा नहीं पीटता जितना भारत में देखने को मिलता है। स्वयं को धर्म प्रधान प्रदर्शित करने वाले भारत जैसे देश में बेशक यह एक अत्यंत गंभीर व संवेदनशील मुद्दा है। कहीं आश्रमों, मंदिरों व चर्चों में यौन शोषण के मामले सामने आते हैं जहां महंत, पुजारी, पादरी जैसे धर्म के आवरण में छुपे लोगों पर गैंगरेप का आरोप लगता है। जैसे कुछ समय पूर्व कानपुर में एक पीड़िता को पहले नशीला लड्डू खिलाया गया फिर उसका यौन शोषण कर घटना का वीडियो बनाकर उसे धमकाया गया। चार महीने बाद गोविंद नगर थाने में शिकायत तो दर्ज जरूर हुई, लेकिन परन्तु चूंकि महंत, पुजारी, और अन्य रेपिस्ट प्रभावशाली थे इस कारण उनके विरुद्ध पुलिस ने देर से कार्रवाई की। इसी तरह मई 2025 में आगरा के एक मंदिर में 5 साल की बच्ची के साथ बलात्कार की घटना चर्चा में रही। इस मामले में पुलिस ने शुरू में आरोपी को छोड़ दिया था, लेकिन वीडियो वायरल होने के बाद उसे फिर से गिरफ्तार किया गया। इसी तरह अप्रैल 2025 में सीतापुर में एक मंदिर के पुजारी पर नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म करने और एक पत्रकार की हत्या का आरोप लगा था। ऐसे ही सतना के नादन थाना क्षेत्र में एक कथा वाचक नारायण स्वरूप त्रिपाठी ने तीन नाबालिग बहनों को काल सर्प दोष की पूजा करने के बहाने अपने कमरे में बुलाकर उनका बलात्कार किया। पीड़िता बहनों के परिजनों की शिकायत पर नादन थाना पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# बचपन की छिनती मुस्कान: बाल श्रम मौलिक अधिकारों का हनन

**विश्व बाल श्रम निषेध दिवस पर विशेष**






हर वर्ष 12 जून को विश्व बाल श्रम निषेध दिवस मनाया जाता है, जिसकी शुरुआत वर्ष 2002 में अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन ने बच्चों को मजदूरी से मुक्त कराने और उनके बचपन को सुरक्षित करने के उद्देश्य से की थी। वर्ष 2025 में इस दिवस की थीम है प्रगति स्पष्ट है लेकिन अभी और काम किया जाना बाकी है- आइए प्रयासों में तेजी लाएं। यह थीम आज के समय की जमीनी सच्चाई को बखूबी दर्शाती है क्योंकि वैश्विक स्तर पर लाखों बच्चे अब भी उस अंधेरे दलदल में फंसे हैं, जिसे बाल श्रम कहते हैं, जो उनके मौलिक अधिकारों के साथ ही उनके जीवन की संभावनाओं को भी निगल रहा है। बाल श्रम कोई सरल या सतही समस्या नहीं है। यह उस गंभीर सामाजिक विडंबना का परिणाम है, जिसमें समाज, सरकार, उद्योग और व्यक्तिगत स्वार्थ की जटिलताएं आपस में उलझी हुई हैं। किसी भी बच्चे को उसकी इच्छा के विरुद्ध काम पर लगाना, उसे शिक्षा, स्वास्थ्य और खेल जैसी मूलभूत चीजों से दूर करना, सीधा-सीधा उसके मौलिक अधिकारों का उल्लंघन है। भारतीय संविधान का अनुच्छेद-24 यह स्पष्ट करता है कि 14 वर्ष से कम आयु के किसी भी बच्चे को किसी कारखाने, खदान या अन्य खतरनाक कार्यस्थल पर नियोजित नहीं किया जाएगा। इसके बावजूद छोटे-छोटे ढाबों, चाय की दुकानों, ईंट भट्टों, कालीन बुनाई केंद्रों, बीड़ी, कांच, पटाखा और चूड़ी उद्योगों में काम करते मासूम बच्चों को देखना एक आम दृश्य है। बाल श्रम की वैश्विक स्थिति को देखें तो आईएलओ और यूनिसेफ की 2023 की संयुक्त रिपोर्ट के अनुसार, वर्तमान में दुनिया भर में लगभग 16 करोड़ बच्चे बाल श्रमिक हैं, जिनमें से लगभग 8 करोड़ बच्चे खतरनाक श्रम कार्यों में लगे हुए हैं। यह आंकड़ा दर्शाता है कि हर 10 में से एक बच्चा अपने बचपन के बजाय किसी मजदूरी की जगह पर खड़ा है। इन 16 करोड़ बच्चों में से एशिया और प्रशांत क्षेत्र में लगभग 4.9 करोड़, अफ्रीका में लगभग 8.6 करोड़, लैटिन अमेरिका और कैरिबियन में 1.1 करोड़ बच्चे इस समस्या से पीड़ित हैं। इस समय सर्वाधिक गंभीर स्थिति उप-सहारा अफ्रीका की है, जहां प्रत्येक दसवां बच्चा श्रमिक है। भारत की स्थिति भी चिंताजनक है। भारत सरकार के श्रम मंत्रालय और सामाजिक न्याय मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, 2023 तक भारत में 5 से 14 वर्ष की आयु के लगभग 1.01 करोड़ बच्चे बाल श्रमिक हैं। हालांकि पिछले दो दशकों में शिक्षा के प्रचार, सरकारी योजनाओं और गैर-सरकारी संगठनों की मेहनत से बाल श्रमिकों की संख्या में गिरावट आई है, लेकिन शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में छोटे उद्योगों, घरेलू कामों और खेती-बाड़ी जैसे असंगठित क्षेत्रों में इनकी उपस्थिति अब भी भारी है। महामारी के बाद की परिस्थितियों में बाल श्रम का पुनरुत्थान देखने को मिला है। कोविड-19 के कारण परिवारों की आर्थिक स्थिति खराब होने से कई बच्चों को पढ़ाई छोड़कर काम पर जाना पड़ा।

भारत के कई हिस्सों में बच्चों को आज भी पढ़ाई और खेल के बजाय दिनभर मजदूरी में झोंक दिया जाता है। कभी वे सड़क किनारे भीख मांगते, कचरा बीनते, जूते पॉलिश करते या कारखानों में सस्ते श्रमिक की तरह इस्तेमाल किए जाते हैं। बाल श्रम बच्चों को न केवल शिक्षा के अधिकार से वंचित करता है, बल्कि उन्हें शारीरिक, मानसिक और सामाजिक स्तर पर भी हानि पहुंचाता है। अस्वच्छ और खतरनाक वातावरण में काम करने के कारण बच्चों को सांस की बीमारी, अस्थमा, त्वचा रोग, टीबी, रीढ़ की हड्डी के विकार और कैंसर तक हो सकता है। साथ ही लंबे समय तक पोषण की कमी और शारीरिक शोषण के कारण वे उम्र से पहले बूढ़े दिखने लगते हैं और मानसिक रूप से भी अवसाद, डर, हीनता ग्रंथि और अपराध की दुनिया की ओर प्रवृत्त हो सकते हैं। यह समस्या सिर्फ मानवीय संकट नहीं है, यह आर्थिक और सामाजिक विकास में भी बाधा है। एक समाज का भविष्य उसकी युवा पीढ़ी पर निर्भर करता है। यदि वह पीढ़ी शिक्षा के बजाय बचपन में ही मजदूरी करने लग जाए तो न केवल उसका जीवन अंधकारमय हो जाता है बल्कि पूरे राष्ट्र की प्रगति भी अवरुद्ध हो जाती है। मानव संसाधन की क्षति, उत्पादकता में गिरावट और सामाजिक असमानता जैसे दुष्परिणाम सामने आते हैं।

बाल श्रम के पीछे अनेक कारण हैं लेकिन गरीबी इसकी सबसे मजबूत जड़ है। जब एक परिवार अपनी बुनियादी आवश्यकताओं भोजन, पानी, दवा और शिक्षा को पूरा नहीं कर पाता तो बच्चे को स्कूल भेजने के बजाय काम पर भेज देना मजबूरी बन जाती है। इसके अलावा निरक्षरता, कुपोषण, किसी सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक पहुंच का अभाव, बाल तस्करी और अज्ञानता भी बाल श्रम के प्रमुख कारक हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में अभिभावकों को यह तक पता नहीं होता कि उनके बच्चे को मजदूरी पर लगाना कानूनी अपराध है और संविधान उनके बच्चे को शिक्षा और सुरक्षित बचपन का अधिकार देता है। बाल श्रम को रोकने के लिए भारत में बाल श्रम (निषेध और विनियमन) अधिनियम 1986 बनाया गया था, जिसे 2016 में संशोधित कर और कठोर किया गया। इस संशोधन में 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के किसी भी कार्य में नियोजन पर पूर्ण प्रतिबंध है, साथ ही 14-18 वर्ष के किशोरों को खतरनाक उद्योगों में काम पर लगाने पर भी रोक लगाई गई है। इसके बावजूद इस कानून की प्रभावशीलता संदिग्ध बनी हुई है क्योंकि निगरानी, प्रवर्तन और सजा की प्रक्रियाएं अपेक्षाकृत कमजोर हैं। कई बार बच्चा परिवार की मदद के नाम पर घरेलू उद्योगों में कार्य करता रहता है और कानून इसकी सही से व्याख्या नहीं कर पाता। बाल श्रम से जुड़ी एक बड़ी विडंबना यह भी है कि कई बार इन्हें बचाने वाले कानून ही इनके अधिकारों की राह में बाधा बन जाते हैं। उदाहरण के तौर पर जब कानून में यह प्रावधान है कि बच्चा पारिवारिक काम कर सकता है तो इसका फायदा उठाकर बाल मजदूरी को पारिवारिक रोजगार बताकर उसे वैध ठहराने की कोशिश की जाती है। इसके अलावा असंगठित क्षेत्रों में, जहां निरीक्षण की व्यवस्था नहीं है, वहां तो स्थिति और भी भयावह होती है। भारत सरकार ने राष्ट्रीय बाल श्रम परियोजना जैसी योजनाएं भी चलाई हैं, जिनका उद्देश्य 9 से 14 वर्ष की आयु के बाल श्रमिकों को बचाकर उन्हें विशेष विद्यालयों में दाखिल कराना और उन्हें पुनर्वास सहायता देना है, लेकिन इन योजनाओं का कार्यान्वयन और जमीनी असर आज भी सीमित और असमान है। कई जिलों में इनकी उपस्थिति नहीं है और जहां है भी, वहां संसाधनों और प्रशिक्षित मानवबल की कमी है। यदि भारत को सच में बाल श्रम मुक्त बनाना है तो केवल कानून बनाना या कुछ योजनाएं शुरू करना पर्याप्त नहीं होगा। इसके लिए व्यापक सामाजिक बदलाव की आवश्यकता है। सबसे पहले तो सरकार को शिक्षा, स्वास्थ्य और पोषण जैसे मूलभूत क्षेत्रों में निवेश बढ़ाना होगा ताकि गरीब परिवार अपने बच्चों को स्कूल भेजने में सक्षम बनें। साथ ही कौशल विकास कार्यक्रमों को मजबूत बनाकर युवाओं को रोजगार योग्य बनाना होगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# दुनियाभर में दखल दे रहे अमेरिका के अपने 25 शहरों में प्रदर्शन




## लॉस एंजिलिस में शाम 6 बजे के बाद कर्फ्यू

**लॉस एंजिलिस।** अमेरिका के लॉस एंजिलिस में 5 दिनों से जारी प्रदर्शन के कारण शाम 6 बजे के बाद कर्फ्यू लगा दिया गया है। लॉस एंजिलिस की मेयर कैरन बैस ने इमरजेंसी की घोषणा की है। न्यूयार्क टाइम्स के मुताबिक अवैध अप्रवासियों को बाहर निकालने के फैसले के खिलाफ हो रहा प्रदर्शन अमेरिका के 12 राज्यों के 25 शहरों तक फैल चुका है।

सैन फ्रांसिस्को, डलॉस, आस्टिन, टेक्सास और न्यूयार्क जैसे शहरों में भी प्रदर्शन हो रहे हैं। हालात पर काबू पाने के लिए ट्रम्प ने लॉस एंजिलिस में 4 हजार नेशनल गार्ड के अलावा 700 मरीन कमांडो को भी तैनात कर दिया है। उन्होंने कहा कि हालात खराब हो रहे हैं। जरूरत पड़ने पर वे पूरी ताकत से निपटेंगे। वहीं, सोमवार-मंगलवार को लॉस एंजिलिस

### ट्रम्प बोले: सुरक्षाबल पूरी ताकत से निपटेंगे, जरूरत पड़ने पर सैन्य बल का इस्तेमाल करूंगा

पुलिस ने करीब 1100 से ज्यादा प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार किया। लॉस एंजिलिस में अवैध प्रवासियों के खिलाफ चल रही कार्रवाई के विरोध में चोरी और लूटपाट की घटनाएं भी सामने आई हैं। मंगलवार को नकाबपोश दंगाइयों ने एक माल में स्थित जारा स्टोर में तोड़फोड़ और लूटपाट की। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में लोग जारा स्टोर के दरवाजे तोड़कर अंदर घुसते और सामान लूटते दिखे। एक अन्य वीडियो में कुछ उपद्रवी एडिडास स्टोर, फार्मेसियां, मारिजुआना दुकानें और ज्वेलरी शाप्स में भी तोड़फोड़ करते दिख रहे हैं। लॉस एंजिलिस पुलिस डिपार्टमेंट के अधिकारी क्रिस मिलर ने बताया-एक महिला को एपल स्टोर में चोरी करते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने चेतावनी दी है कि अगर लॉस एंजिलिस में हिंसा जारी रही तो वे पूरे शहर में विद्रोह कानून लागू कर सकते हैं। यह कानून सरकार को हिंसा रोकने के लिए सैन्य बल का इस्तेमाल करने की इजाजत देता है। पिछले 2 दिन से हालात बेहद बिगड़ रहे हैं, अगर बगावत हुई तो मैं जरूर विद्रोह कानून लागू करूंगा। वहीं, अमेरिकी राष्ट्रपति ने 14 जून को वाशिंगटन डीसी में होने वाली आर्मी परेड के दौरान प्रदर्शन को लेकर भी चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि अगर कोई प्रदर्शन करता है तो उसे सेना का सामना करना पड़ेगा। 14 जून को अमेरिकी सेना की 250वीं वर्षगांठ और ट्रम्प का 79वां जन्मदिन भी है। इस हिंसा में अब तक दो लोगों की मौत हा

# ट्रम्प ने गाजा जंग खत्म करने को कहा

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से मंगलवार को फोन पर बातचीत की। इस दौरान ट्रम्प ने नेतन्याहू से गाजा में जंग को खत्म करने के लिए कहा है।

इजरायल के चैनल 12 की रिपोर्ट के मुताबिक ट्रम्प ने कहा कि गाजा में सीजफायर और बंधकों की रिहाई तक ही बात नहीं रुकनी चाहिए, बल्कि जंग को पूरी तरह खत्म किया जाए। इसके अलावा ट्रम्प ने ईरान के न्यूक्लियर ठिकानों पर हमला करने को लेकर भी फिलहाल मंजूरी नहीं दी है। रिपोर्ट के मुताबिक ट्रम्प ने यह भी कहा कि जंग रुकने से ईरान और सऊदी अरब के साथ चल रही बातचीत में मदद मिलेगी। साथ ही अमेरिका हमास को भी जंग खत्म करने के लिए गारंटी देने को तैयार है। डोनाल्ड ट्रम्प ने नेतन्याहू से बातचीत में यह साफ किया कि अमेरिका और ईरान के बीच परमाणु डील पर समझौते के लिए कोशिशें जारी हैं। हालांकि, ट्रम्प ईरान के



**■ ईरान के न्यूक्लियर ठिकानों पर हमले को मंजूरी नहीं, बातचीत जारी रखना चाहते हैं ट्रम्प**

हालिया प्रस्ताव से सहमति नहीं है। उन्होंने कहा कि फिर भी बातचीत के दरवाजे बंद नहीं हुए हैं। इसके जवाब में नेतन्याहू ने कहा कि ईरान पर हमेशा सैन्य दबाव बना रहना चाहिए। हालांकि, ट्रम्प ने फिर भी ईरान पर सैन्य हमले को टालने पर जोर दिया। इस पर नेतन्याहू ने जवाब दिया कि ईरान पर हमेशा एक विश्वसनीय सैन्य दबाव बना रहना चाहिए। लेकिन ट्रम्प ने दोबारा दोहराया कि बातचीत के दौरान सैन्य हमले की संभावना को टाल देना चाहिए।

# बिलावल का दावा: अबकी बार ट्रम्प भी नहीं रोक पाएंगे भारत-पाक जंग

## कहा: पाक में 2025 सबसे खूनी साल हो सकता है, भारत को जलयुद्ध की धमकी भी दी

**वाशिंगटन।** पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो ने आशंका जताई कि अगर भारत और पाकिस्तान के बीच फिर से युद्ध छिड़ा तो अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के पास इसे रोकने के लिए वक्त नहीं होगा। उन्होंने वाशिंगटन डीसी में मिडिल ईस्ट इंस्टीटयूट में यह बात कही।

बिलावल ने भारत पर बलूचिस्तान में दखलंदाजी और बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) और तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) जैसे संगठनों को सपोर्ट देने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा-क्या हर आतंकी हमले के बाद भारत के साथ युद्ध छेड़ देना चाहिए? पाकिस्तान शांति चाहता है, जो दोनों देशों के हित में है। बिलावल ने कहा कि इस साल पाकिस्तान में आतंकवाद बढ़ा है। अगर हिंसा इसी तरह जारी रही, तो 2025 सबसे खूनी साल हो सकता है। बिलावल ने कहा कि कश्मीर मुद्दे का हल किए बिना स्थाई शांति संभव नहीं



**■ अगर हिंसा इसी तरह जारी रही तो 2025 सबसे खूनी साल हो सकता है: पूर्व विदेश मंत्री**

है। उन्होंने पानी विवाद को भी उठाया और चेतावनी दी कि अगर भारत ने पाकिस्तान का पानी रोका, तो यह जल युद्ध की वजह बन सकता है। उन्होंने कहा: चाहे देश छोटा हो या बड़ा, वह पानी और अपनी जिंदगी के लिए लड़ेगा। भारत ने 22 अप्रैल को पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान के साथ सिंधु जल संधि स्थगित कर दी है। पाकिस्तान की 80 प्रतिशत खेती इसी नदी पर निर्भर है। सिंधु नदी को पाकिस्तान की लाइफलाइन कहा जाता है। बिलावल ने भारत पर संयुक्त राष्ट्र चार्टर तोड़ने करने का आरोप लगाया। उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका ने कश्मीर को ग्लोबल मुद्दा माना है, न कि भारत का आंतरिक मामला। बिलावल ने भारत से बातचीत की अपील की और कहा कि भारत को पाकिस्तान से कई शिकायतें हो सकती हैं, लेकिन बातचीत बंद करने से समस्याएं हल नहीं होंगी। बिलावल ने दावा किया कि अमेरिका के अफगानिस्तान से अचानक हटने और वहां छोड़े गए हथियारों की वजह से पाकिस्तान की मुश्किलें बढ़ गई हैं। उन्होंने कहा: हम आतंकवाद, अफगानिस्तान और अन्य मुद्दों पर बात करते हैं।

# लॉस एंजिल्स में घायल पत्रकार को सहायता की पेशकश

**कैनबरा।** ऑस्ट्रेलिया की सरकार ने अमेरिका के लॉस एंजिल्स में विरोध प्रदर्शनों को कवर करते समय रबर की गोली से घायल हुए एक टेलीविजन न्यूज चैनल के रिपोर्टर को सहायता प्रदान करने की पेशकश की है। ऑस्ट्रेलिया के विदेश मंत्री पेनी वोंग ने बुधवार को कहा कि सरकार ने लॉस एंजिल्स में महावाणिज्य दूतावास के माध्यम से रिपोर्टर लॉरेन टोमासी से संपर्क किया है और उन्हें प्रदान करने के लिए की पेशकश की है। गौरतलब है कि ऑस्ट्रेलिया के नाइन नेटवर्क न्यूज़ के लिए संवाददाता टोमासी रविवार को स्थानीय समयानुसार लॉस एंजिल्स में विरोध प्रदर्शनों को कवर करते समय घायल हो गई थीं। पुलिस अधिकारी द्वारा चलाई गई रबर की गोली से उनके पैर में गोली लग गई थी। उन्होंने बुधवार को नाइन नेटवर्क टेलीविजन को बताया कि घटना की तस्वीरें 'वास्तव में भयानक' है।

# बांग्लादेश में टैगोर के पैतृक आवास पर कट्टरपंथियों का हमला

## उपद्रवियों ने तोड़फोड़ की, पुलिस ने कार्रवाई नहीं की

**ढाका।** बांग्लादेश के सिराजगंज में मंगलवार को कट्टरपंथियों की भीड़ ने गुरुदेव रबिन्द्रनाथ टैगोर के पैतृक आवास पर हमला कर दिया। कचहरी घर के नाम से मशहूर टैगोर के पैतृक आवास में जमकर तोड़फोड़ की।

जमात-ए-इस्लामी और हिफाजत-ए-इस्लाम के कट्टरपंथियों की भीड़ ने टैगोर के विरोध में नारे भी लगाए। सूचना मिलने के बाद शहजादपुर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन आरोपियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई। थाना प्रभारी असलम अली का कहना है कि फिलहाल मामले की पड़ताल की जा रही। अभी एफआईआर दर्ज नहीं की गई है। काफी देर तक चले

**■ काफी देर तक चले हंगामे के बाद पुलिस लौट गई, लेकिन शाम तक कट्टरपंथी मौके पर जमा रहे**

हंगामे के बाद पुलिस लौट गई, लेकिन शाम तक कट्टरपंथी मौके पर जमा रहे। बात दें कि राजधानी ढाका से लगभग 125 किमी की दूरी पर स्थित गुरुदेव टैगोर के इस दो मंजिला पैतृक आवास को म्यूजियम का दर्जा दिया गया है। गुरुदेव रबिन्द्रनाथ टैगोर के दादा द्वारकानाथ टैगोर ने इस कचहरी घर का निर्माण 1840 में कराया था। 1979 में बांग्लादेश के पुरातत्व विभाग ने इसे संरक्षित इमारत का दर्जा दिया था। कट्टरपंथियों ने तोड़फोड़ करने की साजिश पहले से रची थी सूत्रों के अनुसार, कट्टरपंथियों ने आरोप लगाया कि मंगलवार को म्यूजियम के निदेशक सिराजुल इस्लाम ने एक व्यक्ति को बंधक बनाकर मारपीट की। जबकि इस्लाम ने ऐसी किसी भी घटना से इनकार किया है।

पुलिस जांच में भी किसी को भी म्यूजियम में बंधक बनाए जाने की बात सामने नहीं आई। लेकिन देखते ही देखते कट्टरपंथियों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। बताया जाता है कि कट्टरपंथियों ने कचहरी घर में तोड़फोड़ करने की साजिश दो-तीन दिन से रची हुई थी। इसलिए भीड़ मौके पर जमा हो गई।



हैदराबाद। आयोग के समक्ष पेश होने के लिए बीआरके भवन पहुंचे तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव व न्यायमूर्ति पी.सी. घोष।

# ऑस्ट्रेलिया में चाकू से लैस किशोरी को पुलिस ने मारी गोली

**सिडनी।** उत्तरी ऑस्ट्रेलिया में चाकू से लैस होकर धमकी देने वाली एक किशोरी को मंगलवार को पुलिस ने गोली मार दी। यह घटना मंगलवार को स्थानीय समयानुसार शाम 5:30 बजे के आसपास, क्वींसलैंड राज्य के ब्रिसबेन से 1000 किलोमीटर उत्तर-पश्चिम स्थित टाउन्सविले में हुई, जहां एक होटल में एक 17 वर्षीय लड़की के चाकू से लैस होने और धमकी देने की सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची। बुधवार को पुलिस ने एक बयान में कहा कि अदालत में यह आरोप लगाया जाएगा कि लड़की अधिकारियों पर हमला करने के लिए आगे बढ़ी जिसके बाद उसके पेट में गोली मारी गई। अधिकारियों ने उसका तुरंत प्राथमिक उपचार करवाया और उसे इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल ले जाया गया।

# टेस्ला चीफ मस्क ने ट्रम्प से मांगी माफी

**वाशिंगटन।** टेस्ला चीफ एलन मस्क ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से माफी मांग ली है। उन्होंने बुधवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में अपनी गलती मानी है। मस्क ने इसे लेकर एक्स पर एक पोस्ट किया है। मस्क ने पिछले कुछ पोस्ट में उन्होंने ट्रम्प के बयानों और नीतियों का समर्थन भी किया है।

उन्होंने लास एंजिलिस में अवैध अप्रवासियों पर हुई छापेमारी को लेकर खुशी भी जताई। इससे पहले एक इंटरव्यू में जब अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रम्प से मस्क को लेकर सवाल पूछा गया था, तो उन्होंने बेहद शांत लहजे में जवाब दिया। ट्रम्प ने कहा हमारे बीच अच्छे संबंध थे और मैं बस उनके अच्छे होने की कामना करता हूं। ट्रम्प का यह बयान सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था। इससे ही जुड़े एक वीडियो पर एलन मस्क

**■ कहा: पोस्ट में कुछ ज्यादा ही बोल गया, सात जून को राष्ट्रपति बोले थे एलन से रिश्ता खत्म**

ने 'रेड हार्ट' इमोजी कमेंट किया था। इसके बाद से कयास लगाए जा रहे थे कि ट्रम्प और मस्क के बीच रिश्ता बेहतर होने लगा है। मस्क पहले ट्रम्प के खिलाफ की गई अपनी कुछ पुरानी पोस्ट हटा चुके हैं। उन पोस्ट में ट्रम्प का रिश्ता एक यौन अपराधी एप्स्टीन से जोड़ा गया था। इसके अलावा ट्रम्प के महाभियोग की भी मांग की थी। इससे पहले डोनाल्ड ट्रम्प ने 7 जून को कहा था कि उनका एलन मस्क के साथ रिश्ता खत्म हो गया है। एनबीसी न्यूज से बात करते हुए ट्रम्प ने मस्क को चेतावनी दी थी कि अगर विपक्षी डेमोक्रेट्स का साथ दिया तो गंभीर नतीजे भुगतने पड़ेंगे। ट्रम्प और मस्क 'बिग ब्यूटीफुल बिल' को लेकर आमने-सामने आ गए थे। ट्रम्प इस बिल के समर्थन में हैं, जबकि मस्क खिलाफ। यह बिल हाउस आफ रिप्रेजेंटेटिव्स में 22 मई को सिर्फ 1 वोट के अंतर से पास हो चुका है। इसके समर्थन में 215 और विरोध में 214 वोट मिले थे। अब यह सीनेट में विचाराधीन है, जहां इसे 4 जुलाई 2025 तक पास किया जाना है।

मस्क अब ट्रम्प के इस विधेयक के रास्ते में बड़ी रुकावट बनते दिख रहे हैं। ट्रम्प का दावा है कि यह 'देशभक्ति से भरा हुआ' कानून है।



# चीन के बाद ताइवान ने भारतीय नेवी को शुक्रिया कहा

**ताइवान।** ताइवान सरकार ने सिंगापुर के कंटेनर जहाज हुए हादसे के बाद मदद करने के लिए इंडियन नेवी और कोस्टल गार्ड का आभार जताया है।

ताइवान इन इंडिया ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा: ताइवान सरकार इंडियन नेवी और कोस्टल गार्ड के तेजी से किए गए बचाव कार्य के लिए आभारी है। हम लापता के सदस्यों की सुरक्षित वापसी और घायलों के जल्दी ठीक होने की कामना करते हैं। दरअसल, अरब सागर में केरल के कोच्चि के पास लगभग 44 नाटिकल मील दूर एक कंटेनर जहाज 503 में 9 जून को विस्फोट के बाद भीषण आग लग गई थी। आग तेजी से फैली जिसके बाद जहाज में और भी कई

**■ अरब सागर में जलते जहाज से 18 क्रू मेंबर को रेस्क्यू किया था**

विस्फोट हुए, जिससे यह डूबने की कगार पर पहुंच गया था। ये जहाज श्रीलंका के कोलंबो से मुंबई के न्हावा शेवा बंदरगाह की ओर जा रहा था। 10 जून को वहां पहुंचने वाला था। इस जहाज में जहाज में लगभग 650 कंटेनर थे जिनमें 2000 टन तेल और 240 टन डीजल था। भारतीय नौसेना को शिप के हादसे की जानकारी 9 जून को सुबह 9:30 बजे मिली। इसके रेस्क्यू आपरेशन में लगभग 7 घंटे का समय लगा। खराब मौसम के कारण इसके रेस्क्यू में काफी दिक्कतें आईं।

# यूक्रेन के रक्षा बजट में कटौती करेगा अमेरिका

**■ यह प्रशासन यूक्रेन संघर्ष के बारे में बहुत अलग दृष्टिकोण रखता है**

**वाशिंगटन।** अमेरिका के रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने कहा है कि मौजूदा अमेरिकी प्रशासन अगले साल यूक्रेन के लिए अपने सैन्य बजट में कटौती करेगा। हेगसेथ ने अमेरिकी प्रतिनिधि सभा की रक्षा उपसमिति के समक्ष एक सुनवाई के दौरान यह जानकारी दी।

रक्षा मंत्री ने सांसदों से कहा कि यह आगामी रक्षा बजट में कटौती है। यह प्रशासन यूक्रेन संघर्ष के बारे में बहुत अलग दृष्टिकोण रखता है। हमारा मानना है कि कई वैश्विक चुनौतियों को देखते हुए बातचीत के माध्यम से एक शांतिपूर्ण समाधान दोनों पक्षों और हमारे देश के हित में भी होगा। अमेरिकी मीडिया रिपोर्टों के अनुसार फरवरी 2022 में रूस और यूक्रेन के बीच संघर्ष शुरू होने के बाद से अब तक अमेरिका ने यूक्रेन को 66 अरब डॉलर से अधिक की सहायता दी




है। पूर्व में जो बाइडन प्रशासन के तहत स्वीकृत और अनुमोदित बजट के तहत अमेरिका ने यूक्रेन को लगातार हथियार प्रदान करना जारी रखा है, लेकिन ट्रम्प प्रशासन ने यूक्रेन के लिए किसी भी नई सहायता की घोषणा नहीं की है। उन्होंने कहा कि हमारा मानना है कि बातचीत के ज़रिये शांतिपूर्ण समाधान दोनों पक्षों और हमारे देश के हितों के लिए सबसे अच्छा है।

# इक्वाडोर में आठ लोगों की गोली मारकर हत्या

**क्विटो।** इक्वाडोर के दक्षिण-पश्चिमी तटीय शहर गुआयाकिल में आठ लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। यह हमला गुआयाकिल के पास क्वालेस इलाके में डौले राजमार्ग के निकट हुआ। पुलिस ने एक बयान में कहा कि इस हमले में आठ लोगों की मौत हो गई।

हमलावरों को पकड़ने के लिए सुरक्षाकर्मियों को तैनात किया गया है। पुलिस को संदेह है कि यह हमला सप्ताहांत में चार असॉल्ट राइफलों की हाल ही में जब्ती से जुड़ा हो सकता है। स्थानीय मीडिया के मुताबिक हमला सुबह तब हुआ, जब पेका क्षेत्र और एक नगरपालिका बाजार

**■ हमलावरों को पकड़ने के लिए सुरक्षाकर्मियों को तैनात किया गया**

के पास स्थानीय लोग अपने दिन की शुरुआत कर रहे थे। रिपोर्ट के अनुसार मारे गए लोगों में पांच मोटरसाइकिल टैक्सी चालक थे। इक्वाडोर के सबसे खतरनाक शहरों में से एक गुआयाकिल में हाल के दिनों में कई घातक हमले हुए हैं। बैस्टियन पॉपुलर के एक घर में रविवार को चार लोगों की हत्या कर दी गई। इसके अलावा, सोमवार को मुचो लोटे इलाके में अपने बच्चों को स्कूल छोड़ने के बाद एक विवाहित जोड़े की गोली मारकर हत्या कर दी गई।